


भारतीय वायुसेना की 'बड़ी कामयाबी'

# पहली बार रात में कारगिल एयरस्ट्रिप पर लैंड कराया गया हर्क्यूलस विमान

इस दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया

टेरेन मास्किंग सेना की एक रणनीति है जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ियों में किया जाता है।

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल शहर में वायुसेना ने रात के वक्त कारगिल एयरस्ट्रिप पर सी-130जे सुपर हर्क्यूलस विमान को लैंड करवाया है, जिसे एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि पहली बार वायुसेना के सी-130जे एयरक्राफ्ट ने कारगिल एयरस्ट्रिप पर रात के समय लैंडिंग की है। इस अभ्यास के दौरान टेरेन मास्किंग का काम करते हुए गरुड़ कमांडो को भी तैनात किया गया। दरअसल, टेरेन मास्किंग सेना की एक रणनीति है जिसका इस्तेमाल दुश्मन के रडार से बचने के लिए पहाड़ियों में किया जाता है।



**पिछली बार सूडान में रात्रि मिशन में इस विमान का किया था उपयोग**

पिछले साल भारतीय वायुसेना ने सूडान में एक साहसी रात्रि मिशन के लिए भी इस विमान का उपयोग किया था। 8,800 फीट से अधिक की ऊंचाई पर चुनौतीपूर्ण हिमालयी इलाके के बीच स्थित कारगिल हवाई पट्टी पायलटों के लिए अलग बड़ी चुनौती की तरह रही है।






उज्जैन में 'देश की पहली' हेल्दी एंड हाइजेनिक फूड स्ट्रीट का लोकार्पण

# महाकाल में श्रद्धालुओं को परिसर में ही प्रसादम के माध्यम से मिलेगा हेल्दी फूड

### सीएम यादव ने कहा कि लोगों को 'अच्छा स्वास्थ्य' देना राज्य सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को इस परिसर में 'प्रसादम' के माध्यम से हेल्दी फूड मिलेगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे आहार के विचार को क्रियान्वित किया जा रहा है। जन-स्वास्थ्य रक्षा सरकार की प्राथमिकता है।

इस नाते गत कुछ सप्ताह में खुले में खाद्यान्न सामग्री बेचने और अस्वच्छ तरीके से मांसाहार के विक्रय पर अंकुश के लिए 25 हजार से अधिक दोषी लोगों को दंडित किया गया है। लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में फूड स्ट्रीट प्रसादम एवं स्वास्थ्य संस्थाओं के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने संयुक्त रूप से उज्जैन में फूड स्ट्रीट (प्रसादम) का उद्घाटन किया। यह देश की पहली हेल्दी एंड हाइजैनिक फूड स्ट्रीट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज के लिए संकल्पबद्ध है।

**अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में होगा मेडिकल कॉलेज**



मुख्यमंत्री यादव एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने संयुक्त रूप से उज्जैन में फूड स्ट्रीट (प्रसादम) का उद्घाटन किया

प्रसादम के तहत श्रद्धालुओं और पर्यटकों को 900 वर्ग फीट क्षेत्र में ईट राइट इंडिया के तहत स्ट्रीट फूड उपलब्ध करवाया गया

### केंद्रीय मंत्री मांडविया ने कहा...

**देश के अन्य नगरों में भी प्रारंभ होंगी ऐसी फूड स्ट्रीट**

केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि महाकाल के पवित्र स्थान पर फूड स्ट्रीट का शुभारंभ हो रहा है। यह फूड स्ट्रीट यात्रियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आयुष्मान भारत, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के माध्यम से स्वास्थ्य संरचना को मजबूत बनाने की ठोस पहल की है। उन्होंने कहा कि मप्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक आर्थिक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। मांडविया ने कहा कि आज भारत सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रत्येक जिले को 100 करोड़ रुपए की राशि प्रदान कर रही है। नए भारत का निर्माण हो रहा है।

**सुविधाएं बढ़ाने के लिए भी धन की कोई कमी नहीं: उपमुख्यमंत्री शुक्ला**

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि महाकाल लोक परिसर के विकास के बाद प्रतिदिन एक से डेढ़ लाख लोग आ रहे हैं। शनिवार और रविवार में इनकी संख्या 3 और 4 लाख तक पहुंच जाती है। मप्र में स्वास्थ्य केंद्रों के लिए भारत सरकार से वित्तीय सहायता मिल रही है। जिला अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए भी धन की कोई कमी नहीं है।

## ओडीएफ स्टार रेटिंग के परिणामों की घोषणा

**भोपाल।** केंद्रीय आवास व शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की अधिकृत घोषणा कर दी गईं। इंदौर, भोपाल, महू कैंट, अमरकंटक, नौरोजाबाद व बुधनी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। शनिवार देर रात ओडीएफ और कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग के परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। मप्र को सम्मान मिलेगा। इन परिणामों के अनुसार मध्यप्रदेश के शहरों ने एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल है।

## संसद रत्न के लिए चुने गए मंदसौर के सांसद सुधीर गुप्ता समेत पांच सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल/नई दिल्ली

मंदसौर से भाजपा सांसद सुधीर गुप्ता सहित पांच लोकसभा सदस्यों को इस साल संसद रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसके आयोजकों ने रविवार को यह घोषणा की। संसद रत्न पाने वालों में भाजपा के सुकांत मजूमदार, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, राकांपा के अमोल रामसिंग कोल्हे और कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा शामिल हैं, जिन्हें 17 फरवरी को राष्ट्रीय राजधानी में एक समारोह में दिए जाने वाले पुरस्कारों के लिए चुना गया है। चेन्नई स्थित गैर-लाभकारी चैरिटेबल ट्रस्ट प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के आग्रह पर इन सम्मानों की स्थापना की। जिन्होंने खुद 2010 में चेन्नई में पहले पुरस्कार समारोह का उद्घाटन किया था।

■ 17 फरवरी को दिया जाएगा सम्मान

**संसद रत्न :** प्रतिवर्ष शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सांसदों को उनके प्रदर्शन के आधार पर

**सांसद महा रत्न :** लोकसभा के कार्यकाल के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता के लिए पांच साल में एक बार



सुधीर गुप्ता



श्रीकांत शिंदे



अमोल रामसिंग



सुकांत मजूमदार




# अवैध बालगृह संचालक अनिल मैथ्यू गिरफ्तार

### धर्म विशेष की प्रार्थना करने बनाते थे दबाव, बच्चियों के बयान में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

परवलिया सड़क थाना क्षेत्र स्थित ग्राम तारा सेवनियां में अवैध रूप से बालगृह चलाने वाले संचालक अनिल मैथ्यू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया।




अनिल मैथ्यू

गत दिनों राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और अन्य अधिकारियों ने बालगृह का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान पता चला कि बालगृह अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इस मामले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी की रिपोर्ट पर संचालक के खिलाफ जेजे एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के बाद 3/5 धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं का इजाफा किया गया। जानकारी के अनुसार रामगोपाल यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास द्वारा एक शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया कि राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और अन्य अधिकारियों ने 4 जनवरी को ग्राम तारासेवनिया में संचालित आंचल बालगृह का औचक निरीक्षण किया था। यह संस्था नियम विरुद्ध और अवैध रूप से संचालित पाई गई थी।

> प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी संचालक अनिल मैथ्यू को अप्सरा टावर, थाना अशोका गार्डन गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया।
>
> **प्रमोद कुमार सिन्हा**, एसपी देहात





# जम्मू-कश्मीर में टूटा 77 साल का रिकॉर्ड एक साल में पहुंचे दो करोड़ पर्यटक

## 'भारत का ताज' पर टूरिस्ट्स को नाज

एजेंसी ▶▶ जम्मू

भारत का ताज कहा जाने वाला जम्मू-कश्मीर अब आतंकवाद की दहशतगर्दी से आजाद होता जा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और अनुच्छेद 35 ए के हटाए जाने और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो अलग राज्य बनाए जाने के बाद से ही कश्मीर का टूरिज्म रफ्तार पकड़ रहा है। बता दें कि 2023 में 77 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश भर से दो करोड़ पर्यटक 2023 में जम्मू-कश्मीर घूमने आए। इसके साथ ही सरकार की तरफ से दी जा रही मदद के कारण पिछले साल यहां 100 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हुई।

### आकर्षण का नया युग

प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि ल फिगारो की रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि यह जम्मू-कश्मीर के संघर्षग्रस्त अतीत से एक समृद्ध वर्तमान तक की यात्रा को खूबसूरती से दर्शाती है। भूले हुए स्वर्ग को विश्व मंच पर अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के रूप में चित्रित किया गया है, जो जादू और आकर्षण के एक नए युग का प्रतीक है।

### 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने एक रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए कहा कि 2023 में 77 साल का रिकॉर्ड तोड़ते हुए देशभर से दो करोड़ पर्यटक 2023 में जम्मू-कश्मीर घूमने आए। राज्य में 100 से ज्यादा छोटी-बड़ी फिल्में शूट की गई। प्रसिद्ध फ्रांसीसी समाचार पत्र ल फिगारो ने कश्मीर के उभरते आकर्षण पर एक रिपोर्ट पेश की है। इसमें इसे दशकों के संघर्ष के बाद विदेशी यात्रियों के लिए खुलने वाला एक भूला हुआ स्वर्ग बताया गया है। बेरेनिस डेब्रास ने तलहटी में शांति के स्वर्ग के रूप में चित्रित किया है।



इस समय बर्फबारी का लुत्फ भी पर्यटक उठा रहे हैं।



पर्यटक गार्डन को भी नजदीक से निहारने की चाहत रखते हैं।

## खबर संक्षेप

### खराब मौसम के कारण नड्डा का जम्मू दौरा रद्द



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रविवार का प्रस्तावित जम्मू दौरा खराब मौसम के कारण रद्द हो गया है। लो विजिबिलिटी के कारण नड्डा का जहाजलैंड नहीं हो सका। इस दौरे को रद्द करने का फैसला किया गया है। नड्डा को 51 फीसदी वोट हासिल करने की जुगत में हैं।

### भरूच लोकसभा से जेल में बंद चैतर आप प्रत्याशी



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले आप सक्रिय नजर आ रही है। दो दिन के लिए गुजरात दौरे पर पहुंचे अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया कि भरूच लोकसभा सीट से चैतर वसावा को पार्टी अपना उम्मीदवार बनाएगी। चैतर फिलहाल जेल में है। केजरीवाल ने कहा कि अगर उन्हें बेल नहीं मिली तो वे जेल से चुनाव लड़ेंगे।

### टीएमसी नेता सत्येन की गोली मारकर हत्या



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही पश्चिम बंगाल में फिर से हिंसा का खूनी खेल शुरू हो गया है। रविवार को दिनदहाड़े एक टीएमसी नेता, जिला महासचिव सत्येन चौधरी की हत्या कर दी गई। घटना मुर्शिदाबाद जिले के बहरामपुर की है। वे कभी अधीर चौधरी के करीबी थे।

### 'धर्म बदल सकते हैं लेकिन पूर्वज नहीं'



**वाराणसी।** वाराणसी में मुस्लिम महिलाओं के कल्याण के लिए काम करने वाला अपना मुस्लिम महिला फाउंडेशन चलाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता नाजनीन अंसारी काफी खुश हैं। इस बीच नजमा हेपतुल्ला ने कहा कि हम धर्म बदल सकते हैं लेकिन पूर्वज नहीं।

### कल्पना बन सकती हैं झारखंड की सीएम



**रांची।** झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। बीते दिनों सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक विधायक ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा दे सकते हैं और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन नई सीएम बन सकती हैं। सोरेन की बहन के बयान ने भी इसे और हवा दे दी है।

## खरगे की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# खत्म-पर्ची खत्म'..! 'जितनी पर्ची लाए थे वे ख़त्म हो गईं'



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में अब कम ही समय रह गया है। सभी दल तैयारियों में व्यस्त हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पीएम मोदी की लक्षद्वीप वाली तस्वीरों पर निशाना साधा है। साथ ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की रूपरेखा बताई। मल्लिकार्जुन ने सभी सवालों के जवाब देने के बाद जैसे ही जाने लगे तो कुछ पत्रकारों के सवाल अधूरी रह गए। जैसे ही जयराम रमेश, खरगे और वेणुगोपाल उठने लगे तो कुछ लोगों की आवाज आई की जयराम जी की पर्ची खत्म हो गई है। इस बीच फिर भी कुछ लोग लगातार सवाल पूछते रहे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूर्व से पश्चिम तक

खरगे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जिक्र करते हुए कहा लोगों तक पहुंचने के लिए हमारी पार्टी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने जा रही है। जो पूर्व से लेकर पश्चिम तक चलेगी। खरगे ने कहा कि हमने लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का संसद के माध्यम से भी प्रयास किया लेकिन अगर संसद में चुप रहो तो दिक्कत और अगर कुछ बोलो तो निष्कासित कर दिया जाता है।

### कांग्रेस-आप के बीच आज सीट शेयरिंग पर होगी बात



लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के तहत सीट शेयरिंग को लेकर अब तमाम विपक्षी पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस और आप के बीच सोमवार को एक अहम बैठक होने वाली है जहां सीट शेयरिंग के मुद्दे पर अहम चर्चा होगी। यह जानकारी कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने दी है। दोनों के बीच दिल्ली और पंजाब में सीट बंटवारे को लेकर खास तौर पर बातचीत होनी है।

## लोकसभा चुनाव 2024 का 13 जनवरी से करेंगे शंखनाद

# बिहार के बेतिया में रैली करके पीएम करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत

भाजपा का विशेष ध्यान 40 सीटों वाले बिहार पर है। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी का बिहार पर ज्यादा ध्यान है। भाजपा की कोशिश ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने पर है, क्योंकि वह अकेले ही लड़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा का विशेष ध्यान 40 सीटों वाले बिहार पर है। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को बिहार के बेतिया में रैली कर अपने चुनावी अभियान का आगाज करेंगे।

भाजपा के अनुसार पीएम मोदी बेतिया शहर के रमन मैदान में रैली करने वाले हैं। यात्रा के दौरान पीएम मोदी कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ये परियोजनाएं सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी हैं। भाजपा की कोशिश है कि बिहार के सभी 40 सीटों पर जीत मिले।

इसके लिए पार्टी पूरी ताकत लगाएगी। जनवरी- फरवरी में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और अन्य भाजपा नेता बिहार में रैलियां करेंगे। इसके बाद वहां के कई शहरों में रैलियां भी आयोजित करने का कार्यक्रम है। ज्ञात हो कि इस बरा जेडीयू- भाजपा का गठबंधन अभी नहीं हुआ है।

### विकास परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन-शिलान्यास

- पीएम मोदी बेतिया शहर के रमन मैदान में रैली करेंगे
- इसके बाद भाजपा के शीर्ष नेता भी यहां जोर लगाएंगे



### 15 जनवरी के बाद करेंगे प्रमुख रैलियां

प्रमुख रैलियां 15 जनवरी के बाद होने की उम्मीद है। उस वक्त चुनाव प्रचार प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे। नरेंद्र मोदी बेगुसराय, बेतिया और औरंगाबाद में रैली करेंगे। अमित शाह सीतामढ़ी, मधेपुरा और नालंदा में सभा कर सकते हैं। जेपी नड्डा बिहार के सीमांचल और पूर्वी क्षेत्र में रैलियां कर सकते हैं।

### बिहार में होगी एनडीए और 'इंडिया' के बीच टक्कर

बिहार में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच चुनावी टक्कर होने वाली है। भाजपा अभी विपक्ष में है। वहीं, जदयू, राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के महागठबंधन की सरकार है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में जदयू, राजद और कांग्रेस शामिल हैं।

**इस बार जेडीयू विपक्षी गठबंधन में शामिल**

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जदयू और भाजपा के बीच गठबंधन था। बिहार के 40 सीटों में से 39 पर इस गठबंधन को जीत मिली थी। इस बार स्थिति अलग है। जदयू राजद, कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथ है। लोकसभा चुनाव 2024 में बड़ी जीत के लिए भाजपा के लिए जरूरी है कि वह बिहार में 2019 जैसी कामयाबी दोहराए। सीएम नीतीश कुमार पूरा दम भाजपा को रोकना है।

#### जयपुर में भाजपा की बैठक

### पीएम मोदी का 'टास्क' पूरा करने का प्रयास

पीएम मोदी ने विधायक, पदाधिकारी और मोर्चा अध्यक्षों के लिए कुछ टास्क दिए हैं। इन टास्क को पूरा करने की दिशा में पार्टी ने काम शुरू कर दिया है। शनिवार को भाजपा कार्यालय पर प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित कुछ चुनिंदा नेताओं के बीच वार्ता हुई। प्रदेशाध्यक्ष, संगठन महामंत्री और संघ से जुड़े कुछ लोग जयपुर में एक गुप्त जगह पर बैठक की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भी कुछ मुद्दों पर बैठक में चर्चा की। बैठक में संघ से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार सुबह पीएम से राज्य के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। राज्यपाल ने पीएम को गणेश की प्रतीकात्मक स्मृति चिन्ह और पारंपरिक एक शॉल भेंट की।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का अहम फैसला

# तलाक के बाद शादी की तो भी पूर्व पत्नी को देना होगा 'भत्ता'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अधिकार से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया है। तलाक के बाद गुजारा भत्ते से जुड़े एक मामले में जस्टिस राजेश पाटिल ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा है कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला अपने पूर्व पति से बिना किसी शर्त के रख-रखाव, भरण-पोषण का हक रखती है। चाहे उसके पति ने दूसरी शादी ही क्यों न कर ली हो।उन्होंने कानून का हवाला दिया।

### भरण-पोषण में असमर्थ तो हकदार



कोर्ट ने पहले भी कहा है कि पत्नी और कुछ ऐसे दूसरे रिश्तेदारों को गुजारा भत्ता देने का प्रावधान है, जो अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं।

### इससे पहले भी आ चुका ऐसा मामला

इससे पहले भी बॉम्बे हाईकोर्ट के सामने ऐसा आदेश आया था जहां 2012 में नासिक में एक महिला ने गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की थी। इस मामले में येओला के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट ने जनवरी 2015 में फैसला सुनाया और महिला को 2500 रुपए महीने गुजारा भत्ता देने का फैसला दिया था।

## पीएमओ का अधिकारी बताने वाले मयंक के खिलाफ आरोप पत्र



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मयंक तिवारी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। उसने खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का अधिकारी बताया था और इंदौर में एक अस्पताल पर बकाया 16 करोड़ न लेने के लिए प्रवर्तकों पर दबाव बनाया था। सीबीआई ने दिल्ली की एक विशेष अदालत में पहला आरोप पत्र दायर किया। सीबीआई ने तिवारी के अहमदाबाद स्थित परिसरों की तलाशी ली थी।

## एक लाख लड्डू अयोध्या भेजेगा तिरुमाला



**तिरुमाला।** टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी एवी धर्म रेड्डी ने कहा कि भगवान वेंकटेश्वर और भगवान राम महा विष्णु के अवतार हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। हम वहां भक्तों को तिरुपति लड्डू प्रसादम वितरित करेंगे। उन्होंने कहा, हम एक लाख लड्डू उद्घाटन के अवसर पर वहां भेजेंगे।

## अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम चरण में

# दिनभर श्रद्धालु करेंगे दर्शन तो रात में ही करना होगा अधूरा काम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियां और तेज हो गई हैं। मुख्य कार्यक्रम 22 जनवरी को होगा, लेकिन 16 जनवरी से ही दूसरे अनुष्ठान और भजन-कीर्तन शुरू हो जाएंगे। रविवार को अयोध्या राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, मैंने यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है। यहां तैयारियां अंतिम चरण में हैं। काम भले ही चल रहा हो, लेकिन ये काम हम रात में करेंगे, ताकि भक्तों को असुविधा न हो।

### नृपेंद्र ने किया निरीक्षण, बताया प्राण प्रतिष्ठा के बाद की पूरी योजना



### 8,000 लोगों को किया आमंत्रित

मिश्रा ने कहा मैंने यहां मंदिर मार्ग की तैयारी, मंदिर मार्ग पर लगे गेट, श्रद्धालुओं के लिए बनाई गई कैनोपी आदि का जायजा लिया। 31 दिसंबर 2024 को राम मंदिर निर्माण से जुड़े सभी तरह के कार्य को पूरा करने की डेडलाइन तय की गई है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए 8,000 से ज्यादा विशिष्ट लोग, संत-संत आमंत्रित हैं।

### 15-22 जनवरी तक मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन

अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से पहले यूपी के सभी जिलों में भगवान राम, भगवान हनुमान और महर्षि वाल्मीकि के मंदिरों में रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलों में जिला प्रशासन को भी इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। 15 जनवरी को मकर संक्रांति से लेकर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन तक यह रामायण पाठ, भजन, कीर्तन आदि चलते रहेंगे।

### यूपीएसएसएफ संभालेगी राम मंदिर की सुरक्षा

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से लेकर के राम मंदिर और अयोध्या में बने अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश में यूपीएसएसएफ करेगी।? उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स 2020 में कैबिनेट में प्रस्ताव पास होने के बाद बनी थी और पिछले 2 साल से यूपीएसएसएफ अलग-अलग जगह पर सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रही है। अयोध्या का एयरपोर्ट पहला ऐसा एयरपोर्ट है जहां पर अभी सिर्फ यूपीएसएसएफ कड़ी सुरक्षा दे रही है।

## उत्तर भारत में बदलेगा मौसम

# सर्दी के बीच होगी बारिश ओले गिरने की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश, दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठिठुरन बढ़ी है। कोहरे का कहर भी कम नहीं हो रहा है।



मौसम विभाग ने सोमवार से यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में मौसम के मिजाज में बदलाव का पूर्वानुमान जारी किया है। उत्तर पश्चिम भारत में 24 घंटे के दौरान घने से बहुत घना कोहरा छाया रहने का अनुमान है। मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के इलाकों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है।

### कई राज्यों में होगी बारिश

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ आदि में बारिश की संभावना जताई है। ठंड के बीच बारिश होने की वजह से लोगों की परेशानी और बढ़ सकती है और इसी वजह से उन्हें ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



बड़े तालाब के किनारे पर्यटक सर्दी का आनंद लेते...



# सूरज की 'खोज'

## पिछले 4 दिन से धूप को तरस रहे लोग बोले- कहां गया 'उसे' ढूंढ़ो

**पूरे प्रदेश में गिरा पारा**

रविवार को सर्द हवाओं और बारिश के बाद पश्चिमी मप्र में पारा गिरा है। भोपाल में पारा 1.3 डिग्री गिरकर 17.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 7.2 डिग्री कम है। बैतूल, रतलाम, उज्जैन आदि जिलों में 2 से 3 डिग्री तक गिरा। वहीं पूर्वी मप्र में दिन के तापमान में दिन के तापमान में औसतन 3 डिग्री तक की वृद्धि रही है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी मलाजखंड, सीधी और मंडला में 4 से 6 डिग्री तक रही है। रात का तापमान पूरे प्रदेश में गिरा है। इससे कोहरे का असर भी बढ़ रहा है।

**1** कुछ जगह बारिश के साथ ओले गिरेंगे, बढ़ेगा कोहरा, और चार दिन तेज सर्दी

**2** शिवपुरी की रात सबसे सर्द रही, यहां न्यूनतम पारा 7.8 डिग्री रहा।

रविवार से नया सिस्टम एक्टिव हो गया है। नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूरे प्रदेश के मौसम में ज्यादा तेजी से बदलाव हो रहा है। इससे बारिश, बादल, कोहरा और सर्दी का असर बढ़ रहा है, जो अगले तीन से चार दिन जारी रहेगा। रविवार को भी उत्तरी हवाओं और बूंदावांदी से भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में मध्यम से घना कोहरा और दिन में तेज सर्दी रही। इधर, शिवपुरी की रात सबसे सर्द रही।यहां न्यूनतम पारा 7.8 डिग्री रहा। भोपाल में दिन में बूंदावांदी और घने बादलों के बीच उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने दिन में तेज सर्दी का अहसास कराया। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को कुछ जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार राजस्थान से लगे मप्र के कुछ जिलों में बारिश, बौछारों के साथ एक दो स्थानों पर ओले गिरने का अनुमान है।

**ज्यादातर जिलों में गिरा रात का पारा फिर भी सामान्य से अधिक, औसत न्यूनतम पारा 14 डिग्री से ज्यादा, दो दर्जन जिलों में बारिश, बौछारों ने बढ़ाई दिन में सर्दी**


**ईरान के पास डब्ल्यूडी का यह असर**

शुक्ला के अनुसार डब्ल्यूडी अभी ईरान के पास है। इसका असर उत्तर भारत सहित मप्र तक शुरू गया है। कल के बाद इसके असर से अब प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम में और बदलाव होगा। बारिश, बौछारों के साथ कहीं घना कोहरा, कहीं तेज सर्दी पड़ेगी। विशेषकर पूर्वी मप्र के सागर, जबलपुर, दमोह आदि जिलों में बारिश होगी। पश्चिमी मप्र के भोपाल, ग्वालियर, सीहोर, नर्मदापुरम, बुरहानपुर आदि जिलों में बौछारों के साथ सर्दी बढ़ेगी। राजस्थान से लगे हिस्सों में एक दो स्थानों पर ओले गिर सकते हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मेट्रो में सफर कर रही युवती से छेड़छाड़



**बेंगलुरु।** मेट्रो में सफर कर रही एक लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोप लगाया है कि वो जिस मेट्रो में सफर कर रही थी, उसमें काफी भीड़ थी। इस दौरान एक शख्स ने उसे गलत तरीके से टच किया। ये घटना मैजेस्टिक मेट्रो स्टेशन की है। मेट्रो स्टेशन से एक शख्स चढ़ा। वो विजयनगर जा रहा था। उसने उसे गलत तरीके से छुआ।

### रिलायंसः 5 दिन में छापे 15000 करोड़



**मुंबई।** शेयर बाजार में बीते सप्ताह उतार-चढ़ाव देखने को मिला। इस दौरान मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरहोल्डर्स ने ताबड़तोड़ कमाई की और 5 दिन में 15 हजार करोड़ रुपए छापे। पिछले सप्ताह जहां साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी 2024 को शेयर बाजार में नए मुकाम हासिल किए।

### अमृत भारत के यात्रियों के लिए सस्ती टिकट



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के मध्यम वर्गीय लोगों को बीते दिनों अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में बड़ी सौगात दी। मध्यम वर्गीय यात्रियों के लिए यह ट्रेन वाकई 'अमृत' साबित होगी। यह छूट है 'सुपरफास्ट चार्जेज' की है। जब भी देश की किसी एक्सप्रेस ट्रेन की टिकट बुक कराते हैं तो सुपरफास्ट चार्जेज़ के तौर पर 30 से 45 रुपए तक का भुगतान करना पड़ता है।

**मोदी का दम:** दुनिया में ऐसी पहली बार कार्रवाई कि दूसरे देश के तीन मंत्रियों को नाप दिया गया हो

# पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर 'अपमानजनक' टिप्पणी करने वाले मालदीव के 3 मंत्री निलंबित

**मालदीव की युवा अधिकारिता, सूचना और कला उप मंत्री मरियम शिउना ने पीएम मोदी की लक्षद्वीप की तस्वीरों पर अभद्र टिप्पणी की थी। बाद में उन्होंने ये पोस्ट हटा दिए थे।**

**1** माना जा रहा है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद पिछले कुछ महीनों में भारत-मालदीव संबंध तनावपूर्ण हो गए

**2** इन टिप्पणियों के बाद एक्स पर 'बायकाट मालदीव' कैंपेन शुरु हो गया था। इस दौरान मालदीव की बुकिंग धड़ाधड़ कैंसिल हो रही हैं

**3** माले में भारतीय उच्चायोग और विदेश मंत्रालय ने मालदीव की मंत्री के विवादित पोस्ट को लेकर कड़ा ऐतराज जताया था

मालदीव सरकार ने अपने देश में अचानक भारत से पर्यटकों की संख्या रद्द होने में अचानक वृद्धि देखने के बाद कहा कि वे ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/माले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दम और भारतीय विदेश नीति की हनक दुनिया में क्या है? इसका रविवार को दुनिया को उदाहरण देखने को मिल गया। पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे को लेकर अपमानजनक टिप्पणी करने वाली तीन मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान को वहां की सरकार ने निलंबित कर दिया है। पीएम मोदी पर इस तरह की अभद्र टिप्पणी का भारत ने कड़ा विरोध किया था। साथ ही मालद्वीव के पूर्व राष्ट्रपति ने इस मुद्दे पर मौजूदा प्रेसिडेंट मुइज्जू की जबरदस्त खिंचाई की थी। इससे पहले मालदीव सरकार ने एक बयान जारी कर पीएम नरेंद्र मोदी की लक्षद्वीप यात्रा पर मंत्री मरियम शिउना की टिप्पणी पर अपना रुख स्पष्ट किया था। मालदीव ने पीएम मोदी पर अपनी मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी के बाद अपने देश में अचानक भारत से पर्यटकों की संख्या रद्द होने में अचानक वृद्धि देखने के बाद कहा कि वे ऐसी अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।



मालशा | हसन जिहान | मरियम शिउना

### ये दी थी सफाई...मंत्रियों के बयान मालदीव का प्रतिनिधित्व नहीं करते



इससे पहले मालदीव सरकार ने अपनी मंत्री द्वारा भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को खारिज कर दिया। मालदीव ने कहा कि मंत्री के बयान मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। मालदीव ने बयान में कहा सरकार का मानना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रयोग लोकतांत्रिक और जिम्मेदार तरीके से किया जाना चाहिए, और ऐसे तरीकों से जो नफरत, नकारात्मकता न फैलाएं और मालदीव और उसके अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के बीच घनिष्ठ संबंधों में बाधा न डालें।

### पूर्व राष्ट्रपति ने कहा था- एक प्रमुख सहयोगी देश के नेता के प्रति ये 'घटिया भाषा'



मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति नशीद ने भी इसको लेकर अपनी ही सरकार की आलोचना की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि मालदीव सरकार की मंत्री मरियम शिउना ने एक प्रमुख सहयोगी देश के नेता के प्रति कितनी घटिया भाषा का इस्तेमाल किया है, वो नेता जो मालदीव की सुरक्षा और समृद्धि के लिए अहमियत रखता है।

### अभिनेता अक्षय कुमार बोलेः नफरत को क्यों बर्दाश्त करें?



मालदीव के प्रमुख पब्लिक फिगर द्वारा भारतियों पर की गई कुछ हेटफुल और रेसिस्ट कमेंट के बारे में पता चला और ये सब जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि वे ऐसा उस देश के साथ कर रहे हैं,जहां से उनके देश में सबसे ज्यादा टूरिस्ट आते हैं। हम अपने पड़ोसियों के लिए अच्छे हैं, लेकिन बिना किसी कारण फैलाई गई नफरत को क्यों बर्दाश्त करें? लेकिन अब डिग्निटी पहले है। आइए, हम भारतीय द्वीपों को एक्सप्लोर करने का फैसला करें।

**'उड़ान' भरने की तैयारी में लक्षद्वीप पर्यटन**

**मालदीव यात्रा रद्द कर तीन दिन में**

### करीब 7000 लोगों ने कराई बुकिंग

ऑल इंडिया टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर एसोसिएशन के सचिव अजय भल्ला कहते हैं कि मोदी की विजिट के बाद से बीते तीन दिनों में उनके पास लक्षद्वीप को लेकर सबसे ज्यादा फोन आ रहे हैं। अक्टूबर से लेकर मार्च तक का महीना ही लक्षद्वीप जाने के लिए सबसे मुफीद माना जाता है। लक्षद्वीप के पर्यटन एवं स्पोर्ट्स विभाग के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल लक्षद्वीप में तकरीबन 25000 पर्यटक पहुंचे थे। यहां जाने के लिए विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। क्योंकि परमिट पाने की प्रक्रिया में पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर क्लीयरेंस सर्टिफिकेट लेने में कई तरह के प्रोसेस करने होते हैं।

**ग्वालियर में हिट एंड रन का केस**

## कार से टकरा कर हवा में उछल गया बाइक सवार

**सीसीटीवी में कैद हुई खौफनाक तस्वीर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



जिले का हिट एंड रन का वीडियो वायरल हो रहा है। रोड क्रॉस करते समय मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारते हुए ड्राइवर कार को स्पीड में भगा ले गया। टक्कर से बाइक सवार 5 फीट उछले। शहर के झांसी रोड थाना क्षेत्र के चिरवाई नाका क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल सवार जब सड़क पार कर रहा था, तभी एक तेज रफ्तार में आ रही इनोवा कार ने मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार हवा में 5 फीट उछलता दिखाई दिया। मोटरसाइकिल सवार टक्कर के बाद बुरी तरह घायल हो गया।

**सागरः दो मंजिला मकान में लगी आग**

## तेरह साल की बालिका ने लगा दी छलांग, मौत

**धुएं से लड़की के मां और भाई बेहोश हुए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



दो मंजिला मकान में आग लगने पर परिवार लपटों के बीच घिर गया। घबराहट में 13 साल की लड़की कूद गई। अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। लड़की की मां और भाई बेहोश हो गए। परिवार पुणे का रहने वाला है। घटना शनिवार - रविवार की दरमियानी रात 3.30 बजे की है। आग पर सुबह 6 बजे तक काबू पाया जा सका। घटना शहर के रामपुरा वार्ड में बसेता वाली गली की है। यहां अशोक जैन के मकान के ग्राउंड फ्लोर पर फोटोकॉपी की शॉप है।फ्लोर पर परिवार रहता है। इसी मकान के बगल से उनका एक और मकान है।

## विंटर क्वीन मनाली-2024: निशा ठाकुर के सिर ताज




**अपने माता-पिता को दिया श्रेय**

*कुल्लू। विंटर कार्निवाल मनाली के अंतिम दिन मनाली की निशा ठाकुर को शरद सुंदरी-2024 चुना गया। उन्होंने फाइनल राउंड में 15 प्रतिभागियों को हराकर शरद सुंदरी-2024 के खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं शिमला की कोहिनूर प्रथम उपविजेता जबकि मनाली की ही भव्या पंडित द्वितीय उपविजेता रहीं। निशा ने कहा कि मैंने विंटर क्वीन टाइटल जीतने के लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है।*

**नारायण मूर्ति ने याद किया यूएस में बिताया समय**

## शुरुआती दिनों में स्टोररूम में रखे बक्से पर भी सोना पड़ा

'एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति' किताब में मूर्ति दंपती के शुरुआती वर्षों के बारे में बताया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति के जीवन से जुड़े कई दिलचस्प किस्से सामने आए हैं। दरअसल, भारतीय-अमेरिकी लेखिका चित्रा बेनर्जी दिवाकरुणी ने नारायण मूर्ति और उनकी पत्नी सुधा मूर्ति के जीवन के शुरुआती वर्षों के बारे में बताते हुए एक पुस्तक लिखी है। इंफोसिस के शुरुआती दिनों में जब नारायण मूर्ति एक बार किसी काम के सिलसिले में अमेरिका गए थे तो एक तुनकमिजाज के अमेरिकी व्यवसायी ने उन्हें अपने घर के स्टोररूम, जहां खिड़की भी नहीं थी, उसमें रखे एक बड़े बक्से पर सुलाया था, जबकि कारोबारी के घर में चार बेडरूम थे। जगरनॉट बुक्स द्वारा प्रकाशित 'एन अनकॉमन लवः द अर्ली लाइफ ऑफ सुधा एंड नारायण मूर्ति' में मूर्ति दंपति के शुरुआती वर्षों के बारे में बताया गया है।



### मां भूखी सो जाती थीं

*उन्होंने सुधा को गुस्से में बताया कि बचपन में जब पिता जी किसी को अचानक बुला लेते थे तो मां अपने हाथ से बना खाना परोसती थीं और खुद बिना खाए सो जाती थीं। पुस्तक में यह भी बताया गया कि कैसे एक अच्छी इंजीनियर होने के बावजूद मूर्ति अपनी पत्नी के इन्फोसिस में शामिल होने के खिलाफ थे।*

**96 साल की कारसेवक शालिनी को मिला रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का न्योता**

## लाठियां खाई, जेल में रहीं, छूकर निकल गई थी बंदूक की गोली

**वे पैदल 60 किलोमीटर चलकर अयोध्या पहुंची और भगवा लहराने की साक्षी बनी**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जब बाबरी ढांचा गिरा तो गुस्से में एक दूसरे धर्म के व्यक्ति ने मुझे मिठाई खिलाई और बोला अब जो आपका था आपको मिल गया। मैं अब उन्हें लड्डू खिलाना चाहूंगी कि मिला ही नहीं मेरे भगवान भी लौटे हैं। यह कहना है 96 वर्षीय रामभक्त, कारसेवक शालिनी दबीर का, जिन्हें अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने का न्योता मिला है। 1990 में कार सेवा के लिए मुंबई छोड़ने वाली शालिनी रामकृष्ण दबीर को विशेष तौर पर सम्मानित करते हुए अयोध्या से लाए अक्षत देकर राम मंदिर आने का निमंत्रण दिया है।



### एक बंदर ने ढहा दी थी दीवार

शालिनी बताती हैं कि बहुत कोशिशों के बाद वो एक दीवार नहीं गिर रही थी तब, एक बंदर उस दीवार पर बैठा और सब कुछ धूल-धूल हो गया क्योंकि उसने दीवार पर जोर लगाया था जिससे वो ढह गई थी। शालिनी उतना सुन नहीं पाती तो उनके बेटे विकास मां को बात समझाते हैं। शालिनी के साथ ही दिलीप गोदांबे जो कार सेवा में शामिल थे वो बताते है कि जो अस्पताल बनाने की बात करते हैं उन्हें उस मिट्टी का मूल्य नहीं पता, उन्हें सनातन की महानता नहीं मालूम।

**धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप**

## नयनतारा की 'अन्नपूर्णानी' के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर



अभिनेत्री नयनतारा की फिल्म 'अन्नपूर्णानी' के निर्माताओं के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा है। वहीं, अब मुंबई पुलिस ने इस मामले में फिल्म के निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दरअसल, पूर्व शिवसेना नेता रमेश सोलंकी ने फिल्म के निर्माताओं पर हिंदू समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मेकर्स पर भगवान राम का अपमान करने का भी आरोप लगाया है।

# लोकसभा चुनावः मध्यप्रदेश में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता

**64523**

मतदान केंद्रों के मतदाता सूची का शनिवार को हुआ प्रकाशन

**6 से 22**

जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने की प्रक्रिया चलेगी

18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन सूची में नाम जुड़वा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों के मतदाता सूची का प्रकाशन शनिवार को कर दिया गया। इसके तहत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया चलेगी।

इस बीच जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है एवं जो युवा एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर दी जानकारी

**खास बात**

- मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर ले सकते हैं सहायता



**पांच करोड़ 60 लाख 73 हजार 696 मतदाता**

मप्र में 5 करोड़ 59 लाख 98 हजार 370 सामान्य मतदाता हैं। इसमें 2 करोड़ 87 लाख 90 हजार 967 पुरुष और 2 करोड़ 72 लाख 6 हजार 136 महिला मतदाता हैं। एक हजार 267 थर्ड जेंडर मतदाता है।

### voters.eci.gov.in पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। नागरिक वोटर हेल्प लाइन एप और voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही निर्वाचन संबंधी किसी भी जानकारी एवं सहायता के लिए मतदाता कार्यालयीन समय में टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल कर सकते हैं।

### हर मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने शनिवार को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन भोपाल में बैठक की। 6 जनवरी से शुरू हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत की जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। राजन ने कहा कि प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। सभी राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने की अपील की गई।

### दलों से नागरिकों के नाम सूची में जुड़वाने की अपील की

साथ ही एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। राजन ने राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत अधिक से अधिक नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, इसमें सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक के दौरान भाजपा से भगवानदास सबनानी, एसएस उप्पल, कांग्रेस पार्टी से जेपी धनोपिया, आम आदमी पार्टी से सुमित चौहान, बहुजन समाज पार्टी से सीएल गौतम सहित कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया से रामचरण पीवी मौजूद थे।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर, घर-घर जाएंगे

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के तहत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। विशेष शिविर के दौरान सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर जाएंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे। 2 फरवरी तक दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। 8 फरवरी 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### अनिल 10वीं बार बने फेडरेशन के अध्यक्ष

**भोपाल।** सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के चुनाव शनिवार को संपन्न हुए। इसमें समस्त निगम मंडलों में काम करने वाले कर्मचारी-अधिकारी शामिल हुए। जिसमें सर्व सम्मति से अनिल वाजपाई को सेमी गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन का 10वीं बार अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद कर्मचारी संगठनों ने वेयरहाउसिंग कारपोरेशन में चार सौ ट्रांसफर किए गए की जांच की मांग करते हुए निगम मंडलों में खाली पड़े पदों पर संविदा कर्मचारी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की।

### 120 कर्मचारी करेंगे रामलला के दर्शन

**भोपाल।** अखिल भारतीय पुरानी पेंशन बहाली महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी स्वयं के खर्चे पर 120 कर्मचारियों को अयोध्या धाम की यात्रा कराएंगे। कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी ने प्रदेश सरकार से 22 जनवरी का अवकाश घोषित करने की मांग की है। इस संबंध में प्रमोद तिवारी ने महासंघ के पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का सौंपा है।

### हसदेव के जंगलों की कटाई का विरोध

**बिलासपुर।** हसदेव के जंगल की कटाई का विरोध करने वाले 25 आंदोलनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आंदोलनकारियों को सिविल लाइन थाने में रखा गया है। पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेयी ने बताया कि कोयला खनन के लिए हसदेव जंगल में बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है। इससे पर्यावरण को बड़ा नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए अलग-अलग संगठनों की ओर से जंगल की कटाई का विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के पर्यावरण प्रेमी हसदेव आंदोलन से जुड़े लोगों के समर्थन में आगे आए हैं। रविवार को पर्यावरण प्रेमी कोन्हेर गार्ड पर जुटे थे। यहां से भी कोरबा जाने वाले थे। इससे पहले ही पुलिस ने आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया। सभी को पकड़कर सिविल लाइन थाने लाया गया। इसकी जानकारी लगते ही और भी पर्यावरण प्रेमी थाने पहुंच गए। थाने में करीब 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकलेगी शोभा यात्रा

**रायपुर।** अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर स्तर पर प्लान तैयार हो रहा है। इस दिन घर-घर दीप जलाने और भगवा लहराने के लिए टोलियां अभियान में लगने जा रही हैं। लोगों से आह्वान किया जा रहा है कि वे अपने घर, ऑफिस, दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में भगवा ध्वज लहरा दें और अपने पहचान वालों तक इस अभियान को पहुंचाएं। इस अभियान के लिए माहौल तैयार कर रहे समीर ठाकुर ने कहा कि कई वर्षों के संघर्ष के बाद 22 जनवरी को हर सनातनी का सपना साकार होने जा रहा है। राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में भगवान रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज भव्य शोभायात्रा निकालेगा। 21 जनवरी शोभायात्रा निकलेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सनातन भूषण की उपाधि से सम्मानित...



*अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार में आयोजन कर किया अलंकृत*

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार में 'सनातन भूषण' की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद गिरि महाराज, शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज, आवाहन पीठाधीश्वर अवधूत अरूण गिरीजी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हरी चेतनानंद महाराज सहित अन्य पूज्य संत मौजूद थे।

## सीएम डॉ. यादव गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को हरिद्वार स्थित गायत्री तीर्थ शांतिकुंज पहुंचे।

शांतिकुंज व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शांतिकुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुखद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैल दीदी से भेंट कर विभिन्न रचनात्मक और सृजनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रमुख पण्ड्या व शैल दीदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंगल तिलक कर अभिनंदन किया और समाज के विभिन्न समस्याओं के समाधान परक युग साहित्य एवं गायत्री महामंत्र लिखित उपवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।



### मुख्यमंत्री ने सिद्ध अखंड दीपक के दर्शन किए

मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि नारी सशक्तिकरण, युवा जागरण सहित समाज के नवसृजन में चलाए जाने वाले कार्यक्रमों में अखिल विश्व गायत्री परिवार का सतत सहयोग प्रदेश सरकार को मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शांतिकुंज पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1926 से सतत प्रज्वलित सिद्ध अखण्ड दीपक का दर्शन कर समाज और प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। साथ ही युग ऋषि द्वय की पावन स्मारक सजल श्रद्धा प्रखर प्रज्ञा में अपनी भावांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक भी उपस्थित थे।

### सीएम ने कहा- अवैध बाल संरक्षण गृहों पर होगी सख्त कार्रवाई

# मध्यप्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित होंगे कार्यक्रम

*मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि होगी जमा*

*मकर संक्रान्ति पर्व और युवा दिवस के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में बहनों के खातों में 10 जनवरी को राशि अंतरित की जाएगी। पूरे प्रदेश में 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मकर संक्रान्ति पर्व के दौरान भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को देर शाम इंदौर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग से युवा दिवस, मकर संक्रान्ति और लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन के संबंध में तैयारियों की बैठक ली। बैठक में इंदौर से जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और भोपाल से मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा सहित सचिवालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप 10 से 15 जनवरी तक महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आयोजनों की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश
- सीएम ने इंदौर में ली तैयारियों को लेकर बैठक



#### युवाओं के लिए कार्यक्रम होंगे

मख्यमंत्री ने कहा कि युवा दिवस पर पूरे प्रदेश में युवाओं के लिए कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया जाए। स्वामी विवेकानन्द के विचारों उनके सांस्कृतिक अवदानों के बारे में परिचर्चाएं, निबंध लेखन, संभाषण और गोष्ठियां आयोजित की जाए। सामाजिक संगठनों से प्रचार-प्रसार किया जाए।

#### परंपरागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रान्ति पर्व पर परम्परागत खेलों को बढ़ावा देते हुए कार्यक्रम किए जाएं। साथ ही युवाओं को मकर संक्रान्ति का वैज्ञानिक महत्व बताने के लिए भी कार्यक्रम हों। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों को भी आमंत्रित किया जाए। भजन मण्डलियों को भी शामिल करें।

#### अवैध बाल संरक्षण गृहों पर सख्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में कोई भी अवैध बाल संरक्षण गृह संचालित नहीं हो। पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। अधिकारी सतत निरीक्षण भी करते रहें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में इंदौर से महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, उषा ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित विधायकों को देंगे टिप्स

## विधायकों को ट्रेनिंग देने उपराष्ट्रपति और लोस अध्यक्ष आएंगे छत्तीसगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला 20-21 जनवरी को रायपुर आ सकते हैं। विधानसभा सचिवालय ने इस दिन नवनिर्वाचित विधायकों के लिए संसदीय व्यवहार, नियम प्रक्रिया का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा है। इसमें विधायकों को ट्रेंड करने के लिए उपराष्ट्रपति और लोकसभा अध्यक्ष आमंत्रित किए गए हैं। बता दें कि,





इस बार भाजपा और कांग्रेस के करीब 50 विधायक पहली बार चुनकर आए हैं। इन्हें 5 फरवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले सदन की नियम प्रक्रिया से प्रशिक्षित करने की योजना है। इसके तहत स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने 20-21 जनवरी को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने का कार्यक्रम बनाया है। उद्घाटन व अलग-अलग सत्रों को संबोधित करने राष्ट्रीय नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। इनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आदि शामिल हैं।

### लोस चुनाव के लिए कांग्रेस ने गठित की समिति

## सीजीः चेयरमैन बने बैज, पूर्व सीएम बघेल, टीएस सिंहदेव को भी जगह







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राज्यों में चुनाव समिति की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए गठित समिति पर भरोसा जताया गया है, वहीं विधानसभा की टीम को लोकसभा के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को चुनाव समित का चेयरमेन बनाया गया है। इस समिति में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित 18 नेताओं को शामिल किया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में , डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू, रविंद्र चौबे, मो. अकबर, शिव कुमार डहरिया, अनिल भेंड़िया, जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, गुरू रूद्र कुमार, धनेंद्र साहू आदि शामिल हैं।

### कार्यकाल समाप्त होने का इंतजार

## महापौर ढेबर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर ठंडे पड़े भाजपा के पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब शहर सरकार बनाने के लिए 15 वर्षों से वनवास झेल रहे भाजपा पार्षदों ने सत्ता में वापसी के लिए राजनीतिक बिसात बिछाने की तैयारी की है। पिछले दिनों महापौर एजाज ढेबर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का एलान भी किया, लेकिन पखवाड़ेभर बाद भी भाजपा पार्षद कुछ नहीं कर सके। अब तो पार्षदों के तेवर ही ढीले पड़ गए हैं। सालभर बाद होने वाले महापौर चुनाव में कांग्रेस को मात देकर ही भाजपा निगम में सरकार बनाने की कवायद में जुट गई है, इसलिए महापौर का कार्यकाल समाप्त होने का इंतजार किया जा रहा है। भाजपा सरकार अब फिर से जनता के जरिए ही महापौर चुनने पर विचार कर रही है।



**कई कांग्रेसी पार्षद हैं नाराज**

भाजपा पार्षदों का मानना था कि यदि महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं तो उन्हें आसानी से सफलता मिल जाती। इसके पीछे यह तर्क भी दिया जा रहा है कि महापौर की कार्यशैली से कई कांग्रेसी पार्षद नाराज चल रहे हैं। ऐसे कई पार्षदों का समर्थन जुटाने में भाजपा पार्षदों को मशक्कत नहीं करनी पड़ती।

### कांग्रेस ने चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी बनाई

पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ और दिग्विजय सिंह शामिल

## जीतू पटवारी होंगे प्रदेश चुनाव समिति के अध्यक्ष पॉलिटिकल अफेयर्स देखेंगे प्रदेश प्रभारी जीतेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के लिए प्रदेश चुनाव समिति और पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया है। प्रदेश चुनाव समिति में जीतू पटवारी को अध्यक्ष बनाया है। इसके साथ ही 34 सदस्य शामिल किए गए हैं। जबकि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी का अध्यक्ष प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह को बनाया गया है।

पटवारी इस समिति के कन्वीनर होंगे। खास बात यह है कि पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी में पूर्व सीएम कमलनाथ, उनके बेटे नकुलनाथ, पूर्व दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह शामिल है।







**ये है पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी**

जितेंद्र सिंह (अध्यक्ष), जीतू पटवारी (कन्वीनर), कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंगार, कांतिलाल भूरिया, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, नकुलनाथ, कमलेश्वर पटेल, ओमकार सिंह मरकाम, डॉ. गोविंद सिंह, मीनाक्षी नटराजन, बाला बच्चन, रामनिवास रावत, सज्जन सिंह वर्मा, लखन घनघोरिया, विजयलक्ष्मी साधौ, जयवर्धन सिंह, हिना कांवरे, आरिफ मसूद, फूल सिंह बरैया, सिद्धार्थ कुशवाह, सुखदेव पांसे, तरुण भनोट, झूमा सोलंकी, प्रियव्रत सिंह ,शेख अलीम, शोभा ओझा और मुकेश नायक ।

**कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति**

*जीतू पटवारी (अध्यक्ष), कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंघार, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, रामनिवास रावत, सज्जन सिंह वर्मा, कमलेश्वर पटेल, राजेंद्र कुमार सिंह, फूल सिंह बरैया, हेमंत कटारे, डॉ. गोविंद सिंह, एनपी प्रजापति, आरिफ मसूद, दिनेश गुर्जर, संजय उइके, यादवेंद्र सिंह बुंदेला, फुन्दे लाल मार्को, महेश परमार, पीसी शर्मा, दिलीप सिंह गुर्जर, प्रवीण पाठक, संजय शर्मा, रवि जोशी, तरबर सिंह लोधी, अजय मिश्रा बाबा, जगत बहादुर सिंह अनु, अशोक सिंह और राजीव सिंह।*

### विभागों के लक्ष्य को रिवाइज करने की हो चुकी तैयारी

## विभागों के लक्ष्य में 18 से 20 हजार करोड़ की हो सकती है वृद्धि, वसूली में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नई सरकार के गठन के बाद विभागों के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को रिवाइज करने की तैयारी हो चुकी है। बजट प्रस्तुत करने के पहले विभागों के लक्ष्य में वृद्धि होने वाली है। वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक विभागों के लक्ष्य में 18 से 20 हजार करोड़ रुपए की वृद्धि की जा सकती है। इस संबंध में अगले हफ्ते आदेश जारी हो सकता है।

पूर्ववर्ती सरकार ने पिछले वर्ष एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। यह अब एक लाख 40 हजार करोड़ रुपए तक जा सकता है। वित्त विभाग ने वाणिज्यिक कर, खनिज विभाग, परिवहन विभाग, पंजीयन आदि विभागों को नोटिस जारी कर राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

**बजट में हो सकती है घोषणा**



राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि भाजपा सरकार की चुनावी घोषणाओं को पूरा करने राज्य बजट पर सभी की नजरें जमी हुई है। उम्मीद है कि महतारी वंदन योजना के साथ 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान के समर्थन मूल्य को लेकर बजट में घोषणा की जा सकती है। अब तक कैबिनेट की तीन बैठकें हो चुकी है, लेकिन इन महत्वपूर्ण घोषणाओं पर किसी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया है। वित्त विभाग ने राजस्व संग्रहण में मुख्य भूमिका निभाने वाले सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप वसूली प्रक्रिया में तेजी के निर्देश दिए हैं।

# गोदामों में रखी धान की गुणवत्ता का परीक्षण करने निर्देश

कलेक्टर ने ली सर्वेयर्स की बैठक



जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने रविवार की सुबह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सर्वेयर्स की बैठक लेकर उन सभी गोदामों में रखी धान का गुणवत्ता परीक्षण तुरंत शुरू करने के निर्देश दिये हैं, जहाँ शासन से खरीदी केंद्र बनाने की स्वीकृति मिले बगैर किसानों द्वारा अपनी उपज का भंडारण कर लिया गया है । कलेक्टर ने बैठक में कहा कि इन अनाधिकृत स्थानों पर रखी किसानों की धान की खरीदी दो या तीन में शुरू की जानी है, इसलिये सर्वेयर्स को आज से ही ऐसे गोदामों में रखी धान का परीक्षण प्रारंभ करना होगा । उन्होंने सर्वेयर्स को हिदायत दी कि धान के परीक्षण में एफ ए क्यू मापदण्डों का कड़ाई से पालन करें । गुणवत्ता की जाँच के दौरान उन्हें इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा कि अनाधिकृत स्थानों पर रखी धान में से केवल वास्तविक किसानों की धान खरीदी जानी है । श्री सक्सेना ने कहा कि अनाधिकृत स्थानों पर खुले में रखी धान यदि बारिश की वजह से गीली हो गई है तो गुणवत्ता की जाँच के लिये उसके सूखने का इंतजार किया जाये । कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अनाधिकृत स्थानों पर गोदाम संचालकों के भरोसे पर रखी गई धान की खरीदी का निर्णय किसानों के हित में लिया गया, इसका बिचौलिये या व्यापारी अनुचित लाभ न उठा पाये इसका विशेष ध्यान हर एक को रखना होगा। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा जिले के उन सभी 36 गोदामों में रखी धान की गुणवत्ता के परीक्षण के लिये अलग से सर्वेयर्स की नियुक्त की गई है, जहाँ बिना खरीदी केंद्र की स्वीकृत के किसानों द्वारा गोदाम संचालको के भरोसे पर धान रख दी गई थी । ऐसे प्रत्येक गोदाम के लिये एक-एक सर्वेयर को नियुक्त किया गया है ।

### धन उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने रविवार को भी धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया और किसानों से चर्चा की । धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने आज मझौली पहुँचे श्री सक्सेना ने मझौली तहसील के अंतर्गत ग्राम पिपरिया में अन्नपूर्णा वेयर हाउस एवं ग्राम चोपरा में ओम साईं राम एग्रो वेयर हाउस स्थित खरीदी केंद्र तथा के कुछ अन्य खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया ।

## किसानों की कठिनाइयों का शीघ्र निराकरण करें

कलेक्टर ने उपार्जन से जुड़े अधिकारियों की ली बैठक

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी अधिकारियों की बैठक लेकर उन 36 वेयर हाउस पर रखी किसानों की धान खरीदने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये जिन्हें खरीदी केन्द्र नहीं बनाया गया लेकिन किसानों द्वारा वहां अपनी धान ले जाकर रख दी गई है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि ऐसे स्थानों पर केवल वास्तविक किसानों की और एफएक्यू धान ही खरीदी जाये। इसके लिए उन्होंने किसानों के पंजीयन की जांच करने तथा फर्जी सिकमीनामे के आधार पर व्यापारियों या बिचौलियों द्वारा कराये गये पंजीयन को निरस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाये तथा जरूरत पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज हो। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में मौजूद राजस्व अधिकारियों से कहा कि वे ऐसे किसानों से निरंतर संपर्प में रहें जिन्होंने अनाधिकृत स्थानों पर धान डंप करके रख दी है। उन्होंने कहा कि इन किसानों को समझाईश भी दें कि वे धैर्य रखें, कुछ समय लग सकता है लेकिन उनकी एफएक्यू क्वालिटी की पूरी धान का उपार्जन किया जायेगा। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट किया कि उन गोदाम संचालकों को किसानों के धान की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी होगी जिन्होंने खरीदी केन्द्र स्वीकृत नहीं होने के बावजूद जिनके भरोसे पर किसानों ने अपनी उपज वहां लाकर रखी है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो संबंधित वेयर हाउस संचालकों पर कार्यवाही की जायेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर एफआईआर भी दर्ज होगी। कलेक्टर ने बैठक में सभी 36 अनाधिकृत वेयर हाउस में रखे धान के उपार्जन के लिए यहां उप खरीदी केन्द्र बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों से इस धान की खरीदी के बाद राईस मिलर्स को भेजा जाये अथवा ओपन केप या कव्हर्ड स्टोरेज में रखा जाये। किसी भी हालत में इस धान का अनाधिकृत वेयर हाउस में भंडारण न किया जाये। कलेक्टर ने बैठक में साफ किया धान उपार्जन जो कमियां इस बार दिखाई दी उसे जल्दी दुरूस्त कर लिया जाये और आगे इस तरह की स्थिति पैदा न हो इसके लिए अधिकारियों को सतर्प रहना होगा। अन्यथा संबंधित कठोर कार्यवाही के लिए तैयार रहें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, अपर कलेक्टर नाथूराम गोड एवं उपार्जन से जुड़े सभी अधिकारी तथा भोपाल से आई टीम के सदस्य भी मौजूद थे।



# पेटीएम कर्मचारी से ऑनलाइन ठगी

क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर डेढ़ लाख की धोखाधड़ी

**जबलपुर**। गोरखपुर थानांतर्गत बरगी हिल्स स्थित पेटीएम कंपनी में कार्यरत एक महिला कर्मचारी को इंस्टाग्राम पर फिल्म अभिनेत्री की स्टोरी पोस्ट कर जालसाज ने किप्टोकरेंसी में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 1 लाख 53 हजार 999 रुपये हड़प लिये। धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। गोरखपुर थाना प्रभारी एमडी नागोतिया ने बताया कि नयागांव गोरखपुर निवासी श्रीमती अनुमेहा त्रिपाठी बरगी हिल्स स्थित पेटीएम कंपनी के कार्यालय में काम करती है। गत 4 सितंबर को इंस्टाग्राम में फिल्म अभिनेत्री समिता शेट्टी ने एक स्टोरी पोस्ट की थी। जिसमें इनवेस्ट एडवाइजर मालविका शर्मा को प्रमोट किया गया था। दोपहर 12 बजे अनुमेहा ने मालविका शर्मा को इंस्टाग्राम पर मैसेज किया तो मालविका ने उसे मैसेज किया कि फॉरेक्स व क्रिस्टोकरेंसी में निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। इसे यूपीआई से निवेश किया जा सकता है। उक्त जालसाज महिला ने अनुमेहा से कहा कि 10 हजार रुपये निवेश करने पर 39 हजार रुपये मिलेंगे। इसके बाद जालसाज महिला ने 29 हजार 999 रुपये सिक्येरिटी जमा करने कहा। उक्त राशि अनुमेहा द्वारा भुगतान करने पर उससे कहा गया कि आपने विलंब से भुगतान किया है इस बीच आपका मुनाफा बढ़ गया है इसलिए आपको 48 हजार रुपये और भुगतान करना होगा। अनुमेहा ने 48 हजार रुपये भी यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर दिए। कथित इनवेस्टर मालविका शर्मा के झांसे में आकर पेटीएम कर्मी अनुमेहा त्रिपाठी ने आईडीबीआई बैंक शाखा जबलपुर के माध्यम से एक लाख 13 हजार 999 रुपये व अपने भाइयों राहित दुबे व प्रांजल त्रिपाठी के अलग-अलग खातों से 1 लाख 53 हजार 999 रुपये का भुगतान कर दिया।




# दिव्यांगों के अंदर प्रतिभा का असीम भंडार

जबलपुर।

दिव्यांगों के अंदर प्रतिभा का असीम भंडार है।आवश्यकता है तो बस उनको पहचान कर उन्हें निखारने की।परमात्मा यदि किसी अंग विशेष की कमजोरी देता है तो अन्य इन्द्रियों को बेहद सुदृढ़ता प्रदान करता है। किसी अंग विशेष की कमजोरी कभी भी उनके प्रगति मार्ग को रोक नहीं सकती।अष्टावक्र ,हेलन केलर , लुई ब्रेल और स्टीफन हाकिंस इसके जीवंत उदाहरण हैं। उक्त उद्गार प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ व आदिगुरु शिशु पुनर्वास केंद्र के संचालक डा.प्रदीप दुबे ने शासकीय दृष्टि बाधिरार्थ उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित लुई ब्रेल जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। कार्यक्रम अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह ने दृष्टिबाधितों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय भवन सहित विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण कराने की बात कही। प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव ने त्रिदिवसीय जयंती समारोह और विद्यालयीन गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संभागीय समावेशी शिक्षा प्रभारी डॉ.राम नरेश पटेल, पीएनबी के सीनियर मैनेजर कमल वर्मा,होम साइंस कालेज के प्रोफेसर वेद प्रकाश नारंग, भारती विकलांग विकास मंच के अध्यक्ष सुनील जैन,महासचिव डॉ . एच. पी. तिवारी, संयोजक पी. सी.गुप्ता, एनएफबी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ .शिवेंद्र सिंह परिहार व शिक्षाविद शिव शंकर कपूर ने भी समारोह को सम्बोधित किया। आयोजन में आर. आर.तिवारी,संध्या ठाकुर,गायत्री परिहार,कैलाश बरकड़े,प्रकाश मिश्रा,जीवेश पांडे,प्रकाश अग्रवाल, निर्मला मोहितकर व आस्था पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक,छात्र तथा समाजसेवी उपस्थिति थे।

## सूने घर से नगदी जेवर साफ

जबलपुर। हनुमानताल थानांतर्गत कुंजड़हाई मस्जिद के पास अज्ञात चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर सोने के जेवर व नगदी पार कर दिए। अज्ञात आरोपी पर धारा 457, 380 का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। हनुमानताल पुलिस ने बताया कि कुंजड़हाई मस्जिद निवासी विकास कोष्टा डीटीएच का काम करता है। गत 22 दिसंबर को विकास अपनी पत्नी रश्मि, बच्चे व पिताजी के साथ अहमदाबाद घूमने गया था। 25 दिसंबर को भतीजे प्रदीप कोष्टा ने विकास को फोन कर जानकारी दी कि घर के सभी दरवाजों के ताले टूटे हैं। अंदर रखी अलमारी का सामान बिखरा पड़ा है। संभवतः चोरी हो गई है। विकास ने गुजरात से वापस लौटकर देखा कि अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के अंदर रखे सोने का एक मंगलसूत्र, चांदी की दो जोड़ी पायल, एक छत्र, सिंदूरदानी व डेढ़ हजार रुपये नगदी गायब थे। कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर नगदी व जेवर ले गया था।

# नमो ऐप से मिलेगी देश की वर्तमान स्थिति की जानकारी: पांडे

## विधायक ने छात्रों को कराया नमो ऐप डाउनलोड

**जबलपुर**। नमो ऐप से आप जुड़ते है तो आपको देश की वर्तमान स्थिति के विषय में जानकारी तो प्राप्त होती है साथ ही देश के प्रधानमंत्री से भी आप सीधे जुड़ने का काम करते है यह बात नमो ऐप के प्रदेश संयोजक एवं विधायक अभिलाष पांडे ने स्नेह नगर स्थित गौतम एकेडमी में छात्रों को नमो ऐप डाउनलोड करवाते समय कही। अभिलाष पांडे ने कहा कि नमो ऐप के माध्यम से केंद्र सरकार के कार्यों के साथ ही देश की प्रगति की जानकारी प्राप्त होती है क्योंकि इस ऐप के माध्यम से आप प्रधानमंत्री के कार्य एवं गतिविधियों को समझ सकते हैं। आज हमारा उद्देश्य सभी को नमो ऐप से जोड़ना है ताकि ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति, छात्र आमजन इससे जुड़कर सीधे देश के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अभिलाष पांडे ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्रगति के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है आज हमारा देश भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है आज विकसित भारत का संकल्प लेकर हम चल रहे हैं हर क्षेत्र में तीव्र गति से देश आगे बढ़ रहा है जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर मेहनत कर रहे हैं इसलिए हम सब का दायित्व है कि उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से हम सीधे जुड़ सकें। इस कारण से नमो ऐप से जुड़ने का अभियान भाजपा के द्वारा चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत आज 6 एवं 7 जनवरी को उत्तर विधानसभा में सभी जनों को नमो ऐप से जोड़ा जाएगा।आज गौतम एकेडमी में नमो ऐप के प्रदेश संयोजक के रूप में मैने छात्रों को जोड़ने का काम किया है।



## 25 हजार नर्मदा भक्तों के हस्ताक्षरों का ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर**। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति के द्वारा क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह को 25000 हस्ताक्षरों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री पी डब्लू मंत्री के नाम दिया। ज्ञापन में लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल पायलट प्रोजेक्ट की तरह शीघ्र तैयार किए जाने की मांग की गई। इस दौरान नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे दुर्गा पटेल श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबनी प्रभाकर चतुर्वेदी कैलाश विश्वकर्मा प्रशांत जैन आदि उपस्थित थे। चर्चा के दौरान नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा के संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह को बताया की 2017 में पुल पास हुआ समिति द्वारा 405 बार ज्ञापन विभिन्न विभागों को दिया जा चुका है इस बार कार्तिक पूर्णिमा की परिक्रमा में लाखों लोग पहुंच जाने से नाव में पार करने की दिक्कत हुई बरसात में 4 माह काम बंद रहता है नवंबर कार्तिक पूर्णिमा 2024 नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा पुल से पैदल निकल जाए।

## छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ रादुविवि में प्रदर्शन



**जबलपुर**। महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में एलएलबी पाठ्यक्रम में कॉपी पुनर्मूल्यांकन, सुपर एटीकेटी एवं सेमेस्टर की परीक्षा होने के पूर्व एटीकेटी की परीक्षा कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और कुलपति को ज्ञापन सौंपकर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने बताया किया एलएलबी में पाठ्यक्रम में जो विश्वविद्यालय द्वारा अधिनियम बनाए गए है वो पूरे तरीके से छात्र विरोधी है। 2013 के बाद से एलएलबी में पुनर्मूल्यांकन एवं सुपर एटीकेटी को बंद कर दिया गया। जिससे आज हजारों छात्र छात्रों को नुकसान हो रहा ह। परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्रों को ये अधिकार से वंचित कर दिया गया है कि वह अपनी कॉपी को पुनर्मूल्यांकन करवा सके, सिर्फ रिटोटेलिंग का प्रावधान है। छात्रों द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे हम उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान एड मोहित प्यासी, राहुल अगरिया, रोहित कुरील, देवेंद्र खरे , हर्ष प्रताप सिंह, शुभांशु सिंह, रोहित गुप्ता, सौरभ दुबे, अनुराग मरावी, कोमल उद्दय, ग्रीस मराठा, एड शिवम प्रजापति, एड धीरेंद्र सिंह, सादिक खान, अभिरूप चंसोरिया, रोहित नामदेव, जोहेब खान , दिनेश कुशवाहा, मुनिरुल, के साथ सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे।

# रात में थमे सुबह चल पड़े टैंकर

## फेक न्यूज की वजह जबलपुर में मचा हड़कंप

**जबलपुर**। शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात एक फेक न्यूज की वजह से जबलपुर में अफरा तफरी की स्थिति मच गई। टैंकर चालकों ने पेट्रोलियम डिपो में ट्रक खड़े कर दिये। 24 घंटे खुले रहने वाले पेट्रोल पम्प बंद होने गले। कुछ दिन पूर्व टैंकर हड़ताल से परेशान रहे शहरवासियों में हड़कंप मच गया कि हड़ताल फिर शुरु हो गई है। प्रशासन हरकत में आया किसी तरह स्थिति बिगड़ने के पूर्व संभाली गई। शनिवार देर शाम यह खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई कि महाराष्ट्र के निवाड़ी में ट्रक चालकों पर विगत दिनों हुई हड़ताल की वजह से एफआईआर दर्ज की ली गई है। जैसे यह खबर जबलपुर पहुंची तो ट्रक चालाकों के बीच आक्रोश की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद पेट्रोलियम डिपो के टैंकर चालकों ने ट्रक खड़े कर दिये। रात में जबलपुर की तरफ आने वाले ट्रक रवाना नहीं किये गये। पेट्रोलियम एसोसियेशन को भी यह खबर मिली की टैंकर हड़ताल फिर शुरु हो गई है। जिसके बाद जबलपुर में 24 घंटा खुले रहने वाले पम्प बंद होने लगे। पेट्रोल पम्प बंद होता देख आम शहरवासियों में हड़कंप की स्थिति मच गई। खबर वायरल होते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। जिसके बाद साफ हुआ कि ट्रक चालकों पर एफआईआर वाली खबर फेक न्यूज है। किसी तरह टैंकर चालकों को विश्वास में लिया गया।

# नरसिंहपुर से खाली हाथ लौटी पुलिस टीम

## बुजुर्ग की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला

जबलपुर।

मदनमहल थाना क्षेत्र निवासी एलआईसी से रिटायर्ड एक वृध्द अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैक मेल करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये गई मदनमहल पुलिस नरसिंहपुर से खाली हाथ लौट आई आरोपी अब तक वृध्द से 62 लाख 64 हजार रुपये हड़प चुके हैं। मदन महल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एलआईसी जबलपुर में एडीएम के पद से रिटायर्ड एक 62 वर्षीय वृध्द की अक्टूबर 2020 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर प्रदीप पटैल निवासी गोटेगांव नाम के व्यक्ति से दोस्ती हुई व उसके फोन पर बातचीत होने लगी थी तब वह एमवे का काम भी करता था, एमवे में जुडने के लिये प्रदीप पटैल से एमवे में काम करने को कहा था, जो प्रदीप पटैल ने रुचि दिखाते हुये मिलने के लिये कहा, प्रदीप से पहली मीटिंग एलआईसी आफिस के सामने हुई थी। प्रदीप से अच्छे संबंध बनते गये थे। प्रदीप और उसका दोस्त विक्रम सिंह ठाकुर उसके घर में आए, जहां प्रदीप कोल्ड ड्रिंक लाया था जिसे उसे पिला दिया था इसके बाद वह बेहोश हो गया था। इस दौरान दोनों ने मिलकर उसे निर्वस्त्र कर अश्लील वीडिया बना ली थी। प्रदीप पटैल व विक्रम पटेल समेत उनके अन्य साथियों ने लगातार वीडियो वायरल करने व जान से मार डालने की धमकी देकर अब तक अलग-अलग दिनांक में रिटायरमेन्ट फंड के करीब 62 लाख 64 हजार रुपये हड़प लिये थे। मदनमहल थाना प्रभारी प्रवीण धुर्वे ने बताया कि अश्लील वीडियो बनाकर वायरल की धमकी देकर अलग-अलग दिनांक में 62 लाख 64 हजार रूपये हड़पने वाले आरोपियों की तलाश में एक टीम नरसिंहपुर गई थी, लेकिन आरोपित नहीं मिले है। टीम वापिस आ गई है।



# देशी रिवाल्वर के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर**। ओमती पुलिस ने स्थानीय एक होटल के सामने रिवाल्वर खोंस कर खड़े आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी रिवाल्वर और एक कारतूस बरामद किया। ओमती पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर ओमती चौक के पास स्थित होटल अनमोल क्लासिक के सामने पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नगीना मस्जिद आजाद वार्ड मुड़वारा कटनी निवासी आरोपी 25 वर्षीय आमिर रजा को देसी पिस्टल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुध्द 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### कार की टक्कर से बाईक सवार तीन घायल

**जबलपुर**। पनागर थाना अंतर्गत गोसलपुर रोड पर कल रात 11.30 बजे के लगभग 1 कार चालक ने बाईक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें बाईक सवार तीन युवक घायल हो गये। घटना के संबंध में पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर मैत्री नगर निवासी अखिलेश अहिरवार माखन सिंह लोधी पूरन अहिरवार देवी सिंह लोधी 2 मोटर सायकल में गोसलपुर से जबलपुर आ रहे थे। तभी रजवाड़ा होटल के पास पीछे से आ रही एक कार क्रमांक एमपी 20 जेड एच 8173 के चालक ने माखन लोधी की गाड़ी में टक्कर मार दी। जिससे माखन पूरन और देवी सिंह घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## जिले की बारह-बारह ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

**जबलपुर।** केंद्र शासन की योजनाओं से सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने जिले में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा 8 जनवरी तथा 9 जनवरी को 12-12 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जबलपुर में 8 जनवरी को सगडा झपनी और बंदरकोला एवं 9 जनवरी को खापाग्वारी और तिघरा, जनपद पंचायत मझौली में 8 जनवरी को ग्राम पंचायत नंदघाट और हरदुआ एवं 9 जनवरी को बैहरकला और तलड, जनपद पंचायत पनागर में 8 जनवरी को ग्राम पंचायत छत्तरपुर और निभौरा एवं 9 जनवरी को भरदा और पडरिया, जनपद पंचायत पाटन में 8 जनवरी को ग्राम पंचायत थाना और मांदा एवं 9 जनवरी को सिमरियाकंतोरा और नीची, जनपद पंचायत शहपुरा में 8 जनवरी को ग्राम पंचायत सुन्द्रादेही और बसेड़ी एवं 9 जनवरी को मेरेगांव और पावला, जनपद पंचायत सिहोरा में 8 जनवरी को ग्राम पंचायत रजगवां और एक अन्य ग्राम पंचायत एवं 9 जनवरी को महाबजर और गिदुरहा का भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। प्रारंभ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जायेगा तथा प्रचार रथ से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण होगा । केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही "मेरी कहानी मेरी जुबानी" की थीम पर अपने अनुभव साझा करेंगे। ग्रामीणों को वर्ष-2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया जायेगा। प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को प्रोत्साहित करने "माटी कहे पुकार के" की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को कैप और टी-शर्ट पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी।
विकसित भारत यात्रा के भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायतों में मृदा परीक्षण एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने कृषि विभाग द्वारा शिविर लगाये जाएंगे। प्रधानमंत्री प्रणाम योजना के अंतर्गत किसानों के समक्ष ड्रोन से फसलों पर नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन भी होगा। आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की पात्रता पर्ची बनाने, बैंको से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने शिविर इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा लगाये जायेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए भी अलग से स्टॉल लगाया जायेगा। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख योजनाओं का लाभ पहुंचाने भी इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण भी किया जायेगा।

### शहर में कहीं भी कचरा दिखा तो स्वास्थ्य अमले की खैर नहीं

## सफाई व्यवस्था देखने अचानक रजा चौक पहुंची निगमायुक्त

**रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया**

### खुले में ना हो मांस मटन की बिक्री -श्रीमती प्रीति यादव






**जबलपुर** । शहर में सफाई व्यवस्था में कसावट लाने के मुख्य उद्देश्य से निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा लगातार वार्डो का निरीक्षण किया जा रहा है। आज रविवार को भी इसी कड़ी में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के रजा चौक अचानक पहुंचकर सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्रीमती यादव ने निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए की हर हाल में शहर में साफ सफाई व्यवस्था अच्छी रखी जाए।

आज अवकाश के दिन भी उन्होंने शहर के अनेकों वार्डों में जाकर स्थिति का जायजा लिया। निगमायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि खुले में मांस मटन की बिक्री बिल्कुल न हो और जो भी ऐसा करता है तो तत्काल ही उस पर कार्रवाई की जाकर जुर्माना भी लगाया जाए। उन्होंने शहर के अन्य क्षेत्रों में निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई दुरुस्त रखने की हिदायत देते हुए अधिकारियों को कहा की कहीं पर भी गंदगी के ढेर न दिखाई दे। शहर के चारों तरफ साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए हर वार्ड में सफाई अभियान चलाएं। अपने इस औचक निरीक्षण में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने रजा चौक के वार्ड में काफी देर तक घूम-घूम कर सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की कोई हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि शहर में कहीं भी कचरा दिखाई दिया तो स्वास्थ्य अमले की खैर नहीं है। सभी अलर्ट रहकर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने की हिदायत दी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी महेंद्र उइके आदि उपस्थित रहे।



## खितौला नगर संघर्ष समिति ने कलेक्टर के सिहोरा आगमन पर की पीड़ा व्यक्त

### क्षेत्रीय जनों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन


**सिहोरा।** खितौला नगर संघर्ष समिति ने कलेक्टर जबलपुर के सिहोरा आगमन पर गंदे पानी की निकासी की समस्या का निराकरण न होने के कारण नरकीय जीवन जीने मजबूर खितौला के बसींदों की पीड़ा से अवगत कराया।

#### क्या है मामला

खितौला बाजार जैन मंदिर से पहरेवा एन एच -30 तक न.पा. क्षेत्र के वार्ड क्र. 13, 14, एवं 15 की बसाहट है, एवं इस मुख्य मार्ग पर कृषि उपज मंडी, ढेलाराम मंदिर, एवं मारथोमा ग्राम ज्योति स्कूल भी है इसके अतिरिक्त पहरेवा,जुनवानी,बरगवां आदि अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को खितौला उपनगर से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग भी है। उक्त मुख्य मार्ग पर किसानों स्कूल के बच्चों,कालेज के विद्यार्थियों, मंडी हम्मालो,कर्मचारियों,व्यापारियों एवं स्थानीय व बाहरी लोगो को मिलाकर 4 से 5 हजार लोग प्रतिदिन आवागमन करते है। गन्दे पानी की निकासी न होने के कारण नालियों का पानी सड़क पर बहाने से मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। विदित हो बहुत पुरानी जर्जर एवं सकरी नालियों में गंदे पानी का अधिक दबाव होने एंव जगह जगह नालियों में टूट फूट एवं नालिया चोक होने के कारण ढेला राम मंदिर के सामने सड़क तालाब में परिवर्तित हो गई है। पानी की निकासी ना होने के कारण रोड पर घुटनो तक पानी भर जाता है।ऐसी स्थिती में सड़क के किनारे रहने वाले नागरिको के घरों में गंदी नाली का पानी भर जाता है। स्थानीय लोग उक्त समस्या के निराकरण की मांग लंबे समय से स्थानीय प्रशासन से कर रहे हैं लेकिन नगर की पालक संस्था के उपेक्षा पूर्ण रवैया के चलते स्थानीय लोगों को नरकीय जीवन जीने विवस होना पड़ रहा है।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पार्षद राजेश चौबे,शिशिर पांडे,एड उमेश तिवारी,नवीन शुक्ला,दीपक तिवारी,उपमन्यु अवस्थी,विनय दुबे,अजय त्यागी, नरेन्द्र सिंह ठाकुर,राजकुमार विश्वकर्मा सहित अनेक क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।



### मंत्री राकेश सिंह नर्मदा पूजन कर कार्यक्रम में हुये शामिल

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह का आज शाम भोपाल से जबलपुर आगमन हुआ। भोपाल से आते ही श्री सिंह ने नारायणपुर में नर्मदा पूजन कर स्टेट बार काउंसिल और डिसट्रिक्टन बार काउंसिल कार्यक्रम में भाग लिया।

### "सुनिये कथा श्री राम की" मानस सम्मेलन कल से

**जबलपुर।** निकटवर्ती ग्राम आगासौद पाटन रोड में श्री रामचरित मानस सम्मेलन 09 से 13 जनवरी तक आयोजित है, जिसमें "सुनिये कथा श्रीराम की" कथा का आयोजन लगातार नौवें वर्ष किया जा रहा है। पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से सायंकाल 06 बजे तक की कथा की जाएगी। आयोजन के मुख्य प्रवक्ता राघवकिंकर महाराज मानस आलोक मिश्रा, झीझक कानपुर उप्र, मानस मणि राष्ट्रीय प्रवक्ता साध्वी नीलम गायत्री, जानकीकुंड चित्रकूट धाम जिला सतना मप्र एवं मानस पियूषा, आस्था दुबे (काजल देवी) मानस नगर ठूठा जबलपुर से पधार रही हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रवचनकर्ता रामरस की वर्षा करेंगी। श्री रामायण मंडल आगासौद के तत्वावधान में किया जाएगा। आयोजक मंडल के वरिष्ठ सदस्य सुनील पटेल, अशोक सिंह राजपूत, मंगल सिंह, प्रभुसिंह, जितेन्द्र तिवारी, मदन दाहिया आदि ने सभी कथा धर्म प्रेमियों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की है।

## मकान के अन्दर युवक जिन्दा जला



**पोंडा।** सिहोरा थाना अंतर्गत मझौली रोड पर ग्राम पोंडीकला में शनिवार की रात एक युवक पक्के मकान के अन्दर खटिया सहित जिन्दा जला। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया की शिवदास यादव पिता दीना यादव उम्र 45 वर्ष की आग से जलने की सूचना मिली। पुलिस घटना स्थल पर पहुँची जॉच की गई तो युवक पक्के मकान में खटिया सहित खाक हो चुका था मर्ग कायम कर मामला जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि युवक शराब पीने का आदि था। नशे के कारण मौत को अंजाम दिया।

## जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंची मुंबई

**मझौली।** अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के श्री विष्णु वराह कप 2024 में आज चौथा लीग मुकाबला मुंबई और प्रयागराज के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयागराज की टीम 19.2 ओवरों में 105 में ऑल आउट हो गई। जिसमें सौरभ त्रिपाठी ने 23 रन,शशांक ने 19 रन और शुभ शर्मा में 15 रन बनाए बाकी सभी बल्लेबाज सस्ते में आउट हुए। मुंबई की ओर से अमोल ने 3 विकेट,अनूप शुक्ला और शैलेश ने 2-2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की टीम ने आदित्य की 48 रनों की धेर्यतापूर्वक खेली गई पारी और कप्तान विवेक की 20 रनों की पारी की बदौलत इस लक्ष्य को 19.1 ओवर में 8 विकेट होकर 106 रन बनाकर हासिल कर 2 विकेट की शानदार जीत अपने नाम दर्ज की। प्रयागराज की ओर से प्रियांशु यादव दो विकेट और अन्य गेंदबाजों ने एक-एक विकेट हासिल किया। मुंबई के आदित्य को उनकी 48 रनों की शानदार बल्लेबाजी के कारण मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष अभिताभ साहू जी, नगर परिषद उपाध्यक्ष गामा सोनकर ,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र चौरसिया ,गिरीस पालीवाल ,मुकेश साहू ,मोनू राय ,राजेश ठाकुर जिला पंचायत सदस्य अभिलाष विश्वकर्मा ,दिशा मोटर्स से रेशू जैन ,शकील भाईजान ,अंपायर राहुल जैन , शाहिद खान ,उमेश उपाध्याय ,स्कोरर रामराज राजपूत ,महेंद्र रैकवार ,संदीप झारिया ,फिरोज खान ,कॉमेंटेटर के रूप में राममिलन सिंह राजपूत और आशीष तिवारी उपस्थित हुए।कल का दूसरा क्वार्टरफाइनल मुकाबला मुंबई की टीम और नरसिंहपुर की टीम के मध्य खेला जाएगा।

## विधायक के साथ मिलकर करेंगे सिहोरा जिला के लिए प्रयास

**सिहोरा।** विधानसभा चुनाव के 2 वर्ष पहले से सिहोरा को जिला बनाने के लिए संघर्ष कर रही है लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने निर्णय लिया है कि अब वह वर्तमान विधायक को साथ ले लोकसभा चुनाव के पूर्व सिहोरा को जिला बनाने का अपना प्रयास जारी रखेगी। समिति ने इसके लिए सिहोरा विधायक के साथ बैठक करने का निर्णय लेते हुए विधायक से बैठक हेतु समय मांगा है। विदित हो कि सिहोरा को जिला बनाने की मांग 23 वर्षों पुरानी है। वर्ष 2001 से 2003 के मध्य समस्त विभागीय प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद भी सिहोरा जिला मूर्त रूप नहीं ले सका था। इसकी अंतिम अधिसूचना के प्रकाशन के लिए विधानसभा चुनाव के पहले आंदोलन समिति द्वारा आंदोलन किया गया परंतु चुनाव के पूर्व सिहोरा जिला ना बन सका। यद्यपि चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं स्मृति ईरानी, प्रहलाद पटेल और शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रत्याशी जिताने पर सिहोरा जिला बनाने का आश्वासन दिया गया था। अब इन्हीं दिग्गज नेताओं के आश्वासनों के आधार पर समिति वर्तमान विधायक संतोष बरकड़े के नेतृत्व में सिहोरा जिला की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना चाहती है।समिति ने पूरे नगर में इन नेताओ के फोटो के साथ इनके वादों का पोस्टर लगाने का भी निर्णय लिया है। समिति अब नए नारे अब जिला सिहोरा कब के साथ मैदान में उतरेगी। बैठक में जिला आन्दोलन समिति के अलावा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मोगली उत्सव में हिस्सा लेने जबलपुर से 29 जिलों के बच्चे हुए रवाना




**जबलपुर।** पेंच अभ्यारण में राज्य स्तरीय मोंगली उत्सव हेतु जबलपुर से 29 जिलों के बच्चे चार बसों के माध्यम से रवाना हुए, बसों को जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि पेंच अभ्यारण मे प्रतिवर्ष पूरे प्रदेश के बच्चें एकत्रित होते है तथा जंगल मे प्रकृति, जानवरों के बीच रहकर रोमांचक अनुभव लेते है। इस वर्ष यह कार्यक्रम पेंच सिवनी में 8 जनवरी से 10 जनवरी तक आयोजित है तथा प्रदेश के सभी जिलों से 2 लड़के 2 लड़कियां एवं इनके साथ एक महिला एक पुरुष शिक्षक कुल एक जिले से 6 की संख्या मे मोगली उत्सव मे भाग लेने जा रहे है। जबलपुर जिले में 29 जिलों से एकत्रित होकर ये सभी बच्चे बसों के माध्यम से पेंच हेतु निकले। जबलपुर पहुंचने पर सभी बच्चों को चाय नाश्ता तथा लंच पानी बॉटल देकर कार्यक्रम हेतु बसों के माध्यम से भेजा गया। प्रत्येक बस मे असुविधा न हो इस हेतु एक एक मार्गदर्शी शिक्षक को भी भेजा गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने स्वयं उपस्थित होकर सभी व्यवस्थाओ का जायजा लिया, बाहर जिले के बच्चों एवं शिक्षकों से बात की। प्राचार्य मॉडल श्री मुकेश तिवारी, परीक्षा प्रभारी अरविन्द अग्रवाल के द्वारा भी उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया गया।

### बेलगाम कार की टक्कर से बहन की मौत, भाई गंभीर

**जबलपुर।** तिलवारा थानांतर्गत कल शाम लगभग 4 बजे एक होटल के सामने तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाईक सवार भाई बहन घायल हो गये, बहन को चोटें गंभीर होने के कारण उसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टर ने चैक कर उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर आरोपी कार चालक पर धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला दर्ज कर तलाश जारी है। घटना के संबंध में तिलवारा थाना प्रभारी सरिता बर्मन ने बताया कि बहोरीपार बरगी निवासी मोहित पटेल कल अपनी बहन मोनिका पटेल के साथ मोटर साइकिल से कही जा रहा था, तभी शाम लगभग 4 बजे रायल आर्बिट होटल के सामने तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना में बहन मोनिका पटेल को गंभीर चोटे आई थी वहीं गाड़ी चला रहा उसका भाई मोहित पटेल भी घायल हो गया। घायल मोनिका को इलाज के लिए तत्काल मेडिकल अस्पताल भिजवाया गया जहां डाक्टर ने चैक कर उसे मृत करार दिया।




**श्री कौशल किशोर स्वामी-** एरावत काम्पलेक्स हाथीताल निवासी श्री कौशल किशोर स्वामी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री पिंकी कशीस-** गली नं 19, सदर निवासी श्री मोहन लाल कशीस की पुत्री सुश्री पिंकी कशीस (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जीवन लाल नामदेव-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री जीवन लाल नामदेव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण यादव-** उदय नगर व्हीकल निवासी श्री अरूण यादव (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नन्हीं बाई कुशवाहा-** तिलहरी मंडला रोड निवासी श्री सुम्मेर सिंह कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती नन्हीं बाई कुशवाहा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल रामदीन करोसिया-** सेठी नगर पानी की टंकी के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री अनिल रामदीन करोसिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम स्वरूप वर्मा-** द्वारका नगर दुर्गा मंदिर के पास निवासी श्री राम स्वरूप वर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल चौबे-** आनंद नगर अधारताल निवासी श्री अनिल चौबे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता स्वर्णकार-** शक्ति नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बाबू लाल स्वर्णकार की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता स्वर्णकार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# कर्ज महंगा हुआ तो इसका असर यात्री वाहनों की बिक्री पर पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक यदि आगे चलकर प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती नहीं करता है, तो वाहन कर्ज और महंगा हो सकता है, जिसका सीधा असर यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री पर पड़ेगा। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही है। श्रीवास्तव ने कहा कि इस साल उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों के ऊंचे आधार के चलते यात्री वाहनों की बिक्री वृद्धि एक अंक में रह सकती है। श्रीवास्तव ने कहा कि देश की कुल आर्थिक वृद्धि एक सकारात्मक कारक है।

■ 2023 में रिकॉर्ड 41.08 लाख इकाइयों की बिक्री हुई

## मारुति के अधिकारी ने कहा, उद्योग एक अंकीय वृद्धि के लिए तैयार

### 2023 में वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही

इस आधार पर लगातार वृद्धि हासिल करना कुछ मुश्किल है। हमने देखा कि 2021 में वृद्धि लगभग 27 प्रतिशत थी, 2022 में यह 23 प्रतिशत थी। 2023 में यह 8.3 प्रतिशत है। इसलिए मेरा अनुमान है कि इस साल वृद्धि एक अंक में रहेगी। श्रीवास्तव ने कहा कि वाहन कर्ज की दरों में संभावित बढ़ोतरी भविष्य की मांग को प्रभावित कर सकती है।



### अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर वृद्धि निर्भर

श्रीवास्तव ने कहा, 'वाहन उद्योग की वृद्धि काफी हद तक कुल अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर निर्भर करती है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6-6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दोनों के बीच अधिक जुड़ाव होता है... इसलिए यह एक सकारात्मक पक्ष है।' उन्होंने कहा, हम पहुंच ऊंचे 'आधार' पर पहुंच गए है।

### पिछले साल ढाई प्रतिशत वृद्धि हुई है

पिछले साल से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बढ़ोतरी को अभी पूरी तरह खुदरा ऋण स्तर पर स्थानांतरित नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि आवास ऋण में फ्लोटिंग दरों की वजह से रेपो दर में वृद्धि तुरंत खुदरा ऋण दरों में आती है।

### 98 फीसदी कर्ज फिक्स्ड दरों पर होता है

वाहन ऋण के मामले में लगभग 98 प्रतिशत कर्ज निश्चित या फिक्स्ड दरों पर होता है। श्रीवास्तव ने कहा कि अबतक रेपो दर में 2.50 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से 1.3 प्रतिशत खुदरा वाहन कर्ज में आया है। यदि इस साल नीतिगत दर में कटौती नहीं होती है, तो वाहन कर्ज 1.2 प्रतिशत और महंगा हो सकता है।

*अन्य कारक बिक्री को प्रभावित करेंगे*

अधिकारी ने कहा कि ब्याज दर में संभावित वृद्धि के अलावा जो अन्य कारक यात्रा वाहन की बिक्री को प्रभावित कर सकते है, उनमें दबी मांग का समाप्त होना और विनिर्माताओं द्वारा 2023 की समाप्ति से पहले स्टॉक में किया गया 'करेक्शन' शामिल है।

## खबर संक्षेप

### कल्याण ज्वैलर्स 250वीं दुकान अयोध्या में खोलेगी





**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेता कल्याण ज्वैलर्स चालू वित्त वर्ष की अंतिम (मार्च) तिमाही में अपनी 250वीं दुकान उत्तर प्रदेश के अयोध्या में खोलेगी। भारत और पश्चिम एशिया में 30 नई दुकानें खुलने की है।भारत में 15 'कल्याण' दुकानें, पश्चिम एशिया में दो 'कल्याण' दुकानें और 13 'कैंडेयर' दुकानें खोलने की योजना है।

### सभी तेल-तिलहन कीमतों में रहा सुधार का रुख



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में सोयाबीन डीगम और कच्चे पामतेल (सीपीओ) के दाम में आई मजबूती के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में लगभग सभी तेल-तिलहनों (सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल, पामोलीन दिल्ली एवं एक्स-कांडला तथा बिनौला तेल) के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में टीसीएस रही





**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 57,408.22 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 214.11 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### धामपुर शुगर 10 लाख इक्विटी शेयरों की करेगी पुनर्खरीद



**नई दिल्ली।** धामपुर शुगर मिल्स के निदेशक मंडल ने 10 लाख पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद को मंजूरी दे दी है। यह पुनर्खरीद 300 रुपये प्रति इक्विटी की दर पर की जाएगी। कंपनी ने 10 लाख इक्विटी शेयर की पुनर्खरीद का प्रस्ताव किया है। यह 31 मार्च, 2023 तक इक्विटी शेयर की कुल संख्या का 1.50 प्रतिशत है।

### 'इंडसफूड' में 7,500 से अधिक वैश्विक खरीदार लेंगे हिस्सा

INDUS FOOD

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सोमवार से शुरू होने वाले तीन दिन की खाद्य मेले में 1,200 से अधिक प्रदर्शक और 7,500 से अधिक वैश्विक खरीदार हिस्सा लेंगे। 'इंडसफूड' भारत का एकमात्र निर्यात-केंद्रित खाद्य एवं पेय पदार्थ व्यापार मेला है। वैश्विक खरीदारों के समक्ष घरेलू उत्पाद पेश किए जाते हैं।

### मैक्रोटेक डेवलपर्स की बिक्री बुकिंग 14 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स ने घरों की मांग में वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,300 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 9,040 करोड़ रुपये की रही थी।लोढ़ा ब्रांड के तहत कारोबार करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स की मुंबई महानगर क्षेत्र और पुणे में अच्छी उपस्थिति है। कंपनी ने हाल ही में बेंगलुरु के रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश किया है।

## भारत कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रहा

# खपत बढ़ाने के लिए महंगाई को नीचे लाना जरूरी : इंडिया रेटिंग्स

■ मुद्रास्फीति नीचे आने से लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा होगा

■ निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था कम खपत वृद्धि की चुनौती का सामना कर रही है, क्योंकि उच्च मुद्रास्फीति निम्न आय वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने यह बात कही है।

पंत ने कहा, 'हालांकि, देश की अर्थव्यवस्था अब सामान्य से कम मानसून और उच्च वैश्विक तेल कीमतों के दोहरे झटके से निपटने की जुझारू क्षमता रखता है, लेकिन चुनौती मुद्रास्फीति को नीचे लाने की है, ताकि लोगों के हाथ में खर्च के लिए अधिक पैसा हो।'

अर्थशास्त्री ने कहा कि मुद्रास्फीति में एक प्रतिशत अंक की कमी से सकल घरेलू उत्पाद में 0.64 प्रतिशत की वृद्धि होगी या पीएफसीई (निजी अंतिम उपभोग व्यय) में 1.12 प्रतिशत अंक की वृद्धि होगी... यदि मुद्रास्फीति को एक प्रतिशत अंक तक कम किया जा सकता है, तो यह सभी के लिए जीत की स्थिति होगी। पीएफसीई व्यक्तियों द्वारा व्यक्तिगत उपभोग के लिए वस्तुओं और सेवाओं पर खर्च को दर्शाता है।

### आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है

वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स की अनुषंगी कंपनी इंड-रा के अनुमान के मुताबिक, पीएफसीई चालू वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह वृद्धि 7.5 प्रतिशत थी। पंत ने कहा कि आर्थिक वृद्धि सरकारी खर्च से आगे बढ़ती है।



### खाद्य कीमतों में वृद्धि से महंगाई बढ़ी

नवंबर में खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है, जिसका मुख्य कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि है।

India Ratings & Research
A Fitch Group Company

*50 फीसदी को अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ रहा :* पंत ने कहा, 'हमने एक अध्ययन किया है और पाया है कि निचले 50 प्रतिशत वर्ग के लोगों को शीर्ष 50 प्रतिशत आबादी के लोगों की तुलना में अधिक मुद्रास्फीति का सामना करना पड़ता है। मुख्य रूप से निचले हिस्से के लोगों द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें ऊपरी स्तर द्वारा उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की तुलना में तेजी से बढ़ रही हैं।'

### निजी कंपनियों का निवेश जरूरी

साल-दर-साल आधार पर लगातार खर्च के ऊंचे स्तर से राजकोषीय घाटे और ऋण के लिए जोखिम पैदा होता है, जिसके चलते ब्याज दरें ऊंची रहेंगी। 'जबतक निजी कंपनियों का निवेश शुरू नहीं होता और सरकार अपने द्वारा किए जा रहे कुछ निवेश को वापस नहीं लेती है, तबतक अर्थव्यवस्था में स्थिर वृद्धि की राह नहीं पकड़ेगी।'

### भारत में दो प्रकार के आयवर्ग वाले

वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहेगी। पंत ने कहा कि आय वर्ग के मामले में भारत दो प्रकार के हैं - एक उच्च आय वर्ग के लोग और दूसरे निम्न आय वर्ग के लोग। 'पिरामिड के निचले स्तर के लोगों का वेतन उसी गति से नहीं बढ़ रहा है जिस गति से संगठित क्षेत्र के लोगों या ऊपरी स्तर के लोगों का बढ़ रहा है।

# निवेश बैंकरों की शुल्क आय रिकॉर्ड 1.3 अरब डॉलर पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई



निवेश बैंकरों की शुल्क आय 2023 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गई। एलएसईजी डील्स इंटेलिजेंस (पुराना नाम रिफिनिटिव) द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2023 में अनुमानित शुल्क 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2022 की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2000 से दर्ज किए जा रहे इन आंकड़ों में यह अबतक का सबसे ऊंचा आकड़ा है। उच्च इक्विटी और बॉन्ड बिक्री की वजह से निवेश बैंकरों की आय बढ़ी है।

■ 2023 में सालाना आधार पर 28 फीसदी बढ़ी

एजेंसी के अनुसार, भारतीय स्टेट बैंक 10.27 करोड़ अमेरिकी डॉलर के संग्रह के साथ निवेश बैंकिंग शुल्क हासिल करने में शीर्ष पर रहा। यह देश के कुल निवेश बैंकिंग शुल्क का 7.7 प्रतिशत है। दूसरा सबसे बड़ा शुल्क स्रोत इक्विटी पूंजी बाजार (ईसीएम) 'अंडरराइटिंग' से रहा। यह 2023 में 68 प्रतिशत बढ़कर 34.35 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

ईसीएम गतिविधियों में 2023 में 31.2 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए गए। यह 2022 की तुलना में यह 59.6 प्रतिशत अधिक है। वहीं 2021 के बाद से सर्वाधिक है। ईसीएम पेशकशों की संख्या में भी सालाना आधार पर 48.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

### 24.4 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी

ईसीएम मार्ट का नेतृत्व अनुवर्ती पेशकशों द्वारा किया गया, जो कुल ईसीएम आय का 78 प्रतिशत रहीं। इसमें 24.4 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी हुई। यह सालाना आधार पर 105.1 प्रतिशत अधिक है, जबकि मात्रा 39.8 प्रतिशत बढ़ी।

# रिलायंस-ब्रुकफील्ड के साथ मिलकर खोलेगी डेटा सेंटर

■ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

उद्योगपति मुकेश अंबानी ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज कनाडा की ब्रुकफील्ड के साथ साझेदारी में अगले सप्ताह चेन्नई में एक डेटा सेंटर खोलेगी। रिलायंस ने पिछले साल जुलाई में एक मौजूदा संयुक्त उद्यम में प्रवेश करने के लिए करीब 378 करोड़ रुपये का निवेश किया था, जिसमें ब्रुकफील्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर और अमेरिका के रियल्टी एस्टेट निवेश ट्रस्ट डिजिटल रियल्टी पहले से ही भागीदार थे। इन तीनों की इस उद्यम में 33-33 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। 'तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट' में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के



चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि उनका समूह नवीकरणीय ऊर्जा तथा हरित हाइड्रोजन के साथ-साथ राज्य में एक डेटा सेंटर स्थापित करने में भी निवेश कर रहा है। अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने अत्याधुनिक डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए कनाडा की ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट और अमेरिका स्थित डिजिटल रियल्टी के साथ साझेदारी की है। डेटा सेंटर अगले सप्ताह खोला जाएगा। भारतीय डेटा सेंटर बाजार हाल के महीनों में गौतम अडाणी के अडाणी समूह और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल लिमिटेड के बाद अब रिलायंस के प्रवेश के साथ गर्मा गया है।


## गोदरेज की रसायन इकाई गुजरात में करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड की रसायन इकाई ने गुजरात के वलसाड में क्षमता विस्तार के लिए अगले चार साल में 600 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रसायन प्रभाग) ने इसके लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के तहत कंपनी वालिया में महत्वपूर्ण विस्तार पर अगले चार वर्षों में 600 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना सकती है। इससे लगभग 250 लोगों को रोजगार मिलेगा।' कंपनी ने कहा कि एमओयू से वालिया में विस्तार का मार्ग खुलेगा। वहां गोदरेज इंडस्ट्रीज के पास पहले से ही एक विनिर्माण इकाई है। गोदरेज इंडस्ट्रीज (रसायन) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल शर्मा ने कहा, 'यह रणनीतिक सहयोग वृद्धि, नवोन्मेष और क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।'

## ग्रामीण स्टार्टअप के लिए बेहतर आपूर्ति श्रृंखला जरूरी

**नई दिल्ली।** ग्रामीण स्टार्टअप अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नए कार्यक्रमों के वास्ते मजबूत आधार तैयार रहे हैं, क्योंकि जमीनी स्तर के उद्यमी को सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला, सब्सिडी, बेहतर बुनियादी ढांचे और कोष तक आसान पहुंच की दरकार हैं। बजट तथा लोकसभा चुनाव के नजदीक आने पर स्टार्टअप को उम्मीद है कि सरकार विभिन्न मुद्दों पर ध्यान देगी। हालांकि, पिछले कुछ साल में विभिन्न नीतिगत बदलावों से उनके समग्र प्रदर्शन में सुधार हुआ है। क्रिनी स्पाइसेज के संस्थापक प्रदीप कुमार यादव ने कहा, "भारत के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को पुराने उपकरण, अप्रभावी आपूर्ति श्रृंखला, खराब बुनियादी ढांचे और सीमित वित्त उपलब्धता जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकार हमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद करेगी ताकि हम अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात कर सकें। क्रिनी स्पाइसेस को मार्च 2017 में शुरू किया गया था। इसमें 22 प्रत्यक्ष और 100 से अधिक अप्रत्यक्ष कर्मचारी हैं। कंपनी ने 2022-23 में 4.19 करोड़ रुपये का कारोबार किया।



### कच्चे माल का आयात आसान हो सके

कृषि फिल्म और औद्योगिक पैकेजिंग फिल्म का विनिर्माण करने वाली पुणे की आइरिस पॉलीमर्स के संस्थापक अरुण अवताडे ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति और बिक्री श्रृंखलाओं से जुड़ने में मदद कर सकती है ताकि कच्चे माल का आयात तथा तैयार उत्पादों का निर्यात आसान हो सके।

# समर्थन मिले तो 90 अरब डॉलर होगा देश में जूता चप्पल उद्योग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देश के जूता-चप्पल (फुटवियर) उद्योग का आकार 2030 तक तीन गुना से अधिक होकर 90 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

■ उद्योग का आकार 2030 तक तीन गुना से अधिक होगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि इस उद्योग को जूता आयात पर प्रतिबंध, राजकोषीय प्रोत्साहन, अधिक डिजाइन केंद्र और ताइवान के अनुबंधित विनिर्माताओं को यहां दुकानें स्थापित कराने जैसे उपाय किए जाएं, तो यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा।

आर्थिक शोध संस्थान वैश्विक व्यापार अनुसंधान पहल (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 26 अरब डॉलर के भारतीय फुटवियर बाजार के 2030 तक 90 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें कहा गया, 'यह वृद्धि मुख्य रूप से दो भारत में गैर-चमड़े के जूते (जैसे खेल के जूते, दौड़ने के जूते, कैजुअल वियर और स्नीकर्स) की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि कर इसकी बाजार हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 2030 तक 75 प्रतिशत करने और चमड़े के जूते के उत्पादन में लघु-स्तरीय, कुटीर उद्योगों से बड़े कॉरपोरेट की ओर बदलाव करना। इस क्षेत्र के लिए आठ कदमों का सुझाव देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को घरेलू कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा स्थानीय उत्पादन का समर्थन करना चाहिए और तैयार जूते के 'आयात को रोकना' चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया, 'आज कई ब्रांड भारत में चीन या वियतनाम में बने जूते बेचते


### भारत जूतों के सामान का उत्पादन नहीं करता

इसने सुझाव दिया कि सरकार प्रीमियम जूते बनाने के लिए आवश्यक सामग्री के लिए पीएलआई (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन) योजना शुरू करे क्योंकि भारत जूता बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान का उत्पादन नहीं करता है। इनमें आउटसोल मोल्ड, ब्लू, एथिलीन विनाइल एसिटेट (ईवीए) फैब्रिक शामिल हैं।

# एफएमसीजी कंपनियों को एकल अंक वृद्धि की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली अग्रणी कंपनियां अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सालाना आधार पर एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद कर रही हैं। तिमाही आधार पर उपभोक्ता मांग में सुधार हुआ है, जिसके चलते एफएमसीजी कंपनियों को अक्टूबर-दिसंबर में निम्न से मध्य एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है। डाबर, मैरिको और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसी प्रमुख सूचीबद्ध



कंपनियों ने अपने तिमाही आंकड़ों को जारी करते हुए कहा है कि ग्रामीण बाजार में उपभोक्ता मांग कम रही है। कंपनियां धीरे-धीरे बढ़ोतरी को लेकर आशान्वित हैं क्योंकि मात्रा में सुधार के रुझान के साथ खपत में सुधार के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं।

# टोयोटा ने वाहनों के दाम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाए



**नई दिल्ली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक जनवरी, 2024 से वाहनों की कीमतों में 0.5 प्रतिशत से 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। यह वृद्धि चुनिंदा मॉडल और कुछ संस्करणों पर की गयी है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कहा कि बढ़ती लागत की आंशिक रूप से भरपाई के लिए यह वृद्धि आवश्यक थी।

इसमें कहा गया है कि इसका ध्यान रखा गया है कि कीमत वृद्धि का ग्राहकों पर कम-से-कम प्रभाव हो। इसको ध्यान में रखते हुए समग्र मूल्य समायोजन को नियंत्रित किया गया है।

# जोमेटो समेट रही दुनिया से कारोबार एक साल में बंद की 10 सब्सिडरी


■ कंपनी का सारा ध्यान अब भारत पर होगा

■ पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमेटो ने सारी दुनिया से अपना कारोबार समेट लिया है। कंपनी ने पूरा फोकस सिर्फ भारत पर लगाने का फैसला किया है। जोमेटो ने पिछले एक साल में वियतनाम और पोलैंड समेत दुनियाभर में फैली अपनी 10 सब्सिडरी कंपनियों को बेच दिया है।

&nsp; गुरुग्राम स्थित जोमेटो ने मार्च, 2023 से लेकर अब तक 10 कंपनियों को बेच दिया है। कंपनी ने इसी हफ्ते स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में बताया कि जोमेटो वियतनाम कंपनी लिमिटेड और पोलैंड के ऑनलाइन





### कनाडा व अमेरिका में भी समेट चुकी है कारोबार

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने 2023 में जोमेटो चिली एसपीए, पीटी जोमेटो मीडिया इंडोनेशिया, जोमेटो न्यूजीलैंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जोमेटो ऑस्ट्रेलिया, जोमेटो मीडिया पुर्तगाल यूनिपेसोल, जोमेटो आयरलैंड, जोइंग एवं चेक रिपब्लिक लंचटाइम और जोमेटो स्लोवाकिया को बंद कर दिया था। इससे पहले कंपनी कनाडा, अमेरिका, फिलिपींस, ब्रिटेन, कतर, लेबनान और सिंगापुर में भी अपने बिजनेस बंद कर चुकी है।

### दो तिमाही से लाभ में चल रही कंपनी

वित्तीय वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, जोमेटो के पास 16 सब्सिडरी, 12 स्टेप डाउन सब्सिडरी और एक एसोसिएट कंपनी थी। इनमें जोमेटो पेमेंट्स, ब्लिंकिट कॉमर्स और जोमेटो फाइनेंशियल सर्विसेज शामिल थीं। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की पहली दो तिमाही में शुद्ध लाभ हुआ है। उसने जून तिमाही में 2 करोड़ रुपए और सितंबर तिमाही में 36 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। कंपनी का रेवेन्यू 71 फीसदी बढ़कर 2,848 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

डिलीवरी प्लेटफॉर्म गेस्ट्रोनोची को बेचने का फैसला लिया गया है। यह फैसला कॉस्ट कटिंग के चलते लिया गया। इसके साथ ही जोमेटो ने 10 देशों में कारोबार बंद कर दिया है।

### कारोबार पर नहीं पड़ेगा कोई असर

लगभग सभी मार्केट से बाहर निकलने के बावजूद जोमेटो अभी भी इंडोनेशिया, श्री लंका और यूएई में कारोबार चला रही है। कंपनी ने कहा कि इन सब्सिडरी को बंद किए जाने के बावजूद उसके कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। विदेशी बाजारों में कंपनी का एक्टिव बिजनेस ऑपरेशंस नहीं था।

## चिंतन

# अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा को समझे मालदीव

भारत को अपने किसी भी क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने व उसके महत्व को प्रचारित करने का संप्रभु हक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप में स्नॉर्कलिंग की अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए भारतीयों से लक्षद्वीप घूमने जाने की अपील की। इसमें किसी को क्यों आपत्ति होनी चाहिए? भारत की अपनी आबादी ही इतनी है कि किसी भी क्षेत्र के पर्यटन विकास के लिए काफी है। भारत अपने सभी पड़ोसियों का ध्यान रखता आया है। एक छोटे द्विपीय देश होने के नाते मालदीव अपनी सुरक्षा के लिए आज भी भारत पर भौगोलिक रूप से निर्भर है। ऐसे में चीनी प्रभाव वाले दल की सरकार की नेता का अंतरराष्ट्रीय नियमों के विपरीत जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का मजाक उड़ाना मालदीव के लिए ही खतरा लेकर आएगा। उन्हें अपनी अंतर्राष्ट्रीय मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। चीनपरस्त मालदीव सरकार को पाकिस्तान, श्रीलंका, कई अफ्रीकी देशों की चीन से दोस्ती के चलते बिगड़ी अर्थव्यवस्था को देखते हुए सबक लेना चाहिए। भारत अगर अपने पर्यटन स्थल की बात करता है तो इसमें मालदीव के नेताओं को ऐतराज क्यों होना चाहिए? मालदीव को अपने पर्यटन पर भरोसा होना चाहिए। यह भी सही है कि मालदीव का पर्यटन भारतीय उद्यमियों व पर्यटकों पर अधिक टिका हुआ है। पीएम मोदी का प्रयास लक्षद्वीप को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने का है। मालदीव सरकार ने बेशक अपने मंत्री के बयान से किनारा किया है, लेकिन उसे नहीं भूलना चाहिए कि भारत से उसका संबंध बहुत पुराना है। भारत से बैर कर मालदीव का ग्लोबल अर्थव्यवस्था में टिके रहना मुश्किल होगा। चीनी शह में मालदीव की मुइज्जू सरकार बेशक भारत विरोधी हो जाए, लेकिन भारत के पीएम का मजाक उड़ाने का हक उस सरकार की मंत्री को कतई नहीं है। भारत के आंतरिक मामले में मालदीव सरकार के किसी मंत्री को किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। मालदीव के राजनीतिज्ञों के एक समूह द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के प्रति की गई किसी भी अपमानजनक और नस्लवादी टिप्पणी अशोभनीय व निंदनीय है। भारत इसकी निंदा करता है। मालदीव को आतिथ्य, सहिष्णुता, शांति और सद्भाव के सिद्धांतों का ध्यान रखना चाहिए। भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल के लिए सबसे बड़ी संख्या में प्रशिक्षण प्रदान करता है, जो उनकी लगभग 70% रक्षा प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करता है। मालदीव के अड्डू में भारत की सहायता से एक ड्रग डिटॉक्सिफिकेशन और पुनर्वास केंद्र तैयार किया गया है। यह केंद्र स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, मत्स्य पालन, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा कार्यान्वित की जा रही 20 विकास परियोजनाओं में से एक है। भारत-मालदीव संबंधों को तब से क्षति पहुंची है, जब मालदीव ने वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता किया। श्रीलंका, पाकिस्तान तथा मालदीव जैसे देशों में चीन की बढ़ती उपस्थिति भारत के लिए चिंता का विषय जरूर है, पर वह सतर्क है। इन क्षेत्रों में चीनी-नियंत्रित बंदरगाहों एवं सैन्य सुविधाओं का विकास भारत के रणनीतिक हितों व क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए एक चुनौती है। दक्षिण एशिया और हिंद महासागर की समुद्री सीमाओं में क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत को हिंद-प्रशांत सुरक्षा क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण सामरिक भूमिका निभानी चाहिए।



विश्लेषण
डॉ. अश्विनी महाजन

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटे भारत

कॉप–28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। भारत को ग्लोबल वार्मिंग से निपटने का अभियान जारी रखना चाहिए।

बीते महीने दिसंबर की 14 तारीख को दुबई में यूनाइटेड नेशन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज के तहत कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ का 28वां सत्र सम्पन्न हुआ, जिसे कॉप-28 के नाम से भी जाना जाता है। हालांकि कॉप-28 को नतीजों तक पहुंचने में तय सीमा से ज्यादा समय लगा, लेकिन विश्व में इस बाबत खुशी जताई जा रही है कि इस सम्मेलन के बाद दुनिया में मानव जनित ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए बेहतर संभावनाएँ होंगी। हालांकि दो सप्ताह तक चलने वाले इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में घोषणाएं की गई, लेकिन इस सम्मेलन के अंतिम समय में एक ऐसी महत्वपूर्ण घोषणा हुई है, जिससे पूरी दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन से राहत की एक बड़ी उम्मीद जगी है। तेल लॉबी की तीव्र पैरवी के बावजूद, 2050 तक तापमान में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने के लिए सभी देश जीवाश्म ईंधन, कोयला और तेल एवं गैस दोनों से दूर जाने पर सहमत हुए हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत होने वाले 27 कॉप सम्मेलन इससे पूर्व हो चुके थे, जिनमें कुछ बातें हुई, कहीं-कहीं पर मौसम परिवर्तन और वैश्विक उष्णता को थामने के लिए कुछ प्रयास भी हुए, लेकिन विकसित देशों की यह जिद्द कि वे अपनी जीवन पद्धति बदलने के लिए तैयार नहीं हैं, ने इन प्रयासों के प्रभाव को कम किया। विकसित देशों का यह कहना है कि चाहे जो भी स्थिति हो, वे अपनी जीवन पद्धति को बदल नहीं सकते हैं। सच्चाई यह है कि औद्योगीकरण के समय से लेकर अब तक दुनिया में 23 समृद्ध औद्योगिक देश कुल ऐतिहासिक उत्सर्जन के 50 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं और बाकी 50 प्रतिशत के लिए 150 से अधिक देश जिम्मेदार हैं।लगभग एक शताब्दी में पेट्रोलियम तेल और गैस का उपयोग 82.34 गुना और कोयले का उपयोग 4.56 गुना बढ़ा है, लेकिन इसमें भी विकसित देशों का योगदान विकासशील देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है। हम समझ सकते हैं कि विकसित देशों द्वारा जीवाश्म ईंधनों का उपयोग भी कहीं अधिक अनुपात में बढ़ा है।

आधुनिकीकरण और विकास के नाम पर वाहनों के उपयोग में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आर्थिक संवृद्धि के और जीडीपी में ग्रोथ के नाम पर औद्योगिक उत्पादन भी भारी मात्रा में बढ़ा है। आज लोग ज्यादा और ज्यादा चीजों का उपभोग करने लगे हैं, जो पूर्व की तुलना में कई सौ गुणा ज्यादा है। वाहनों, उद्योगों, कृषि आदि के परिचालन में पेट्रोलियम पदार्थों सरीखे जीवाश्म ईंधनों का उपयोग बेतहाशा बढ़ा है व इस कारण ग्लोबल वार्मिंग भी बढ़ी है।

पिछली एक शताब्दी में वाहनों, विद्युत उत्पादन, औद्योगिक कार्यों और कृषि समेत अनेकानेक गतिविधियों में जीवाश्म ईंधन यानि पेट्रोलियम पदार्थ, कोयला इत्यादि का उपयोग लगातार बढ़ता गया, जिसके चलते दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ 2), मीथेन (सीएच 4), नाइट्रस ऑक्साइड (एन 2ओ), हाइड्रोफ्लूरोकार्बन (एचएफसी), परफ्लूरोकार्बन (पीएफसी), सल्फर



हेक्साफ्लोराइड (एसएफ 6) का उत्सर्जन भी बढ़ा। इससे विश्व ग्लोबल वार्मिंग और मौसम परिवर्तन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। समुद्र स्तर बढ़ने के कारण तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोग अपने स्थान से विस्थापित हो रहे हैं, कहीं अल्प वृष्टि तो कहीं अति वृष्टि और तूफ़ानों के कारण, दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों का सामना कर रही है। कृषि उत्पादन पर भी संकट आ रहे हैं। कई स्थानों पर तापमान इतना अधिक बढ़ता जा रहा है कि लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

मौसम परिवर्तन पर होने वाले संयुक्त राष्ट्र के तमाम कॉप सम्मेलनों में प्रारंभ से ही यह लक्ष्य रहा है कि दुनिया का तापमान 2050 तक औद्योगएमपीकरण से पूर्व की स्थिति की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा न बढ़ने पाए। क्योटो सम्मेलन में जहां ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन की कमी के लक्ष्य निर्धारित किए गए थे, के बाद कॉप सम्मेलनों में बातें तो बहुत हुईं, लेकिन क्योटो सम्मेलन के बाद और कॉप-27 से पहले कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई दी। विकसित देशों ने यह वचन जरूर दिया था कि वे मौसम परिवर्तन से निपटने के लिए 100 अरब डालर की सहायता हर वर्ष प्रदान करेंगे। हालांकि 100 अरब डालर की मदद, समस्या की गंभीरता के मद्देनजर कहीं अपर्याप्त थी, उतनी भी राशि विकसित देशों द्वारा इस संबंध में प्रदान नहीं की गई। इससे स्पष्ट है कि दुनिया के विकसित देश जो वर्तमान पर्यावरण संकट के लिए दोषी हैं, अभी तक इस बाबत गंभीर नहीं हुए थे। कॉप28 में भी, विकसित दुनिया द्वारा जीवाश्म ईंधन से संक्रमण की लागत वहन करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया गया था। हालांकि कॉप28 में इस बात पर सहमति बनी है कि जीवाश्म ईंधनों के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा, लेकिन इसके लिए अत्यंत गंभीरता से विचार करना होगा कि यह कैसे किया जाएगा। कॉप28 में अनेक प्रकार की शपथें ली गई, जिसमें अक्षय ऊर्जा में 3 गुणा वृद्धि, शीतलन से संबंधित ऊर्जा उपभोग में दुगुनी कार्यकुशलता आदि शामिल हैं।

पिछले कॉप सम्मेलनों में इस बात पर बहस चलती रही कि जीवाश्म ईंधनों में से कोयले या पेट्रोलियम, किसके उपयोग को कम करना चाहिए। विकसित देशों का यह कहना था कि वे पेट्रोलियम के उपयोग को कम नहीं करेंगे, लेकिन वे साथ ही यह दबाव बना रहे थे कि भारत सरीखे देश कोयले के उपयोग को अवश्य बंद करें। इस बार फिर विकसित देश अंतिम दस्तावेज़ में शामिल होने में सफल रहे हैं, जब नवीकरणीय ऊर्जा को तीन गुना करने को 'बेरोकटोक कोयला बिजली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने' से जोड़ा गया। इस बहस में भारत का यह कहना था कि यदि जीवाश्म ईंधन के उपयोग को क्रमशः कम करना है तो इसमें कोयले और पेट्रोलियम पदार्थों में भेद नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि भारत के पास कोयले के बड़े भंडार हैं, इसलिए भारत के लिए जरूरी है कि फिलहाल वह कोयले का उपयोग कुछ समय तक करे और बाद में उसे क्रमशः घटाया जाए। कॉप-28 के इस फैसले से कि कोयले और पेट्रोलियम में भेद किए बिना सभी प्रकार के जीवाश्म ईंधन के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से कम किया जाना चाहिए, यह सुनिश्चित हो गया है कि इस संबंध में विकसित देशों की बहानेबाजी को कॉप28 में कम मान्यता मिली। वैश्विक तापमान को औद्योगिकीकरण से पूर्व की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा नहीं बढ़ने के लक्ष्य की समय सीमा 2050 रखी गई है, लेकिन कॉप-26 में भारत ने अपने वचन में यह कहा था कि हम 2070 तक निवल शून्य (नेट जीरो) के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इसलिए भारत के पास वैश्विक लक्ष्य की सीमा से दो दशक आगे का समय रहेगा। इस लक्ष्य को न्यायोचित्त, व्यवस्थित और न्यायसंगत तरीके से प्राप्त किया जाएगा।

(लेखक डीयू के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

झरोखे से
डॉ. चंद्र त्रिखा



# दिल्ली की रहस्यमयी शख्सियत जुलियाना

देश की राजधानी दिल्ली में लगभग हर मोड़ पर रहस्यमयी गाथाएं कुनमुना रही हैं। दिल्ली ने इन सब गाथाओं व उनमें वर्णित पात्रों को अलग-अलग समय पर भोगा है, जिया है, देखा है। इन रहस्यमयी गाथाओं में एक तथ्यात्मक किस्सा एक पुर्तगीज़ महिला जूलियाना का भी है। जूलियाना का दबदबा वर्तमान ओखला क्षेत्र, न्यू डिफेंस कॉलोनी के कुछ क्षेत्र और कश्मीरी गेट के समीप स्थित दारा-शिकोह की हवेली तक फैला हुआ था। उसके नाम पर सराय भी है और अनेक ऐसी सम्पत्तियां हैं, जिनकी विरासत का दावा करने वाले अभी भी इधर-उधर से दस्तावेज एकत्र करने में लगे हैं। किंवदंती है कि उसकी रूह अब भी इस क्षेत्र में भटकती है।


दिल्ली की मुगलिया सल्तनत में जूलियाना के परिवार का प्रवेश औरंगजेब के काल में ही हो गया था मगर उसका प्रभामण्डल औरंगजेब के पौत्र बहादुर शाह प्रथम के शासनकाल में फैला। दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली में सुखदेव विहार मेट्रो स्टेशन के पास एक ऐसा इलाका है जहां आज दिल्ली विकास प्राधिकरण के फ्लैट हैं। कई लोगों के लिए सराय जुलेना गांव अन्य बस्तियों की तरह की एक और बस्ती है लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह एक ऐसी पुर्तगाली महिला की याद दिलाती है, एक ज़माने में, मुग़ल दरबार में जिसका रुतबा, किसी महारानी से कम नहीं था। इस महिला का नाम था डोना जुलियाना डायस डि कोस्टा। यदि ऐतिहासिक दस्तावेज़ों पर भरोसा किया जाए, तो वह मुग़ल दरबार में बहुत ताक़तवर और असरदार महिला थी और हां, कहा जाता है कि उनके पास दैवीय शक्ति भी थी! जुलियाना शाही दरबार में कैसे पहुंच गईं, यह इतिहासकारों के बीच बहस का विषय बना हुआ है। उनके जन्म का वर्ष और उम्र भी रहस्यों से घिरा हुआ है! मुग़ल दरबार में यूरोपीय देशों के लोगों का आना-जाना लगा रहता था लेकिन इनके बीच एक पुर्तगाली महिला ने कैसे अपनी जगह बना ली। प्राप्त विवरण के अनुसार, उसने मुगल शहजादे मुअज्ज़म को ईसाइयत की ओर भी झुका लिया था।



मुग़ल बादशाह शाहजहां के आदेश पर पुर्तगाली बंदरगाह शहर हुगली (बंगाल) पर हमला किया गया था। पुर्तगाली, मुग़लों के जहाज़ों पर लगातार हमले करते रहते थे और उसी के बदले में ये कार्रवाई की गई थी। हमले के बाद कई पुर्तगालियों को बंधक बना लिया गया था जिनमें जुलियाना के पिता ऑगस्टिन्हो डायस डिकोस्टा भी थे। उन्हें और उनकी पत्नी को बाद में मुग़ल दरबार में काम मिल गया। बाद में डिकोस्टा की पत्नी, शाहजहां की एक बेगम की दासी बन गई। इसी दौरान जुलियाना का जन्म हुआ था। जब जूलियाना 17 साल की हुई, तब उसके जीवन में एक नया दौर शुरु हुआ। तब तक औरंगज़ेब बादशाह बन चुका था और उसने अपने 18 साल के बेटे मुअज़्ज़म की पढ़ाई की ज़िम्मेदारी जूलियाना को सौंप दी। जैसे-जैसे दोनों बड़े होते गए, दोनों में नज़दीकियां भी बढ़ती गईं। मुअज़्ज़म जब भी अपने पिता के आदेश पर युद्ध करने जाता था, उसकी हिफाज़त के लिए जुलियाना भी, उसके साथ, उसके हाथी पर सवार होती। जूलियाना के हाथ में लाल झंडे होते थे, जिन पर सफेद रंग का ईसाई क्रॉस बना होता था! जैसे-जैसे वह बड़ी होती गई, उसे मुग़ल दरबार में शाही हरम और डॉक्टर की प्रभारी जैसे कई ज़िम्मेदारियां मिलने लगीं! लेकिन यह सिलसिला ज्यादा लम्बा नहीं चल पाया। औरंगज़ेब ने मुअज़्ज़म को 1680 के दशक के अंत में बग़ावत के आरोप में सज़ा दी और उससे उसके खिदमतगार और हरम छीन लिए गए। उन दिनों जुलियाना किसी तरह क़ैदख़ाने में पहुंचने में कामयाब हो गई और वहां वह मुअज़्ज़म की तीमारदारी करने लगी। इस दौरान दोनों के बीच रिश्ते और मज़बूत होते गए और जुलियाना ने मुअज़्ज़म को सलाह दी कि अगर वह सेंट जॉन से दुआ मांगेगा तो वह एक दिन बादशाह बन जाएगा। मुअज़्ज़म दुआ के लिए राज़ी हो गया और उसने वादा किया कि अगर वह बादशाह बन जाता है तो वह जूलियाना को धन-दौलत और दरबार में बड़े-बड़े ओहदों से नवाज़ेगा। संयोगवश मुग़लिया तख़्त-ओ-ताज के लिए हुई जंग के बाद जब मुअज़्ज़म 1707 में बहादुर शाह-प्रथम के रूप में तख़्त पर बैठा तो उसने अपने वादे के मुताबिक़ जुलियाना को जूलियाना फिदवी दुआगो (वफादार और अक़ीदतमंद जूलियाना) का खिताब दिया। उसे जागीर में गांव भी दिए गए, जहां आज दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली का ओखला इलाक़ा है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## गुणों के विकास से आध्यात्मिक स्वास्थ्य संभव



संकलित
दर्शन

हमारे पास एक शरीर है, हमें उसका पोषण करना है और जब वह रोगग्रस्त हो जाता है, तब हमें उसकी देखभाल करनी है। हमें उसके आरोग्य का उपाय ढूंढ़ना है और जीवन के भौतिक पक्ष से जुड़े सभी विषयों पर ध्यान देना है, परंतु बात यह है कि प्रायः मानव जाति केवल यहीं पर रुक जाती है। उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि हमारे अस्तित्व का एक मनोवैज्ञानिक, भावनात्मक और उच्चतर आध्यात्मिक आयाम भी है। इसलिए सफलता का उनका (परमहंसजी का) मार्ग था उचित संतुलन को प्राप्त करना। वहां, जहां आप भौतिक सफलता और समृद्धि प्राप्त करते हैं। जहां आपके पास भावनात्मक संतुलन और आंतरिक शांति होती है। आध्यात्मिक रूप से आपके पास एक उच्चतर उद्देश्य के लिए अपने जीवन को संचालित करने का ज्ञान होता है, न केवल धन एकत्र करना और परिवार व संतानों की उपलब्धि, अपितु यह अनुभव करने का एक उच्चतर उद्देश्य कि मैं ईश्वर का एक स्फुलिंग हूं, मैं इस भौतिक शरीर में निवास करने वाला आत्मा हूं और अपने जीवन के सभी पक्षों में ईश्वर के पूर्ण साक्षात्कार और अभिव्यक्ति की प्राप्ति ही मेरा अंतिम उद्देश्य है। एक बार जब आप यह धारणा बना लेते हैं, तो जीवन अत्यंत रोमांचक हो जाता है, क्योंकि सब प्रकार के कौशल, क्षमताएं और योग्यताएं आपके लिए उपलब्ध हैं। ये प्रत्येक मनुष्य की अक्षय निधि का अंग हैं, परंतु वे तब तक पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहती हैं, जब तक उन्हें सचेतन एकाग्रता और सचेतन प्रयास के द्वारा जाग्रत नहीं किया जाता है।

## मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टीयां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहाँ मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## सटाका




## आज की पाती

### अयोध्या की बजाय घर पर ही खुशियां मनाएं

भगवान श्री राम का नाम लेते ही मानसिक शांति मिलती है। वह सनातन धर्म या भारत के लिए ही आदर्श नहीं हैं, बल्कि सारी दुनिया के लिए हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या में लगभग 500 वर्ष बाद उनका जो भव्य मंदिर बन रहा है और वहां 22 जनवरी को राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसकी खुशी जाहिर करने के लिए जो तैयारियां चल रही हैं उन्हें देखकर लग रहा है कि दीपावली का त्योहार आने वाला है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के दूसरे देशों में रह रहे राम भक्त भी खुशी जाहिर कर रहे हैं। 22 जनवरी को जब अयोध्या में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन होना है, तब हमें अयोध्या जाने की बजाय अपने-अपने घर पर ही इसकी खुशी मनानी चाहिए। *–विकास शर्मा, धमतरी*

## ट्रेंड

### उद्धव ठाकरे विकास विरोधी



वह (उद्धव ठाकरे) ढाई साल तक घर पर बैठे रहे और केवल दिखावा किया। उन्होंने (ठाकरे) मुंबई में आरे भूमि पर मेट्रो, मेट्रो लाइनों के निर्माण का विरोध किया और समृद्धि राजमार्ग के निर्माण को धीमा किया। वह (ठाकरे) विकास विरोधी हैं।
**-एकनाथ शिंदे, सीएम, महाराष्ट्र**

### प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि




स्टैटिस्टिकल हैंडबुक के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय 3,89,529 रुपये से बढ़कर 4,44,768 रुपये हो गई है, जो राष्ट्रीय औसत से 158% अधिक है। यह किसी भी राज्य में एक वर्ष में प्रति व्यक्ति आय में भारी वृद्धि है। **-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

### विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



भारत ने पिछले कुछ वर्षों में विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वर्तमान समय में हमारी टीम विदेशों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक है। हमने इस बीच कई बेहतरीन नतीजे दिए हैं।
**-रविचंद्रन अश्विन, क्रिकेटर**

### फिल्म कामयाब रही



फिल्म 'एनिमल' से कुछ लोगों को दिक्कत हो सकती है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस तरह का प्यार, सफलता और कमाई इसने हासिल की है, वे यह साबित करती है फिल्म के प्रति प्रेम से बढ़कर कुछ भी नहीं है। लोगों ने फिल्म को पसंद किया है।
**-रणबीर कपूर, अभिनेता**

## करंट अफेयर


### इजराइल का उत्तरी गाजा में लड़ाई समापन का संकेत



हमास के खिलाफ युद्ध के चौथे महीने में प्रवेश करने के साथ इजराइली सेना ने संकेत दिया कि उसने उत्तरी गाजा में बड़ी लड़ाई समाप्त कर ली है और वहां हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने का काम पूरा कर लिया है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार देर रात कहा कि सेना वहां आगे भी फतह करती रहेगी, इजराइल-गाजा सीमा बाड़ पर सुरक्षा को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र के मध्य और दक्षिणी हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की इजराइल यात्रा से पहले हुई। ब्लिंकन सहित अमेरिकी अधिकारियों ने बार-बार इजराइल से गाजा में अपने जबरदस्त हवाई और जमीनी हमले को कम करने तथा हमास नेताओं के खिलाफ अधिक लक्षित हमले का आग्रह किया है ताकि फलस्तीनी नागरिकों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। यह युद्ध दक्षिणी इजराइल पर हमास के सात अक्टूबर के हमले से शुरू हुआ था जिसमें चरमपंथियों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। हमास नियंत्रित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 22,700 से अधिक फलस्तीनी मारे गए और 58,000 से अधिक घायल हो गए।

## ऑफ बीट

### तनाव, व्यग्रता से निपटने के तरीके तलाश रहे लोग



तनाव, व्यग्रता और पर्यावरणीय एवं मानवीय आपदाओं से भरी दुनिया में, लोग इससे निपटने के तरीके तलाश रहे हैं। कई लोगों ने मार्गदर्शन के लिए प्राचीन प्रथाओं की ओर रुख किया है। इनमें से एक है सचेतन, जो ध्यान से जुड़ी प्रक्रिया है। वास्तव में सचेतन का क्या अर्थ है? सचेतन किसी चीज के प्रति सचेत रहना या जागरूक होने की स्थिति है। मैं जिस शब्द का उपयोग करना पसंद करता हूं वह है 'जागरूकता'। अपने दिन की शुरुआत साक्ष्य-आधारित समाचारों से करें। सचेतन कवायद आपको वर्तमान में वापस लाने का एक तरीका होगा। आप योग की तरह अपनी इंद्रियों, अपनी सांस या अपने शरीर का इस्तेमाल करेंगे। ध्यान आपको शांत करने में मदद करता है क्योंकि बहुत सारे अवसाद या अवसादग्रस्त विचार अतीत और उन चीजों से जुड़े होते हैं जिनका हमें अफसोस होता है। बहुत सारी चिंताएं भविष्य से जुड़ी हुई हैं। इन विशेष प्रवृत्तियों पर शोध जारी है। यदि लोग बहुत अधिक चिंता का अनुभव करते हैं, तो अकसर ऐसा होता है कि उनका मन भविष्य में इस बात को लेकर चिंता में रहता है कि आगे क्या होगा। अवसाद के लिए भी यही बात है। मन अतीत में वापस चला जाता है और उन चीजों के बारे में सोचता रहता है जो पहले घटित हो चुकी होती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बांग्लादेश का आम चुनाव

# हिंसा और आगजनी के बीच मतदान खत्म

- 1 वोटों की गिनती जारी नतीजे जल्द आएंगे
- 2 सुबह 8 बजे से मतदान और शाम 4 बजे समाप्त
- 3 फिर... हसीना के जीतने की प्रबल संभावना
- 4 बांग्लादेश के चुनाव पर दुनियाभर की नजरें टिकी
- 5 वादा: 2041 तक बांग्लादेश बनाएंगे 'स्मार्ट राष्ट्र'
- 6 पूर्व पीएम जिया नजरबंद विपक्ष का बहिष्कार
- 7 मतदान के बाद हसीना ने की भारत की तारीफ

## हिंसा

- बांग्लादेश का चुनाव कार्यक्रम बहुत हिंसात्मक रहा
- 10 जिलों में 17 मतदान केंद्र आग के हवाले
- मतदान केंद्रों पर आगजनी, बूथ जलाए
- ट्रेन में आग से 4 लोगों की मौत, कई घायल




शेख हसीना

रविवार तड़के बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले के कुटुपालोंग में एक रोहिंग्या शरणार्थी शिविर में आग लग गई। ये आग कैसे लगी इसका पता नहीं चला है। बता दें कि बांग्लादेश में रविवार को आम चुनाव हुआ है। इससे पहले वहां के 10 जिलों के 16 बूथों पर आगजनी और पथराव की घटनाएं हुई हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्या की बहन ने जांच पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** मॉडल दिव्या पाहुजा की हत्या मामले में उनके परिजनों ने गुरुग्राम पुलिस की जांच पर गंभीर सवाल उठाए हैं। दिव्या के परिजनों ने कहा है कि दिव्या की हत्या के बाद उन्हें न तो पुलिसिया सेवा मिली न सुरक्षा। आरोप है कि दिव्या की बहन ने अपनी मां सोनिया पाहुजा को थाने में बुलाया और दोनों ही सेक्टर- 14 पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस कर्मियों से न्याय की गुहार लगाई।

### पाकिस्तान में हमले, 4 की मौत, 3 घायल



**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने दो वाहनों पर की गोलीबारी की। इस दौरान कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) मुहम्मद इमरान ने बताया कि स्वचालित हथियारों से लैस हमलावरों ने पाराचिनार से पेशावर के रास्ते में दो वाहनों को निशाना बनाया।

## नौसेना प्रमुख हरि कुमार की दो टूक, बोले- अब समुद्री डकैतों की खैर नहीं

# समुद्री लुटेरों से निपटेंगे भारत के 6 जंगी जहाज... और भी संख्या बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री सुरक्षा में सख्ती बरतते हुए भारतीय नौसेना ने अरब सागर और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती और ड्रोन अभियानों को नियंत्रित करने के लिए 6 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि यह तैनाती समुद्री क्षेत्र में उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक व्यापक रणनीति हिस्से के रूप में किया गया है। नौसेना प्रमुख ने समुद्री युद्धपोतों की संख्या में बढ़ोतरी की आशा जताई है, जिसका प्रस्ताव सरकार को पहले ही भेजा जा चुका है।



- समुद्री सुरक्षा में तैनात किए 6 युद्धपोत अत्याधुनिक उपकरणों से लैस
- अगर लुटेरे हरकतों से बाज नहीं आए तो किसी भी कीमत में हम छोड़ेंगे नहीं

*भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने समुद्री लुटेरों को साफ संकेत दिया है कि अगर हरकतों से बाज नहीं आए तो किसी भी कीमत में हम छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने एंटी पाइरेसी एक्ट पारित करने के लिए सरकार की सराहना की है।*

### युद्धपोतों पर जीपीएस जैमर, करेंगे सतह से हवा में मार

एडमिरल हरि कुमार ने बताया कि कुछ युद्धपोतों पर जीपीएस जैमर,सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली और लेजर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। एडमिरल ने कहा कि नौसेना ड्रोन रोधी क्षमताओं से अच्छी तरह सुसज्जित है। एडमिरल हरि कुमार ने हाल ही में सफल ऑपरेशन जिसमें सोमालिया तट से अपहृत जहाज एमवी लीला नोरफोक से 15 भारतीयों को बचाने के नौसेना के अभियान का जिक्र किया। उन्होंने संकट में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए नौसेना के समर्पण को जाहिर करते हुए कहा कि नौसेना की त्वरित प्रतिक्रिया और निकासी प्रयासों के परिणामस्वरूप 15 भारतीय नागरिकों सहित सभी 21 चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया।

### समुद्री डकैती को रोकने अधिकारियों को सख्त निर्देश

एडमिरल हरि कुमार ने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती को रोकने के लिए नौसेना की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि समुद्री डकैती के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए नौसेना अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा पारित हाल ही में लागू समुद्री डकैती रोधी अधिनियम को समुद्री डकैती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नौसेना को सशक्त बनाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि अभी भी दुनिया में बहुत कम देशों के पास इस तरह का कानून है।

### समुद्री कमांडो ने दी अभियान की जानकारी

नौसेना प्रमुख ने बताया कि भारतीय नौसेना के विमानों और ड्रोनों को देखकर समुद्री डाकुओं ने जहाज छोड़कर भाग गए। समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात समुद्री गश्ती विमान(एमपीए) आईएनएस चेन्नई ने लाइबेरिया-ध्वजांकित थोक वाहक की सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस ऑपरेशन ने नौसेना की तीव्र प्रतिक्रिया क्षमताओं और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा बनाए रखने की प्रतिबद्धता को जाहिर करता है।

## राजनयिक संबंधों को मिलेगी मजबूती

# हज कांफ्रेंस में शामिल होने सऊदी अरब पहुंचीं इरानी



### जेद्दा एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने मंत्री का किया स्वागत

एजेंसी ▶▶ जेद्दा

भारत और सऊदी अरब के बीच हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर करने और हज कांफ्रेंस में शामिल होने के लिए अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति इरानी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर जेद्दा पहुंचीं। जेद्दा एयरपोर्ट पर भारतीय राजदूत डा. सुहेल खान, महावाणिज्य दूत मोहम्मद शाहिद और सऊदी के हज व उमरा मंत्रालय के अधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया।

### भारत और सऊदी अरब के बीच कई क्षेत्रों में बढ़ेगी साझेदारी

जेद्दा में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया कि हाल के वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में भारत और सऊदी अरब के बीच साझेदारी गहरी हुई है। यह यात्रा दोनों देशों के रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगी। यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्री तौफीक बिन फौजान अल राबिया के साथ द्विपक्षीय बैठक कर आगामी हज यात्रा से जुड़े आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगी।

### हज समझौता पर करेंगी हस्ताक्षर

इरानी सोमवार को सऊदी अरब के हज व उमरा मंत्रालय द्वारा जेद्दा में आयोजित किए जा रहे हज व उमरा कांफ्रेंस के तृतीय संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। केंद्रीय मंत्री हज समझौता 2024 पर हस्ताक्षर और बातचीत के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में भारतीय कारोबारियों और भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात करेगा।

## एग्जाम पास कर अफसर बनेंगे युवा

# असम में भारतीय सेना का सुपर 30 प्रोग्राम, आज से ट्रेनिंग शुरू

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के अलग-अलग जिलों के 30 युवाओं को भारतीय सेना के सुपर 30 प्रोग्राम के तहत अफसर बनने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इन युवाओं को कड़ी प्रक्रिया के जरिए चुना गया है। इनकी ट्रेनिंग सोमवार से तुमुलपुर में शुरू होगी। इन्हें सिलेक्शन प्रोसेस के लिए तैयार किया जाएगा। राज्य के युवाओं को सेना में अफसर रैंक पर भर्ती होने के लिए प्रेरित करने के मकसद से सेना ने ये प्रोग्राम शुरू किया है। ये राज्य में इस तरीके का दूसरा प्रोग्राम है। नवंबर 2023 में दिब्रूगढ़ में एक ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया गया था।



### राज्य सरकार ने सपोर्ट किया

सेना के इस प्रोग्राम को राज्य सरकार ने सपोर्ट किया है। नेशनल इंटेग्रिटी एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन नाम का एनजीओ प्रोग्राम में भारतीय सेना की मदद कर रहा है।

### 21 माउंटेन डिविजन की 107 ब्रिगेड के तहत ट्रेनिंग

एनआईईडीओ के सीईओ रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रोग्राम के पहले बैच को सेकेंड माउंटेन डिविजन के तहत नवंबर में दिब्रूगढ़ में ट्रेनिंग दी गई थी। तुमुलपुर में शुरू होने वाला सुपर 30 प्रोग्राम 21 माउंटेन डिविजन की 107 ब्रिगेड के तहत आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम का नाम भले ही सुपर 30 है, लेकिन 30 से ज्यादा स्टूडेंट्स को इस प्रोग्राम के लिए सिलेक्ट किया गया है।

## जेल गए लोगों को किया जाए रिहा

# कैपिटल हिंसा की तीसरी बरसी पर ट्रंप ने बाइडेन पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैपिटल हमले की तीसरी बरसी पर हिंसा में शामिल लोगों को रिहा करने की अपील की। वह आयोवा में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 6 जनवरी 2021 के हमले को लेकर जेल में बंद लोगों को बंधक बताया। साथ ही कहा कि उनके साथ बाइडन प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार किया गया था। बाइडेन ने चुनावी अभियान के दौरान बार-बार ट्रंप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया था।

### ट्रंप ने खुद को राजनीतिक उत्पीड़न का बताया शिकार

ट्रंप ने कहा कि उन लोगों ने काफी कष्ट झेले हैं। मैं उन्हें बंधक कहता हूं। ट्रंप ने साथ ही अपने दावों को दोहराया कि 2020 का चुनाव



धोखाधड़ी था और खुद को राजनीतिक उत्पीड़न का शिकार बताया। ट्रंप ने कहा कि क्योंकि मैंने चुनाव परिणाम को चुनौती दी थी। 1,200 लोगों पर दंगे में शामिल होने का आरोप है।

## कनाडा में पाक के खिलाफ प्रदर्शन




**टोरोंटो।** कनाडा के टोरोंटो में बलूच, सिंधी और पश्तून लोगों ने पाक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बलूच, सिंधी और पश्तूनों की हत्याओं और उत्पीड़न की जिम्मेदार पाकिस्तान की सरकार है।

## असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर प्रसन्नता व्यक्त की

# 40 साल बाद लाओखोवा-बुराचापोरी अभयारण्यों में गैंडे की वापसी से आई रौनक

एजेंसी ▶▶ सोनितपुर

एक महत्वपूर्ण वन्यजीव संरक्षण अभियान में असम को असम को एक बड़ी कामयाबी हासिल की जिसमें नागांव और सोनितपुर जिलों में लाओखोवा और बुराचापोरी वन्यजीव अभ्यारण्यों में गैंडों की फिर से वापसी सुनिश्चित हो सकी है। बड़े पैमाने पर अवैध शिकार के कारण यह प्रतिष्ठित प्रजाति इस क्षेत्र से लगभग गायब हो गई थी। जो 40 साल बाद फिर से इन क्षेत्रों में गैंडों की वापसी के साथ अभ्यारणों में रौनक लौट आयी है।

### खास बातें

- अवैध शिकार के कारण यह प्रजाति क्षेत्र से हो गई थी गायब
- वापसी का श्रेय राज्य सरकार के मजबूत अतिक्रमण विरोधी अभियान को

*बड़े पैमाने पर अवैध शिकार के कारण यह प्रतिष्ठित प्रजाति इस क्षेत्र से लगभग गायब हो गई थी। जो 40 साल बाद फिर से इन क्षेत्रों में गैंडों की वापसी के साथ अभ्यारणों में रौनक लौट आयी है।*



### अभियान से बढ़ावा मिला

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष ने सकारात्मक विकास की पुष्टि करते हुए कहा कि लाओखोवा और बुराचापोरी वन्यजीव अभयारण्यों में दो गैंडों को देखा गया जो 'ग्रेटर काजीरंगा' संरक्षण क्षेत्र का एक हिस्सा है। घोष ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इन गैंडों की वापसी वन्यजीव संरक्षण प्रयासों में मील का पत्थर साबित होगा।

### 51.7 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र की पुनः प्राप्ति

मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने यह भी बताया कि राज्य सरकार की अतिक्रमण विरोधी पहल के परिणामस्वरूप 2023 में 51.7 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र की पुनः प्राप्ति हुई है। इससे पहले संरक्षित क्षेत्रों में मनुष्यों द्वारा अतिक्रमण देखा गया था। अधिकारियों ने इस चुनौती पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पा लिया गया है। उद्देश्य है कि वन्यजीवों और स्थानीय समुदायों के बीच स्थायी सह-अस्तित्व सुनिश्चित करते हुए जैव विविधता और प्राकृतिक आवासों की रक्षा करना है।

### अवैध शिकार से हो गए थे गायब

असम के मुख्यमंत्री हेमंत सरमा बिस्वा ने सफलता का श्रेय राज्य सरकार के मजबूत अतिक्रमण विरोधी अभियान को दिया। उन्होंने लिखा कि यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि 40 वर्षों के बाद हमारे प्रतिष्ठित गैंडे लाओखोवा और बुराचापोरी में लौट आए हैं। वे क्षेत्र में हमारे सफल अतिक्रमण विरोधी अभियान के एक साल के भीतर वापस आ गए हैं।

## मुंबई वारदात की थी योजना

# महाराष्ट्र में एटीएस का बड़ा एक्शन रेड के दौरान 6 को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में एटीएस ने बड़ी छापेमारी की है। रविवार दोपहर मुंबई के बोरीवली इलाके में एटीएस ने छापेमारी की है। इस दौरान 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही उनके पास से 4 बंदूक भी बरामद की गई है।



गिरफ्तार किए गए सभी लोग दिल्ली और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सभी 6 व्यक्ति एक बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए मुंबई आए थे। एटीएस ने इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मुंबई के बोरीवली इलाके में स्थित एक गेस्ट हाउस में छापा मारा गया और यहां से 6 लोगों की गिरफ्तार किया गया। एटीएस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास तीन बंदूके और 36 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।

धूमधाम से निकली श्री कृष्ण की बारात, भक्तों ने पखारे पैर, व्यास पीठ से सुरेंद्र शास्त्री महाराज ने दिए प्रवचन

# भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह के साक्षी बने भक्त

जबलपुर।

श्रमजीवी पत्रकार परिषद युवा प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग के तत्वावधान में मानकुंवर मैरिज गार्डन दीनदयाल चौक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। भगवान श्रीकृष्ण की बारात बैंड बाजों के साथ कथा पंडाल पहुंची। जहां श्री कृष्ण के साथ बारातियों का स्वागत पुष्पमाला पहनाकर किया गया। पूर्ण रूप से सुसज्जित विवाह मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्री कृष्ण-रुक्मणी जी का विवाह संपन्न हुआ। भक्तों ने कृष्ण-रुक्मणी जी के पैर पखारे और आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा पंडाल में पहुंचे सैकड़ों भक्तों ने भगवान का पूजन अर्चन किया। व्यासपीठ से कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण



शास्त्री महाराज ने श्री कृष्ण-रुकमणी विवाह सहित अन्य प्रेरक प्रसंगों का वर्णन किया। शास्त्री जी ने कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं, जो श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी जी के विवाह के साक्षी बने हैं। भागवत कथा के मुख्य यजमान लीलावती विश्वकर्मा, टीएन कृष्णा विश्वकर्मा, रवींद्र दयावंती कागदीगर एवं प्रदीप विश्वकर्मा ने भगवान के चरण पखारे। पूजन कार्य आचार्य अमित उपाध्याय एवं संजय उपाध्याय ने संपन्न कराया।

**बधाई गीतों पर झूमे भक्त-** श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर श्री कृष्ण रुकमणी जी की सुंदर झांकी श्रोताओं के सामने आई, मनमोहक झांकी के साथ मधुर भजनों की प्रस्तुति से भक्तों के कदम थिरकने लगे। सभी लोगों ने खुशियां मनाते हुए भाव विभोर होकर नृत्य किया।

**यह रहे उपस्थित-** इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय महासचिव गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे, सुनील साहू, विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, विवेक यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, संजय साहू, सृजन शुक्ला, श्याम विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



# ईवीएम मशीन वोट घोटाले के माध्यम से लोकतंत्र की हत्या

**जबलपुर**। घंटाघर में भारत मुक्ति मोर्चा एवं बहुजन क्रांति मोर्चा ने जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया की 2004 से लगातार किए जा रहे ईवीएम मशीन से वोट का घटाला करके कांग्रेस और बीजेपी मिलजुल कर भारत के लोकतंत्र की हत्या करके ब्राम्हणों का राज या ब्राम्हण तंत्र स्थापित किया है। लोकतंत्र को बचाने के ईवीएम मशीनों पर बैन लगाना चाहिए। भारत मुक्ति मोर्चा एवं अनुसांगिक संगठनों के पद अधिकारियों सुप्रीम कोर्ट के द्वारा ईवीएम के खिलाफ दिए गए 8 अक्टूबर 2013 को तीन जजों के बेंच के निर्णय का हवाला देकर 100% वीवीपीएटी पर्ची की गिनती किए जाने के निर्णय का उल्लंघन का दोषी भारत के चुनाव आयोग नई दिल्ली को बताते हुए जोर दार नारे लगाए और कहा ईवीएम मशीन चोर है और चुनाव आयोग चोरों का सरदार है। आंदोलन में इं प्रवीण गजभीय , रामराज पटेल, विनय भगत , अनिल बंशकार, मद्दू सिंह मरावी , देव पटेल, चंद्र शेखर उर्कुडे, अरविंद बिरहा, यश कोस्टा, एड परमानंद साहू, एड त्रिलोक सोनकर, एड रवि भगत, आदि के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## एसबीआई ने रेन बसेरा में कम्बल वितरण किया

**जबलपुर**। ठण्ड से ठिठुरते शहर में दिल छु लेने वाली एक पहल भारतीय स्टेट बैंक के सामाजिक दायित्वों के तहत की गई। भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक हरेराम सिंह एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक विवेकानंद गिरि एवं अन्य स्टाफ सदस्यों द्वारा मेडिकल स्थित रैन बसेरा में बेघर लोगों को इस कांपती सर्दी से आराम देने हेतु कम्बल वितरण दिनांक ०६/०१/२०२४ का किया गया। श्री गिरि ने बताया कि इस कड़ाके की सर्दी को देखते हुए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शहर के अन्य कई स्थानों पर भी कम्बल वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक मेडिकल कॉलेज शाखा से शाखा प्रबंधक श्रीमती श्रृंखला यादव भी उपस्थित थीं। विदित है कि हमेशा से ही भारतीय स्टेट बैंक न सिर्फ अपने वित्तीय लक्ष्य की प्राप्ति करता है अपितु अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग है।

# गोवंश को औषधि युक्त लड्डू का सेवन कराकर पुण्य लाभ लिया

**जबलपुर**। श्री चंद्रप्रभु भगवान एवं श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म और तप कल्याणक दिवस पर 07 जनवरी को 108 आचार्य विद्यासागर जी के आशीर्वाद एवं 108 मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज 105 मुनि श्री तत्व सागर जी ब्रह्मचारी सुजीत भैया की प्रेरणा से त्रिमूर्ति नगर जैन मंदिर में भगवान का पूजन अभिषेक शांति धारा होने के बाद अर्हम जीव दया संस्था दिल्ली के द्वारा आलोक जैन के प्रतिनिधित्व में गोवंश को औषधि युक्त लड्डू का सेवन कराकर पुण्य अर्जन का लाभ लिया, वह सभी गोवंश आवारा गोवंश थे। त्रिमूर्ति नगर क्षेत्र एवं कृषि उपज मंडी, आईटीआई रोड इत्यादि जगहों पर जैन मंदिर मैं उपस्थित कमेटी एवं अन्य समाज के लोगों ने मिलकर मुक प्राणियों को औषधि युक्त लड्डू



खिलाया, इस लड्डू को खिलाने से डॉक्टर का ऐसा मानना है कि उनका इम्यूनिटी सिस्टम डेवलप होता है और उन्हें ठंड से होने वाली कई प्रकार की बीमारियां नहीं होती हैं। इस अवसर पर अभय जैन सुरेंद्र जैन योगेश जैन राजेंद्र बड़कुल अखिलेश बड़कुल अरविंद जैन श्रेयांश जैन मा नामित चौधरी संजय नरेश जैन पंकज सेलू पिंटू अंशुल आनंद गुलाब बिल्डिंग संजय जैन समस्त त्रिमूर्ति नगर जैन समाज एवं महिला मंडल इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभी लोगों ने अर्हम जीव दया संस्था दिल्ली के नेतृत्व में आलोक जैन विद्यासागर गुरुकुलम भोपाल के उपाध्यक्ष को साधुवाद दिया।




## स्वच्छता बनाये रखने शपथ दिलाई

**जबलपुर**। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम जबलपुर के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम द्वारा निकाय में स्थित समदडिया मोल में महापौर गरूकुल विद्यालय के सभी छात्र छत्राओं को बारहबी फैल मूवी दिखाई गई जिसमें बच्चों को आगे बढ़ने की राह दिखाई गई एवं अपने शहर को साफ रखने और नम्बर वन पर के लिए नगर निगम के कार्यों मे सहयोग करने की अपील की गई साथ ही महापौर ज़ी द्वारा स्वच्छ्ता की शपथ दिलाई गई।

## 26 मई को होगा रविदास समाज का युवक, युवती परिचय सम्मेलन



**जबलपुर**। जनहित स्वयं सेवी संस्था के सम्बद्ध गुरु रविदास विश्व महापीठ के नेतृत्व में युवक /युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें रविदास समाज के प्रबुद्ध वर्ग का मार्गदर्शन एवं सुझाव हेतु 7 जनवरी दिन में 12:00 बजे सामाजिक बैठक शारदा क्लॉथ स्टोर सुहागी अधारताल में रखी गई थी जिसमें आगामी 26 मई 2024 को मानस भवन जबलपुर में आयोजित की जाएगी जिसमें रविदास समाज के संजीत अहिरवार जी राजेंद्र चौधरी जी रोशन चौधरी जी दास चौधरी जी जवाहर अहिरवार जी अशोक रोहितास जी विनोद चौधरी जी विकास चौधरी जी मनोज सतनामी जी धीरेंद्र अहिरवार जी, गोपी नाथ जी राजेश चौधरी जी राहुल चौधरी जी रविदास समाज के सभी लोगों से उपस्थित थे।

## पेंशनर्स शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट करेंगे

# राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49-बी को तत्काल विलोपित कराने की मांग

जबलपुर।

प्रमुख पेंशनर्स एसो. की बैठक में निर्णय लिया गया है पेंशनर्स पदाधिकारी प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी के नेतृत्व में शीघ्र भोपाल पहुंचकर 5 लाख पेंशनर्स के हितों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री जी से भेंट करेंगे जिसमें मांग की जाएगी कि (1) दोनों राज्यों में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें निर्वाचित हो चुकी हैं अतएव इस अधिनियम को



समाप्त कराने की कार्यवाही प्रारंभ की जाए, (2) राज्य के पेंशनर्स को 4% डीए राहत 1 जुलाई 2023 से नगद दिलाई जाए, (3) निःशुल्क इलाज की सुविधा 5 लाख तक की प्रदाय कराई जाए। बैठक में एचपी उरमलिया, शेषमणी पांडेय, गौरीशंकर पांडेय, एके शुक्ला, एसपी शुक्ला, वीएसपी गौर, देवेन्द्र श्रीवास्तव, एसके श्रीवास्तव, जीपी सराठे, एके पिल्ले, उमेश हंश आदि उपस्थित रहे।

## भावनाएं का नववर्ष कैलेंडर, टेलीफोन डायरेक्ट्री का विमोचन आज

**जबलपुर**। भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसियेशन (भावनाए) की वार्षिक सभा, नववर्ष कैलेंडर एवं टेलीफोन डायरेक्ट्री का विमोचन 08 जनवरी को हरिशंकर परसाई भवन में दोपहर 02 बजे सीजीएचएस के अपर निदेशक डॉ. एके सुधांशु के द्वारा संपन्न होगा। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील अध्यक्ष टीके रायघटक, महामंत्री डीके सिंह, हरजीवन विश्वकर्मा, एचएल जांगड़े, दिनेश चोरे, आरबी शाह, आरआर दुबे, विनायक राव सोरते, एसके श्रीवास्तव, नंदलाल कोष्टा, एसके झा, अब्दुल रहमान, अर्जुन कुमार, दिलीप कुमार कुण्डे, एके स्थापक सहित अन्य सदस्यों ने की है।



# संभागीय अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह संपन्न

**जबलपुर**। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला परिषद मनोरमा संभा का संभागीय अधिवेशन एवं अलंकरण समारोह दिनांक 06 जनवरी 2024 दिन शनिवार को चंदप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर, संगम कालोनी में आयोजित किया गया। आज मो कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शरद जैन पूर्व राज्य मंत्री. श्री अभिलाष पाण्डे विधायक उत्तर मध्य, श्री कैलास चंद जैन अध्यक्ष जैन पंचायत सभा, डॉ. विमला चौधरी जी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, श्रीमती विजयलक्ष्मी जैन प्रांतीय अध्यक्ष, श्रीमती निशा चोचरी प्रांतीय सचिव, श्रीमती मीना जैन प्रांतीय कोषाध्यक्ष, श्री राजेश जैन सीए, श्री विनय सक्सेना पूर्व विधायक, श्री राजकुमार जैन अध्यक्ष अमृत तीर्थ, श्री सतेन्द्र जैन जुग्गू, अध्यक्ष पिसनहारी मढ़िया के आतिथ्य में संपन्न हुआ।आज के कार्यक्रम की आयोजिका श्रीमती नीलम जड़ी बूटी, संभागीय अध्यक्ष रहीं। आज के कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतो की झलकियां की प्रस्तुति, पत्रिका वीरांगना का विमोचन, लघु नाटिका, सभी प्रांतीय, अध्यक्षों, सचिव एवं कोषाध्यक्षों को पुलकार वितरण किया गया। आज के इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती अनुभूति बादशा एवं श्रीमती शोभा सिंघई के द्वारा, श्री मुनि सुव्रतनाथ शाखा के द्वारा मंगलाचरण किया गया। सुनीता सिंघई, मिश्री जैन, स्नेहलता जैन, साधना काश्मीर, श्वेता, सरिता, संध्या जैन, वैशाली, भारती, किरण,सविता आदि कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## नगर निगम सफाई प्रकोष्ठ में वर्से बने अध्यक्ष

### शुभचिंतकों ने किया स्वागत एवं बधाई दी



**जबलपुर**। अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर नगर निगम जबलपुर मैं सफाई प्रकोष्ठ अध्यक्ष नियुक्त होने पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ एवं अखिल भारतीय परिसंघ के पदाधिकारियों द्वारा फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस अवसर पर गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के संभागीय अध्यक्ष श्री किशोरीलाल भलावी ज़ी ओबीसी महासभा के श्री घनश्याम यादव ज़ी, परिसंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अजय झारिया ज़ी, जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्र कापसे, महासचिव मुकतेश्वर राव, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जय केवट, किशोरीलाल बढेल ज़ी, गया परसाद ज़ी, राजेश मारवेकर अध्यक्ष नगर निगम, राजेन्द्र चौधरी, दिशा इनवाती, सुरेन्द्र लखेरा, ममता मालिक, समियाल, राजू चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# वेतन विसंगति दूर किए जाने हेतु प्रदेश के समस्त विभाग के स्टेनोग्राफर न्यायालय की शरण में

## स्टेनोग्राफरों की वेतन विसंगति दूर की जाए

जबलपुर।

मध्य प्रदेश स्टेनोग्राफर संघ के संरक्षक रॉबर्ट मार्टिन एवं संभागीय अध्यक्ष हेमंत ठाकरे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि स्टेनोग्राफर संघ द्वारा लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगति दूर किए जाने हेतु माननीय न्यायालय की शरण में जाने हेतु याचिका के संबंध में हाई कोर्ट जबलपुर में अधिवक्ताओं के साथ विचार विमर्श कर अंतिम स्वरूप प्रदान किया गया। बैठक में स्टेनोग्राफर संघ के प्रांत अध्यक्ष मधुसूदन मेवाड़ भोपाल, एवं संभागीय अध्यक्ष हेमंत



ठाकरे ने याचिका दायर किए जाने हेतु भोपाल से आए कर्मचारी , पदाधिकारी एवं साथियों का जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन के साथ उनका पुष्प माला से अभिवादन किया और वेतन विसंगति दूर किए जाने हेतु न्यायालय की शरण में जाने हेतु उठाए गए कदम को उचित बताया और उनके सफल होने की कामना की। संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, जियाउररहीम, सुनील खादीकर , दिनेश गौड़ , ललनधन सिंह परते, अनूप सिंह मरकाम, स्टेनली नॉबर्ट, राजू डेहरिया, एनोस विक्टर, राकेश श्रीवास , मनोहर विश्वकर्मा, श्रीमती छाया सुब्रमण्यम , लक्ष्मी चंद, गुडविन चार्ल्स , राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, सुधीर अवधिया आदि उपस्थित रहे।



## नर्मदा हिल्स में नववर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित

**बच्चों व बड़ों ने लिया सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग**

**जबलपुर**। नर्मदा हिल्स आवासीय कॉलोनी समिति गौरीघाट के द्वारा नववर्ष मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कालोनीवासियों ने एक-दूसरे को नववर्ष की गले लगकर हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कॉलोनी के बच्चों ने एक से बढक़र एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सभी का मन मोहा। मिलन समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे का हालचाल जाना और खेल प्रतियोगिता के आयोजन में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि शिव यादव, विशिष्ट अतिथि संदीप वर्मा, रंजीत सिंह, समिति उपाध्यक्ष व सेवानिवृत्त थाना प्रभारी रमेश कौरव, सचिव कुलवीर सिंह, अतुल डांगीवाला, प्रकाश चौकसे, स्वाति शुक्ला, पूजा सिंह, अनिल प्रसाद, मनीष रावत, राजेश रजक, मयंक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अनोखा पेड़, अंग्रेज अधिकारी ने दिया था गिरफ्तारी का आर्डर, 125 साल से बंधी है जंजीर

एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

कोई अपराध करता है तो उसे कानून की ओर से सजा दी जाती है। चोरी, लूट और रेप जैसे मामलों में पुलिस को त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करते देखा जाता है। ये सब इंसानों के मामले में होता है, न कि किसी जानवर, पेड़ या पक्षी के साथ। लेकिन पाकिस्तान के पेशावर में तो एक पेड़ ही गिरफ्तार है। वो भी हाल फिलहाल में नहीं बल्कि वह पूरे 125 सालों से गिरफ्तार है और जंजीरों में लिपटा है।

## ब्रिटिश अधिकारी ने दिया पेड़ को गिरफ्तार करने का आर्डर

भला कोई पेड़ आखिर क्यों और कैसे गिरफ्तार हो सकता है? इसका गुनाह क्या रहा होगा? तो हम आपको यहां इसके पीछे की दिलचस्प कहानी बताने जा रहे हैं। दरअसल तोरखन बॉर्डर के पास लैंडी कोटाल नाम की बस्ती में आज से 125 साल पहले एक ब्रिटिश ऑफिसर के चलते ये सब हुआ था। कहानी कुछ ऐसी है कि जेम्स स्क्विड नाम के इस अधिकारी ने एक दिन नशे की हालत में दावा किया कि ये पेड़ उनकी पकड़ में नहीं आ रहा है और बार-बार भाग रहा है। साथ ही उन्होंने अपने सिपाहियों को इस पेड़ को गिरफ्तार करने का ऑर्डर दिया। सिपाही जेम्स के नशे और बेतुकी गिरफ्तारी के समझ तो रहे थे लेकिन अधिकारी के सामने कुछ बोलने की उनकी हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने पेड़ को गिरफ्तार करने के लिए उसके चारों ओर जंजीरें लगाकर उसे बांध दिया। तब से आज तक पेड़ गिरफ्तार है और उसकी जंजीरें जस के तस हैं।



### बना हुआ है पर्यटक स्थल

एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा की, इस पेड़ के माध्यम से, अंग्रेजों ने मूल रूप से आदिवासियों को यह बताया थी कि यदि उन्होंने राज के खिलाफ कोई हिम्मत की, तो उन्हें भी इसी तरह से दंडित किया जाएगा। अपने विवादास्पद अतीत के बावजूद, पेशावर का जंजीरदार पेड़ एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बना हुआ है, जो इस क्षेत्र में बेहतर टूरिस्ट प्लेस है।

### ब्रिटिश शासन के अत्याचार का प्रतीक

इसके ऊपर लगी तख्ती टूरिस्टों को इसकी सारी कहानी समझाती है। इसके ऊपर लिखा है- 'आई एम अंडर अरेस्ट' और बाकी की पूरा किस्सा भी डीटेल में लिखा है। लैंडी कोटाल वे पर खैबर राइफल्स ऑफिसर्स मेस के पास स्थित, जंजीर में लिपटा पेड़ टूरिस्टों का बहुत ध्यान खींचता है। हालांकि, स्थानीय लोग इस पेड़ को देश में ब्रिटिश शासन के अत्याचार का प्रतीक मानते हैं।

# पशिचमी दुनिया की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा

## प्राकृतिक खूबसूरती के कारण पहुंच रहे पर्यटक



एजेंसी ▸▸। नई दिल्ली

ब्राजील में भगवान बुद्ध की बहुत ही अद्भुत प्रतिमा है, जो यहां एस्पिरिटो सैंटो स्टेट के इबिराकू सिटी में स्थित है। माना जाता है कि यह पश्चिमी दुनिया में सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा है। साथ ही इसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा भी माना जाता है। अब इसी प्रतिमा से जुड़ी तस्वीरें वायरल हो रही है। आखिर ये प्रतिमा कितनी अनोखी है, जो बड़ी संख्या में लोग इसे देखने के लिए खिंचे चले आते हैं।

### हरे भरे मैदान और पहाड़ी इलाका

भगवान बुद्ध की ये प्रतिमा एकदम सफेद है, जो हरे भरे मैदान और पहाड़ियों वाले इलाके में स्थित है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मूर्ति होने के अलावा, ये बुद्ध की विशाल प्रतिमा अपनी सुंदर बनावट और इसके चारों ओर के प्राकृतिक खूबसूरती की वजह से काफी अनोखी है। इसके पास और भी कई छोटी बुद्ध प्रतिमाएं रखी हुई है, वो सभी भी सफेद रंग की है। भगवान बुद्ध की इस प्रतिमा को बनने में एक साल से अधिक का समय लगा, जिसे बनाने में लोहे, कंक्रीट और स्टील सहित अन्य चीजों के मिश्रण के करीब 350 टन मिश्रण को इस्तेमाल किया गया है।

### प्रतिमा की ऊंचाई 35 मीटर

रिपोर्ट के अनुसार, यह बुद्ध मूर्ति ब्राजील का सबसे बड़ी प्रतिमा है, जिसकी ऊंचाई 35 मीटर है और यह रियो डी जनेरियो में ईसा मसीह की मूर्ति से भी पांच मीटर ऊंची है। इस विशाल मूर्ति और उसके चारों ओर की प्राकृतिक सुंदरता को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग वहां खिंचे चले आते हैं। कहा जाता है कि यह प्रतिमा देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता का प्रतिनिधित्व करती है।

# समुद्र में दो खंबों पर बसा है दुनिया का सबसे छोटा देश, रहते हैं 50 से भी कम लोग

## सीलैंड एक माइक्रो नेशन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नहीं मिली

नई दिल्ली। आपने अभी तक दुनिया के सबसे छोटे देश वैटिकन सिटी के बारे में सुना होगा, लेकिन कभी सीलैंड के बारे में सुना है, जिसे इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता तो नहीं मिली है, लेकिन जनसंख्या और अन्य चीजों की वजह से इसे सबसे छोटा देश कहा जाता है।



### उत्तरी सागर में स्थित है देश

दुनिया का सबसे छोटा देश अगर आप वेटिकन सिटी को समझते हैं, तो शायद आप यहां गलत हैं। विश्व का सबसे छोटा देश वेटिकन सिटी नहीं बल्कि उत्तरी सागर में स्थित ये छोटा देश है। इसे सीलैंड के नाम से जाना जाता है। ये चारों तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है, हालांकि वेटिकन सिटी सबसे छोटा देश है, जिसे इंटरनेशनल लेवल पर मान्यता मिली हुई है, लेकिन सीलैंड एक माइक्रो नेशन है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता नहीं मिली है।

### रहने के लिए नहीं है साधन

ये देश इग्लैंड के सफोल्क समुद्री तट से करीबन 10 किमी की दूरी पर मौजूद है। सीलैंड खंडहर हो चुके एक समुद्री किले पर मौजूद है, जिसका निर्माण ब्रिटेन ने दूसरे वर्ल्ड वॉर के दौरान किया था और फिर बाद में खाली कर दिया। सीलैंड में रहने लायक कोई अच्छा साधन नहीं है। 2011 की जनगणना के अनुसार, यहां जनसंख्या केवल 27 ही है। इस बेहद छोटे से देश में रहने का कोई साधन भी नहीं है। पहली बार लोगों को जब इसके बारे में मालूम हुआ तो, लोगों ने खूब डोनेशन दिया।

### अपना राष्ट्रीय झंडा राष्ट्रगान और करेंसी

इस छोटे से देश को लेकर एक वेबसाइट भी बनाई गई है, आप **https://sealand-gov.org/** पर जाकर इस देश के बारे में जान सकते हैं। वहीं फेसबुक पर प्रिंसिपैलिटी ऑफ सीलैंड के नाम से पेज बना रखा है। वेबसाइट की जानकारी के अनुसार, इस देश का अपना राष्ट्रीय झंडे, राष्ट्रगान और अपनी करेंसी भी है। ये देश इतना छोटा है कि इसे आप गूगल मैप पर भी सर्च नहीं कर पाएंगे। इंटरनेशनल लेवल पर सीलैंड को अभी मान्यता नहीं मिली है। इस कारण से एक देश के रूप में यहां कई सारी चीजें लागू भी नहीं है। अगर आप इंटरनेट पर सबसे छोटे देश के बारे में सर्च करेंगे, तो सीलैंड की जगह वैटिकन सिटी नाम आएगा।

### वैटिकन सिटी को मिली है मान्यता



वैटिकन सिटी पर मौजूद देश वैटिकन सिटी को इंटरनेशनल मान्यता मिली हुई है और इस वजह से इसे दुनिया का सबसे छोटा देश कहते हैं। पहले ये इटली के अंदर था, लेकिन 1929 में ये आजाद हो गया। 0.44 वर्ग किलो मीटर वाले इस देश की आबादी 800 है। यहां इटैलियन भाषा बोली जाती है, वहीं करेंसी के रूप में यहां यूरो चलता है।

# बढ़ा ग्लोबल वार्मिंग का खतरा
# पिघल रहा दुनिया का सबसे बड़ा बर्फ का गड्ढा

**नई दिल्ली।** रूस के साइबेरिया में स्थित दुनिया का सबसे बड़ा पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर बटागिका पिघल रहा है। बटागाइका क्रेटर के पिघलने से वैज्ञानिकों में चिंता बढ़ गई है क्योंकि इससे उत्तरी और उत्तरपूर्वी रूस के शहरों और कस्बों को खतरा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह न केवल रूसी शहरों के लिए, बल्कि पूरे ग्रह के लिए खतरा है, क्योंकि इसके पिघलने से भारी मात्रा में कार्बनिक कार्बन वायुमंडल में प्रवेश कर रहा है, जो ग्लोबल वार्मिंग को और बढ़ा सकता है। अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, पर्माफ्रॉस्ट का मतलब वह जमीन या जगह है, जो लगातार कम से कम दो साल तक शून्य डिग्री सेल्सियस पर पूरी तरह जमी रहती है। ये स्थायी रूप से जमे हुए मैदान बर्फ द्वारा एक साथ बंधी मिट्टी, चट्टानों और रेत के संयोजन से बने हैं। नासा के अनुसार, पर्माफ्रॉस्ट उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के पास के क्षेत्रों में सबसे आम है और पृथ्वी के बड़े हिस्से को कवर करता है। विशेष रूप से उत्तरी गोलार्ध में, लगभग एक चौथाई भूमि क्षेत्र पर्माफ्रॉस्ट से ढका हुआ है। हालाँकि ज़मीन जमी हुई है।



### स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अंडरवर्ल्ड का प्रवेश द्वार

बटागाइका क्रेटर के पास के स्थानीय लोग साइबेरियाई परिदृश्य में विशाल, किलोमीटर-गहरे शाफ्ट को अंडरवर्ल्ड का प्रवेश द्वार भी कहते हैं। यह गड्ढा, जो 1960 के दशक में दिखना शुरू हुआ, उस क्षेत्र में वनों की कटाई का परिणाम था, जिसके कारण भूमि की बर्फ नष्ट हो गई और भूमि धंस गई। स्थानीय निवासी और शोधकर्ता एरेल स्ट्रुचकोव ने रॉयटर्स को बताया कि स्थानीय लोग इसे गुफा कहते हैं। इसका विकास 1970 के दशक में हुआ, शुरुआत में यह एक गड्ढा था, लेकिन धूप वाले दिनों की गर्मी में पिघलने के कारण इसका विस्तार होने लगा। स्थानीय निवासियों ने भी गड्ढे के तेजी से बढ़ने पर ध्यान दिया। उनका कहना है कि दो साल पहले जो किनारा सड़क से 30 मीटर दूर था, वह अब बहुत करीब है।



## अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए किया जाएगा कार्य

# 6 दिनों तक चलेगा एनआई का कार्य महानगर को जाने वाली 30 ट्रेनें रहेंगी रद्द

## दिल्ली, मध्यप्रदेश और राजस्थान जाने वाली प्रमुख ट्रेन रहेगी रद्द

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से महानगरों को जाने वाली 30 ट्रेनों के पहिए 10 जनवरी से छह दिनों तक थम जाएंगे। जोन के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अनूपपुर स्टेशन में तीसरी लाइन कनेक्टिविटी के लिए प्री-एनआई व एनआई का कार्य किया जाएगा। ट्रेनों के रद्द होने से लखनऊ, दिल्ली, रीवा, भोपाल समेत अजमेर, उदयपुर जाना मुश्किल हो जाएगा। इसके अलावा 50 हजार से भी अधिक यात्रियों को ट्रेन रद्द कर रिफंड लेना होगा। जोन में तीसरी लाइन को लेकर कार्य बीते दो सालों से चल रहा है। वर्तमान में 50 फीसदी ही कार्य हुआ है। कई यात्रियों को सफर का माध्यम भी बदलना पड़ सकता है, क्योंकि 20 से अधिक ट्रेन पहले से रद्द चल रही हैं। ऐसे में यात्रियों को दूसरी ट्रेन में सफर करने विकल्प नहीं मिलेगा।

कन्फर्म टिकट के लिए चार महीने पहले टिकट खरीदने का यात्रियों को फायदा नहीं मिला। 10 से 16 जनवरी तक 30 ट्रेन रद्द रहेगी।

### रद्द होने वाली गाड़ियां

1) 10 से 16 जनवरी 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
2) 10 से 16 जनवरी 08270 चंदिया रोड - चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
3) 10 से 16 जनवरी 08740 बिलासपुर – शहडोल मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
4) 10 से 16 जनवरी 08739 शहडोल - बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
5) 11, 13 व 16 जनवरी 05755 चिरमिरी - अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
6) 11, 13 व 16 जनवरी 05756 अनूपपुर - चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
7) 10, 12 व 15 जनवरी 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
8) 11, 13 व 16 जनवरी 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
9) 08 से 16 जनवरी 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
10) 09 से 17 जनवरी 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
11) 07 से 16 जनवरी 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
12) 09 से 18 जनवरी 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
13) 09 से 16 जनवरी 11265 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
14) 10 से 17 जनवरी 11266 अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
15) 08 से 16 जनवरी 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
16) 09 से 17 जनवरी 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
17) 09 से 15 जनवरी को 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
18) 10 से 16 जनवरी 18258 चिरमिरी – बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
19) 11 व 15 जनवरी 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
20) 12 व 16 जनवरी 12536 रायपुर- लखनऊ गरीब रथ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
21) 13 जनवरी को 20971 उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
22) 14 को 20972 शालीमार- उदयपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
23) 10 को 20828 संतरागाछी - जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
24) 11 जनवरी को 20827 जबलपुर- सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
25) 13 जनवरी को 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
26) 16 जनवरी को 22829 भुज -शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
27) 14 जनवरी 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
28) 15 जनवरी को 18214 अजमेर- दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
29) 10 जनवरी को 22169 रानी कमलापति-सांतरागाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
30) 11 जनवरी 22170 सांतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

आवश्यकता

!!! बिना किसी बड़े निवेश के प्रारंभ करने का सुनहरा अवसर !!! आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 28,500/- से 35,500/- महीना कमाएं रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग कॉल/ WHAT-SAPP करें) NOC -2150/- +91 85830 47417 (भोपाल/12/जनवरी 24)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर** — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।


**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

# धरती की आंख की तरह दिखती है अनोखी झील

**नई दिल्ली।** सेटीना रिवर स्प्रिंग कुदरत का एक चमत्कार है, जिसे इज्वोर सेटाइन के नाम भी जाना जाता है। क्रोएशिया स्थित यह पानी का छोटा सा एक भंडार, जो सेटीना नदी का जलस्त्रोत है, जिसे हम झील कह सकते हैं। इसके अनोखे आकार के कारण, कुछ लोग कहते हैं कि यह 'धरती की आंख' की तरह दिखता है। इसका पानी बहुत ही साफ और काफी ठंडा है, हिम्मती लोग ही इसमें डुबकी लगाने का साहस दिखा पाते हैं। हालांकि इसके अंदर एक ऐसी दुनिया है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे. अब इसी सेटीना रिवर स्प्रिंग एक वीडियो वायरल हो रहा है।

**सुंदरता को देखकर लोग हो जाते हैं मंत्रमुग्ध :** जमीन के नीचे से निकलने वाला पानी इसको एक नेचुरल पूल बनाता है, जिसमें पानी हरे और नीले रंग का है। इसकी सुंदरता को देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यही वजह है कि हर साल बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने के लिए आते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ये रिवर स्प्रिंग दिनारा पर्वत श्रृंखला के बेस पर स्थित है और इसे उसी अंडरग्राउंड जलभृत से पानी मिलता है, जो पास की सेटिना नदी को पानी देता है। स्प्रिंग का पानी एक नेचुरल पूल बनाता है, जो नदी में गिरता है, जिससे उसे ताजा पानी मिलता है।

## शब्द पहेली - 5388



**बाएँ से दाए-**
1. एक असुर जिसे शिव ने वरदान दिया था -4
4. दान देने वाला-4
7. सवारी गाड़ी-2
8. संख्या, रत्न-2
10. जाप, मंत्र पाठ-2
12. आक्रमणकारी-5
14. अपशिष्ट पदार्थ-2
15. दिन, प्रहार-2
16. भीगा हुआ-2
17. शिशु, पैदा हुआ बच्चा-4
19. कीमती-4
20. आलसी, निष्ठाहीन-5
21. जिसे दीक्षा नहीं दी गई हो-5
22. गारंटी, मुचलका-4
24. रिश्तेदार-2
25. शेर, नाहर-2
26. पिटाई, चोट-2
27. निम्नता, न्यूनता-5
31. परिणाम, निष्कर्ष-2
32. महेंद्रसिंह धोनी को इस नाम से भी जानते हैं-2
33. मूल, कंद-2
35. पितृपक्ष-2

**ऊपर से नीचे**
2. सवेरा, भोर-3
3. सांभर जैसा आहार -3
4. दैत्य, असुर-3
5. शहर-3
6. तरुण, जवान-4
9. एक महीन व कीमती कपड़ा-4
11. ईश्वर, रब-7
13. डांट, फटकार, भर्त्सना -3,4
14. भारत के पुर्व प्रधानमंत्री-5,2
18. अधीन-3
19. निवेदन, प्रार्थना-3
21. असमतल-4
23. धमाका, सनसनी-4
27. करिश्मा-3
28. बारीक-3
29. कपड़े धोनेवाला-3
30. पिटाई करना, भांपना-3

### शब्द पहेली - 5387 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | प | ट | ना | ■ | ज | ■ | अ | प | रा | ध |
| ■ | ल | ■ | म | ■ | ना | बि | क | ■ | ल | ड़ |
| ह | ■ | ■ | ज | ल | न | ■ | ल | ■ | ■ | क |
| म | क | स | द | ■ | खा | ना | ■ | थ | का | न |
| रा | ■ | ब | ■ | म | न | ■ | ध्व | ■ | लि | ■ |
| ज | प | क | र | ना | ■ | रा | ज | कु | मा | र |
| ■ | ह | ■ | वा | ■ | या | त्री | ■ | लि | ■ | वा |
| क | रा | र | ■ | न | न | ■ | अ | न | ब | न |
| म | ■ | ■ | ज | ■ | चा | क | र | ■ | ■ | गी |
| सि | ला | ■ | ह | म | ल | ■ | दा | ■ | सां | ■ |
| न | क | सी | र | ■ | क | ■ | स | दा | चा | र |

## सूडोकु नवताल- 5398

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENAOHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5397 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |



# ‘फाइटर’ के नए गाने का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सिद्धार्थ आनंद की मचअवेटेड फिल्म ‘फाइटर’ को लेकर गजब का बज बना हुआ है। दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की इस इस एरियल एक्शन फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म के थीम सॉन्ग ‘हीर आसमानी’ का टीजर जारी किया है। जोश और जज्बे से भरपूर इस गाने का टीजर बेहद दमदार नजर आ रहा है, जहां दीपिका और रितिक का जलवा देखने को मिल रहा है। वहीं देशभक्ति के जुनून से भरपूर ये गाना हमारे देश की सुरक्षा में लगे फाइटर पायलटों को समर्पित है।



लाइफ Style

# श्रद्धा

## ट्रेडिशनल लुक में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पद्मिनी कोल्हापुरे और प्रदीप शर्मा के बेटे प्रियांक शर्मा और उनकी पत्नी शाजा मोरानी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। हाल ही में कपल की गोदभराई सेरेमनी हुई थी। इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर भी अपने कजिन ब्रदर की खुशियों में शामिल होती हुई नजर आईं।

इस खास मौके की कई तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। प्रियांक शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज पोस्ट की है जिसमें न केवल श्रद्धा कपूर बल्कि प्रियांक की मां, पद्मिनी कोल्हापुरे और शाज़ा मोरानी की बहन ज़ोआ भी शामिल नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में श्रद्धा कपूर को प्रियांक और शजा के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। गोदभराई के मौके पर शज़ा और प्रियांक ने शाइनी पिंक कलर के आउटफिट पहने थे। मॉम टू बी शजा अट्रैक्टिव ज्वैलरी के साथ साटन की साड़ी में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आईं। वहीं प्रियांक ने भी ट्विनिंग करते हुए कुर्ता-पायजामा पहना था।

वहीं श्रद्धा के लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने अपने कजिन ब्रदर और भाभी की गोदभराई फंक्श नके लिए ट्रेडिशनल लुक कैरी किया था। श्रद्धा ने लेमन कलर की अनारकली ड्रेस पहने हुई थी और वे काफी प्यारी लग रही थीं। उन्होंने अपनी नाक में नथ, झुमका और बालों का जूड़ा बनाकर अपना लुक कंप्लीट किया था। इस दौरान एक्ट्रेस ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रोमी ब्री को कर रहे हैं डेट

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर जो जोनस ने बीते साल 2023 में हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सोफी टर्नर से अपनी राहें अलग की। अब लगता है कि सोफी से तलाक के बाद प्रियंका चोपड़ा के जेठ जो जोनस की अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। जो जोनस की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हुई है। सिंगर इस समय एक्ट्रेस स्ट्रोमी ब्री को डेट कर रहे हैं। ऐसी खबरें जो जोनस की स्ट्रोमी ब्री संग तस्वीरें सामने आने के बाद वायरल हो रही हैं। सामने आईं तस्वीरों में दोनों को स्की आउटिंग एंजॉय करते देखा जा सकता है।



# बेटी संग न्यूयॉर्क में स्पॉट हुईं एंजेलिना...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। एक्ट्रेस को जब भी पब्लिक प्लेस पर स्पॉट किया जाता है तो वह अपने फैशन से लोगों का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में एंजेलिना जोली को बेटी जाहारा के साथ न्यूयॉर्क में स्पॉट हुईं, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एंजेलिना जोली ब्लैक लॉन्ग कोट और जींस में स्टाइलिश दिखीं। हसीना ने इस दौरान लैदर ब्लैक शूज पेयर किए थे। मिनिमल मेकअप, ब्लैक ओवर साइज्ड शेड्स एंजेलिना जोली के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वर्क की बात करों तो एंजेलिना ने हाल ही में निर्देशक और निर्माता के रूप थ्रिलर विदाउट ब्लड का काम पूरा किया है।



# सिंघम-3 में श्वेता बनेंगी खुफिया अधिकारी

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। अब श्वेता रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म ‘सिंघम अगेन’ में दिखाई देंगी। ‘सिंघम 3’ में श्वेता तिवारी खुफिया अधिकारी के रोल में दीपिका पादुकोण के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्वेता तिवारी सिंघम अगेन में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। श्वेता तिवारी का कहना है कि रोहित शेट्टी की ‘इंडियन पुलिस फोर्स’ का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है और जब उन्हें सिंघम अगेन के लिए उनकी टीम से कॉल आया, तो वह बहुत एक्साइटेड हुईं। श्वेता ने कहा, रोहित सर ने मुझसे कहा कि वह मुझे तभी दूसरा प्रोजेक्ट देंगे, जब मुझे इंडियन पुलिस फोर्स के सेट पर हर रोज खाना लाकर खिलाएंगी। लेकिन इसके बिना ही उन्होंने अपनी अगली फिल्म का ऑफर कर दिया।



# अजय ने शुरू की रेड-2 की शूटिंग

**मुंबई।** अभिनेता अजय देगवन ने सरप्राइज दिया है और बताया कि अपनी एक और फिल्म के सीक्वल की शूटिंग शुरू कर दी है। 2018 में ब्लॉकबस्टर हुई ‘रेड’ की सफलता के बाद एक बार फिर से अजय और डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता साथ आए हैं। ‘रेड 2’ के पोस्टर के साथ ही बताया कि इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक एक बार फिर से वापस आ गया है। फिल्म में सच्ची कहानी को दिखाया जाएगा जैसा कि पार्ट वन में भी था। अजय देगवन ने शनिवार से फिल्म रेड 2 की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है। इसे मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शूट किया जाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और कृष्ण पाठक हैं। पोस्टर में केवल पैर दिखाया गया है। फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला





# अनुपमा ने की वापसी, पंड्या स्टोर की टॉप-5 में एंट्री...

**मुंबई।** रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना स्टारर टीवी शो टॉप पर वापस आ गया है। एक समय राज करने वाली अनुपमा, जो कुछ समय के लिए अपनी रैंक खो चुकी थीं, फिर से टॉप पर हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है, इमली और अन्य शो टीआरपी चार्ट पर शानदार रैंक हासिल कर रहे हैं। कुछ शो ने सचमुच दर्शकों को हैरान कर दिया है। अनुपमा ने एक बार फिर से बाजी मार ली है। इस शो को 2.6 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन की टीआरपी मिली है। शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा और सुमित सिंह स्टारर टीवी शो गुम है किसी के प्यार में अब दूसरे स्थान पर है। इसे 2.4 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन मिले हैं। ऐसा लगता है कि जिस तरह से नए ट्विस्ट के साथ कहानी में बदलाव किया गया है वह फैंस को पसंद नहीं आ रहा है। शहजादा धामी, समृद्धि शुक्ला, प्रतीक्षा होनमुखे और रोहित खजूरिया स्टारर टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है, टीआरपी चार्ट पर दिल जीत रहा है। साई केतन राव और अद्रिजा रॉय स्टारर इमली शो में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। काफी समय बाद पंड्या स्टोर ने टॉप 5 में एंट्री की है। 2.0 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन की रेटिंग के साथ यह पांचवें स्थान पर है। इसमें रोहित चंदेल और प्रियांशी यादव मुख्य भूमिका में हैं। प्रियांशी और रोहित की केमिस्ट्री फैन्स को खूब पसंद आ रही है।

## अस्पताल में भर्ती ‘कोमोलिका

**मुंबई।** टीवी की कोमोलिका उर्वशी ढोलकिया की तस्वीरों ने उनके चाहने वालों की चिंता बढ़ा दी है। उर्वशी अस्पताल के बेड पर लेटी दिखीं। उनके बेटे क्षितिज ने अस्पताल से वीडियो पोस्ट किया। एक्ट्रेस को गर्दन में ट्यूमर (सिस्ट) की वजह से सर्जरी करानी पड़ी है। उनकी सर्जरी सफल रूप से हो गई है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम की सलाह दी है। उर्वशी मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती हैं। उर्वशी ने एक बयान जारी कर कहा कि मुझे सर्जरी करानी पड़ी क्योंकि दिसंबर 2023 की शुरुआत में गर्दन में ट्यूमर का पता चला था। मेरी सर्जरी सफल रही है और अब मुझे 15 से 20 दिनों तक आराम की सलाह दी गई है। उर्वशी ने हाल ही में अनुज सचदेवा के साथ अपने तलाक पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र में तलाक के बाद उन्हें कभी सच्चा प्यार नहीं मिला।



# नहीं थम रही सालार की आंधी, बढ़ रही 700 करोड़ के क्लब की ओर



**मुंबई।** प्रभास की फिल्म ‘सालार’ बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। कुछ दिनों पहले ‘सालार’ 600 करोड़ के आंकड़े को पार चुकी है और अब ये 700 करोड़ क्लब की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी फिल्म हर दिन करोड़ों में कमाई कर रही है। खबर के मुताबिक अब तक प्रभास की फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 667.59 करोड़ रुपए का टोटल बिजनेस कर लिया है।

# अब ओटीटी पर स्ट्रीम होगी सलमान - कैट की टाइगर- 3




**मुंबई।** ‘टाइगर 3’ साल 2023 में रिलीज हुई थी। सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर इस फिल्म को भी दर्शकों से काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब ये फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। ‘टाइगर 3’ ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। हालांकि अभी ‘टाइगर 3’ की ओटीटी रिलीज डेट रिवील नहीं की गई है।

# अपकमिंग फिल्म मेरी क्रिसमस के प्रमोशन में जुटी कैटरीना



**मुंबई।** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ‘मेरी क्रिसमस’ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। रिलीजिंग से पहले वह फिल्म की जमकर प्रमोशन करती नजर आ रही हैं। इसी बीच प्रमोशन के सिलसिले में कैटरीना को बांद्रा में स्पॉट किया गया, जहां वह पैपराजी को जमकर पोज देती नजर आईं। कैटरीना की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

# वकील-पुलिस से भ्रष्टाचारी तक, दिलों दिमाग में ओम पुरी के अमिट अभिनय की छाप...



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के शानदार कलाकारों में एक नाम ओम पुरी का भी है। 6 साल पहले 6 जनवरी के दिन सिनेमा ने एक उम्दा कलाकार ओम पुरी को हमेशा के लिए खो दिया था। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपनी यादगार परफॉर्मेंस के लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे। ओम राजेश पुरी उर्फ ओम पुरी को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। हीरो से लेकर विलेन और कॉमेडियन तक, एक्टर ने पर्दे पर ऐसी-ऐसी भूमिकाएं निभाईं, जो दर्शकों के दिलों-दिमाग पर हमेशा के लिए छप गए।

***1982 में मिला था पहला नेशनल अवॉर्ड*:** ‘आरोहण’ (1982) की कहानी ओम पुरी द्वारा निभाए गए हरि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक गरीब किसान है और जमींदार की क्रूरता का शिकार होता है। फिल्म को आलोचकों द्वारा काफी सराहा गया और इसने उन्हें बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में अपना पहला नेशनल अवॉर्ड दिलाया। कॉप-ड्रामा ‘अर्ध सत्य’ (1983) ओम पुरी के करियर की वो फिल्म है, जिसने उन्हें लगातार दूसरी बार नेशनल अवॉर्ड दिलाया था। फिल्म में एक ईमानदार पुलिस बने ओम पुरी ने अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया था। ‘अर्ध सत्य’ में जहां ओम पुरी ने एक ईमानदार पुलिस की भूमिका निभाई थी, वहीं इसी साल रिलीज हुई ‘जाने भी दो यारो’ (1983) में उनका कैरेक्टर एकदम उल्टा था। इस फिल्म में अभिनेता ने एक भ्रष्टाचारी व्यापारी का किरदार निभाया था। एक डार्क कॉमेडी मूवी में ओम पुरी के कैरेक्टर ने लोगों का ध्यान खींचा था।

## साइड रोल में लूटी लाइमलाइट

सनी देओल स्टारर ‘घायल’ में ओम पुरी ने साइड रोल करके भी लाइमलाइट चुरा ली थी। फिल्म में ओम पुरी ने एसीपी डिसूजा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के लिए ओम पुरी फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेटेड थे। ‘गुप्त’ (1997) में ओम पुरी ने इंस्पेक्टर उधम सिंह का किरदार निभाया था। इस फिल्म के लिए भी ओम पुरी फिल्मफेयर अवॉड्र्स में सपोर्टिंग कैरेक्टर के लिए नॉमिनेट हुए थे।

## 66 साल की उम्र में कहा दुनिया को अलविदा

6 जनवरी 2017 वो मनहूस घड़ी थी, जब 66 साल की उम्र में हार्ट अटैक की वजह से ओम पुरी का निधन हो गया था। गोविंद निहलानी के निर्देशन में बनी ‘आक्रोश’ साल 1980 की बेहतरीन फिल्म रही। इस फिल्म ने बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया था। फिल्म में भीकू बने ओम पुरी ने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया था, जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप था। इस फिल्म ने ओम पुरी को अपना पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड दिलाया।

# रोमांचक प्रोजेक्ट की तलाश में भूमि



**मुंबई।** एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी शुरुआत करने के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की तलाश में हैं। भूमि के अब तक के काम से साबित होता है कि वह आज भारत की सबसे डिसरप्टिव अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह केवल और केवल तभी स्ट्रीमिंग के लिए कदम उठाएंगी जब कोई बेहद रोमांचक प्रोजेक्ट उनके पास आएगा। वह कहती हैं, विश्व स्तर के साथ-साथ भारत में भी स्ट्रीमिंग कंटेंट का स्तर अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ समय से डिजिटल क्षेत्र में कदम रखने के बारे में सोच रही हूं, लेकिन मैं इस बात को लेकर स्पष्ट हूं कि स्ट्रीमिंग पर मेरी शुरुआत कुछ ऐसी होनी चाहिए, जो रोमांचक हो और मेरे द्वारा की गई सभी अविश्वसनीय फिल्मों से अलग हो।

# रणजी ट्रॉफी : पुजारा ने प्रथम श्रेणी में ठोका 17वां दोहरा शतक, 258 मैच में बनाए 19812 रन

एजेंसी ▶▶ राजकोट

रणजी ट्रॉफी 2024 के पहले चरण में चेतेश्वर पुजारा ने शानदार बल्लेबाजी की है। सीजन के पहले मैच में ही उन्होंने दोहरा शतक जड़ा दिया है। उन्होंने झारखंड के खिलाफ 356 गेंद में नाबाद 243 रन बनाए। यह रणजी ट्रॉफी में उनका आठवां दोहरा शतक है। अब वह इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब उनसे आगे नौ दोहरे शतक लगाने वाले पारस डोगरा हैं।

पुजारा अब 17 प्रथम श्रेणी दोहरे शतक के साथ हर्बर्ट सटक्लिफ और मार्क रामप्रकाश की बराबरी पर हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने के मामले में डॉन ब्रैडमैन (37), वैली हैमंड (36) और पैट्सी हेंड्रेन (22) के बाद चेतेश्वर पुजारा का नाम है। पुजारा के नाम तीन प्रथम श्रेणी तिहरे शतक भी हैं, जिनमें से आखिरी अक्टूबर 2013 में वेस्टइंडीज ए के खिलाफ आया था।



356 गेंद में बनाए नाबाद 243 रन

## पुजारा ने लक्ष्मण को पछाड़ा

पुजारा ने इस पारी के दौरान कुछ बड़े रिकॉर्ड्स बनाए। पुजारा अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बन गए हैं। पुजारा (19812 रन) ने वीवीएस लक्ष्मण को पछाड़ दिया, जिनके फर्स्ट क्लास कॅरियर में 19730 रन थे। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सुनील गावस्कर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय हैं। गावस्कर ने 348 फर्स्ट क्लास मैचों में 51.46 की औसत से 25834 रन बनाए, जिसमें 81 शतक और 105 अर्धशतक शामिल रहे। वहीं सचिन ने 310 फर्स्ट क्लास मैच खेलकर 57.84 की औसत से 25396 रन बनाए। सचिन के नाम पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 81 शतक और 116 अर्धशतक दर्ज हैं। राहुल द्रविड़ 23794 रनों के साथ इस मामले में तीसरे स्थान पर हैं।



### दोहरे शतकवीर

| खिलाड़ी | दोहरा शतक |
|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन | 37 |
| वैली हैमंड | 36 |
| पैट्सी हेंड्रेन | 22 |
| चेतेश्वर पुजारा | 17* |
| हर्बर्ट सटक्लिफ | 17 |
| मार्क रामप्रकाश | 17 |

## सौराष्ट्र ने बनाई 436 रनों की बड़ी लीड

पुजारा की शानदार पारी के दम पर सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी 578/4 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। झारखंड ने अपनी पहली पारी में 142 रन बनाए थे, यानी सौराष्ट्र को 436 रनों की बड़ी लीड मिली है।

## फर्स्ट क्लास में 61 शतक

*पुजारा ने अबतक 258 फर्स्ट क्लास मैचों में 19812 रन बनाए हैं। पुजारा ने इस दौरान 61 शतक और 77 अर्धशतक लगाए हैं। पुजारा का टेस्ट कॅरियर काफी शानदार रहा है। 35 वर्षीय पुजारा अब तक 103 टेस्ट मैचों में 43.60 की औसत से 7195 रन बना चुके हैं।*

## टीम इंडिया के लिए किया दावा

*पुजारा ने इस पारी के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया में अपनी वापसी दावा मजबूत कर लिया है। दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने खासा निराश किया था। ऐसे में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में इन दोनों खिलाड़ियों की जगह चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया जा सकता है। पांच टेस्ट की यह सीरीज 25 जनवरी से शुरू होगी। पुजारा ने आखिरी टेस्ट जून में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में खेला था, जिसमें उन्होंने 14 और 27 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप



### अभ्यास मैच खेलेंगे नीदरलैंड, नामीबिया

**जोहानिसबर्ग।** नीदरलैंड और नामीबिया की टीमें इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में दक्षिण अफ्रीका के टी20 लीग एसए20 की टीमों के साथ अभ्यास मैच खेलेंगी। नीदरलैंड और नामीबिया के खिलाड़ियों को एसए20 में खेलने वाले कई शीर्ष खिलाड़ियों का सामना करने का मौका मिल सकता है। एसए20 लीग बुधवार से शुरू हो रहा है। नीदरलैंड का सामना सनराइजर्स ईस्टर्न केप, पार्ल रॉयल्स और एमआई केपटाउन से होगा, जबकि नामीबिया जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

### शिविर के लिए 41 खिलाड़ियों का चयन

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में सोमवार से शुरू होने वाले जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 41 सदस्यीय टीम घोषित की। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार खिलाड़ियों का



चयन 2023 में घरेलू चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कोच तुषार खांडेकर के पास रिपोर्ट करनी होगी।

### स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई करेगा पीसीबी


**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान चिकित्सा टीम के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लेग स्पिनर अबरार अहमद पर कार्रवाई कर सकता है। अबरार



तंत्रिका तंत्र से जुड़ी समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच भी नहीं खेल पाए थे।पाकिस्तान की टीम के चिकित्सक, फिजियो और ट्रेनर से परामर्श लेने के बाद पीसीबी के चिकित्सा पैनल ने बोर्ड के अध्यक्ष को अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि अबरार ने पिछले साल भारत में खेले गए विश्व कप से ही उपचार प्रक्रिया के प्रति लापरवाही बरती।

### अफरीदी को विश्राम दिया गया था : हफीज

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के



तहत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में विश्राम दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में शनिवार को पाकिस्तान को 8 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप किया। हफीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के बाद कहा, 'हमने शाहीन के कार्यभार को देखते हुए उन्हें विश्राम देने का फैसला किया था।

## टेनिस : फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराया

# ऐलेना बनी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल चैंपियन ग्रिगोर ने 6 साल में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▶▶ ब्रिस्बेन

ऐलेना रयाबकिना ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए रविवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त रयाबकिना ने फाइनल में सबालेंका को आसानी से 6-0, 6-3 से हराकर अपने कॅरियर का छठा खिताब जीता तथा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता नमूना भी पेश किया।

इससे पहले इन दोनों खिलाड़ियों के बीच जो सात मुकाबले हुए थे उनमें से पांच में सबालेंका ने जीत दर्ज की थी लेकिन रविवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी रयाबकिना के ग्राउंडस्ट्रोक्स का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

**सेट : 1**

सबालेंका ने पिछले साल रयाबकिना को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता था लेकिन यहां पहले सेट में उन्होंने अपनी तीन सर्विस गंवाई। रयाबकिना ने पहला सेट केवल 24 मिनट में जीता।

**सेट : 2**

रयबाकिना ने दूसरे सेट के तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाई लेकिन उन्होंने तुरंत ही अगले गेम में ब्रेक प्वाइंट लेकर हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद उन्होंने मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगाया।



### दिमित्रोव ने रूने को हराया



*पुरुष एकल के फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूने को 7-6 (5), 6-4 से हराकर छह साल में अपना पहला खिताब जीता। यह मैच दो घंटे 13 मिनट तक चला और केवल एक बार किसी खिलाड़ी की सर्विस टूटी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दिमित्रोव ने टाइब्रेकर में यह सेट अपने नाम किया। उन्होंने दूसरे सेट के आठवें गेम में रून की सर्विस तोड़कर 4-3 से बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस पर मैच जीता। विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव का यह कॅरियर का नौवां और 2017 में एटीपी फाइनल्स के बाद पहला खिताब है।*



### गॉफ ने लगातार दूसरी बार जीता ऑकलैंड क्लासिक का खिताब

*ऑकलैंड। शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके रविवार को यहां फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। गॉफ ने स्वितोलिना को 6-7 (4), 6-3, 6-3 से हराया। पूरे सप्ताह में यह पहला अवसर था जबकि गॉफ को तीन सेट तक जूझना पड़ा। वह बिना सेट गंवाए फाइनल में पहुंची थी। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने पिछले साल यहां बिना सेट गंवाए खिताब जीता था। लेकिन इस बार फाइनल में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह मैच दो घंटे 23 मिनट तक चला। गॉफ 2018 और 2019 की चैंपियन जूलिया जॉर्जेस के बाद लगातार ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं।*

## टीम इंडिया का ऐलान

# रोहित, कोहली और गिल की टी20 टीम में वापसी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की आगामी टी20 श्रृंखला के लिए, रविवार को घोषित भारतीय टीम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की वापसी हुई है।

इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने लगभग 14 महीनों से किसी भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हिस्सा नहीं लिया है। समझा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका में चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर से मुलाकात के दौरान दोनों ने खुद को इस प्रारूप में राष्ट्रीय टीम के लिए उपलब्ध बताया था। सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या और ऋतुराज गायकवाड़ को चोट के कारण बाहर रखा गया है। ये सभी अपनी-अपनी चोट से उबरने में नाकाम रहे। 11 जनवरी से शुरू हो रही सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से अहम हैं। यह जून में होने जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम की आखिरी बाइलेटरल सीरीज है।रोहित और विराट ने देश के लिए अपना पिछला टी20 मैच 10 नवंबर 2022 को विश्व कप में खेला था।

टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन और रविंद्र जडेजा का नाम नहीं है। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी को मोहाली में पहला मैच खेलेगी। श्रृंखला का दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः इंदौर और बेंगलुरु में खेला जाएगा।

*भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।*

## वापसी में महज एक टूर्नामेंट में खेलने के बाद लिया फैसला

# राफेल नडाल चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटे

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

राफेल नडाल ने चोट के कारण आस्ट्रेलियाई ओपन से हटने का फैसला किया जबकि उन्होंने 12 महीने तक खेल से बाहर रहने के बाद वापसी में केवल एक ही टूर्नामेंट खेला था। नडाल ने कहा कि उन्हें अपने सर्जरी हुए कूल्हे की चिंता है क्योंकि शुक्रवार को ब्रिसबेन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के तीसरे सेट में उन्हें 'मेडिकल टाइम आउट' लेना पड़ा था जिसमें वह जोर्डन थाम्पसन से हार गए थे।

इस 22 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता ने कहा था कि उन्हें शुरू में 'टेंडन मुद्दे' के बजाय यह मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या लगी थी। पिछले साल इसी दौरान उन्हें 'टेंडन' की समस्या से काफी दर्द झेलना पड़ा था। लेकिन उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेलबर्न से आने के बाद हुए स्कैन में पता चला है कि उनकी मांसपेशी में एक छोटा सा घाव है और इसके उपचार के लिए



वह वापस स्पेन जा रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, 'इस समय मैं उच्चतम स्तर के पांच सेट के मैच में हिस्सा लेने के लिए तैयार नहीं हूं। मैंने इस वापसी के लिए पूरे साल बहुत कड़ी मेहनत की थी और जैसा कि मैंने हमेशा जिक्र किया है कि मेरा लक्ष्य तीन महीनों में अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचने का है। मेरे लिए दुखद खबर है कि मैं मेलबर्न में दर्शकों के सामने नहीं खेल पाऊंगा, यह बहुत बुरी खबर भी नहीं है क्योंकि हम सत्र के लिए सकारात्मक बने रहेंगे।'

### दो मैच जीते एक हारे

नडाल ने कहा, 'मैं वास्तव में यहां आस्ट्रेलिया में खेलना चाहता था और मुझे कुछ मैच खेलने का मौका मिला जिन्होंने मुझे काफी खुश और सकारात्मक बनाया।' नडाल ने अपने पहले दो प्रतिस्पर्धी मैच जीते जिसमें उन्होंने डोमिनिक थिएम (पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी) और वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाले आस्ट्रेलियाई जेसन कुबलर को हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें दूसरे सेट में तीन मैच प्वाइंट मिले लेकिन नडाल तीनों गंवा बैठे। आस्ट्रेलियाई ओपन 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।

## स्वियाटेक ने कर्बर को हराया



**सिडनी।** शीर्ष रैंकिंग की टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने रविवार को यहां यूनाइटेड कप फाइनल में एंजेलिक कर्बर के खिलाफ सीधे सेटों में जीत दर्ज करके जर्मनी के खिलाफ पोलैंड की टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाली पोलैंड की खिलाड़ी ने 70 मिनट तक चले मुकाबले में कर्बर को 6-3, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ ही पोलैंड की टीम ने इस मिश्रित (पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संयुक्त टीम) टूर्नामेंट के मैचों में अपने लगातार जीत के रिकॉर्ड को सुधार किया। टीम की यह 12वीं जीत है।

**COLLEGE OF AGRICULTURE, JNKVV, JABALPUR**
**WALK IN INTERVIEW**
**CORRIGENDUM**

In respect of earlier notified notice **no. IPRO/PBG/23/64** the date of interview has been rescheduled from **05.01.2024** to **10.01.2024** at 2:00 PM.

IPRO/PBG/24/06 Dean

# रियल मैड्रिड और एटलेटिको ने अंतिम 16 में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड



रियल मैड्रिड ने चौथे डिविजन के क्लब अरंडिना को आसानी से 3-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम 16 में प्रवेश किया। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से जोसेलु, ब्राहिम डियाज और रोड्रिगो ने गोल किए। अरंडिना की टीम शुरू से जूझती नजर आई।

रियल मैड्रिड के डिफेंडर नाचो फर्नांडीज ने अंतिम क्षणों में आत्मघाती गोल करके उसका खाता खोला। एटलेटिको मैड्रिड भी अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहा। उसने तीसरे डिविजन के क्लब लूगो को 3-1 से हराया। मेम्फिस डेपे ने एटलेटिको की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किए। उनके अलावा एंजेल कोरिया ने भी एटलेटिको की तरफ से गोल किया। लूगो की तरफ से एकमात्र गोल 39वें मिनट में लिएंड्रो एंटोनेटी ने किया। अन्य मैचों में गिरोना ने एल्चे को 2-0 से, गेटाफे ने एस्पेनयोल को 1-0 से और रेयो वैलेकैनो ने दूसरे डिवीजन के क्लब ह्यूस्का को 2-0 से पराजित किया।

**कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जबलपुर मण्डल जबलपुर**
कार्यालय पता – तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर
क्रमांक/09 /निविदा/ग्रायांसेवा/2024 दूरभाष 0761(2625425) ई–मेल seresjabalpur@mp.gov.in जबलपुर दिनांक 02/01/2024

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/2023–24**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालाघाट क्रमांक–1, 2, मण्डला क्रमांक–2 एवं कटनी के निम्नांकित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई–पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर सरल क्रमांक–1 से 6 तक दो लिफाफा पद्धति एवं सरल क्रमांक 7 तीन लिफाफा पद्धति के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा कॉलम 11 में उल्लेखित एस.ओ.आर. के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची सहित ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विवरण निम्नानुसार है:–

| स. क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC) (राशि रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | बालाघाट–1 | 2024_RES_323462_1 | नवीन जिला पंचायत भवन बालाघाट के कैंपस में पेवर ब्लाक, पाईप कल्वर्ट एवं प्रोटेक्शन वॉल निर्माण कार्य | बालाघाट | 2537714.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 2 | बालाघाट–2 | 2024_RES_323463_1 | सिहोरा से चिखला माइनर मेन रोड गोंदिया बालाघाट तक डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य लम्बाई 3 कि.मी. का शेष निर्माण कार्य | बालाघाट | 2086349.00 | 41800.00 | 5000.00 | 180 दिवस | द्वितीय | RES-04-01-2019 |
| 3 | मण्डला–2 | 2024_RES_323464_1 | स्टापडेम रिनोवशन कार्य (स्टापडेम का अतिरिक्त कार्य) ग्राम निवारी ग्राम पंचायत निवारी | नैनपुर | 2198937.00 | 44000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 4 | कटनी | 2024_RES_323465_1 | शासकीय कन्या हाई स्कूल विजयराघवगढ़ में 350 मीटर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य | विजयराघवगढ़ | 2108864.00 | 42200.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 5 | कटनी | 2024_RES_323466_1 | शासकीय कन्या हाई स्कूल विजयराघवगढ़ में 06 नग शिक्षक कक्षों का निर्माण कार्य | विजयराघवगढ़ | 2478089.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 6 | कटनी | 2024_RES_323467_1 | शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में खेल मैदान निर्माण कार्य | विजयराघवगढ़ | 3671725.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 7 | कटनी | 2024_RES_323468_1 | जिला पंचायत कटनी के परिसर में प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण कार्य | कटनी | 6382650.00 | 64000.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |

नोट – निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियॉ ऑनलाईन देखी जा सकती है, जो कि प्रकाशित नही की जायेगी।

निविदा संबंधी तिथियॉ (Key Dates) :-

(1) Date of Publishing of Tender/Document Download/Sale Start Date - 08.01.2024 AT 11:00AM
(2) Document Download/Sale End Date/Technical Bid Submision End Date - 16.01.2024 AT 05:30PM
(3) Bid Opening Date - 18.01.2024 AT 11:00AM

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जबलपुर मण्डल, जबलपुर

G-22650/23

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।




## दूसरे दिन में बिगड़े रहे मौसम के मिजाज बारिश के आसार

# दिनभर छाया रहा कोहरे जैसे धुंध



**जबलपुर।** मौसम के मिजाज दूसरे दिन भी बिगड़े रहे, दिन भर कोहरा व धुंध छाई रही सर्द हवाएं चलती रहीं, दिन का तापमान भले ही नीचे गिर गया, लेकिन रात के तापमान में वृध्दि बनी हुई थी। रात के शीत लहर में कड़ाके की ठंड का अहसास कराया। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक अभी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। एक टर्फ लाइन उत्तर प्रदेश से लेकर मध्य प्रदेश व पश्चिमी भाग मे बनी होने कारण उत्तरी-पूर्वी हवा से सर्दी का असर बढ़ गया है। अगले 24 घंटे तक मौसम ऐसा ही रहेगा इसके बाद मौसम साफ होते ही ठंड का असर और बढ़ने लगेगा। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के अनुसार अरब सागर के पश्चिमी भाग में एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। हवा में नमी होने से बादल छाए रहेंगे। वहीं कोहरा व धुंध भी दिखेगा। शहर कोहरे और धुंध की आगोश में रहेगा। उत्तर-पूर्व से आ रही सर्द हवा भी लोगों को दिन भर सिहराती रहेंगी। शुक्रवार को हुई अचानक वर्षा ने ठंडक बढ़ा दी। रुक-रुक कर हल्की बौछारें पड़ती रहेगी। 24 घंटे तक ऐसा ही रहेगा मौसम वर्षा के बाद ठंड ने ऐसा जोरा मारा कि वातावरण में अचानक ठिठुरन महसूस होने लगी। वातावरण में बर्फीली ठंडक का अहसास होने लगा। ठंड से बचने लोग गर्म कपड़े के साथ ही आग का सहारा भी लेते दिखे। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा इस दौरान जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें भी पड़ सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 21.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 16.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रिकार्ड किया गया। प्रदेश में सबसे कम तापमान 07.08 डिग्री शिवपुरी में दर्ज किया गया। जबकि गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 04.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। हवा में नमी प्रातकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 83 प्रतिशत आंकी गई। उत्तर हवाओं की रफ्तार 5 से 6 किमी प्रति घंटे की रही। सूर्योदय सुबह 6.53 बजे हुआ, जबकि सूर्यास्त 5.41 बजे हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के जिलों में हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है।

### खराब मौसम के कारण हवाई सेवाएं प्रभावित

**जबलपुर।** घने कोहरे के कारण रविवार सुबह भी डुमना एयरपोर्ट पर एक भी जहाज नहीं उतरे। सुबह के समय एयर इंडिया और इंडिगो की फ्लाइट लैंड करती हैं। शनिवार को दिनभर लैंडिंग नहीं हुई थी। आज सुबह भी यही हाल रहे। मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह विजिबिलिटी 500 मीटर थी, जबकि जहाज के उतरने और उड़ान भरने के लिए 1200 से 1500 की विजिबिलिटी होना आवश्यक है। सुबह कोहरा छाने से शनिवार को भी दिनभर हवाई यातायात बाधित रहा तो रविवार सुबह भी न तो एयर इंडिया की फ्लाइट लैंड हुई और न ही इंडिगो की। मौसम विदों की मानें तो आज सोमवार से से हल्की राहत के आसार हैं, किंतु कल से फिर एक डब्ल्यूडी सक्रिय हो रहा है, इसका एक-दिन में असर दिखने लगेगा, यदि यह प्रभावकारी हुआ तो मौसम के अगले हफ्ते तक पूरी तरह खुलने के आसार नहीं है।

## वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति देने हाई कोर्ट के निर्देश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले में वरिष्ठता के आधार पर असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति देने के निर्देश दिए। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने आदिवासी कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए क प्रमोशन पर निर्णय लेने के पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर भी प्रदान करें। कोर्ट ने कहा क यह प्रक्रिया 90 दिन में पूरी करें। जबलपुर निवासी अहफज्जुरहीम खान की ओर से अधिवक्ता पराग तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी क याचिकाकर्ता असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर प्रमोशन का हकदार है और उसे यह पदोन्नति वर्ष 1990 से मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया क याचिकाकर्ता के पास 5 वर्ष का फीडर का भी अनुभव है। इससे पहले भी हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की पदोन्नति पर विचार कर निर्णय लेने कहा था। विभाग द्वारा सभी पत्राचारों में याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय दिया था, इसके बावजूद उसे पदोन्नति नहीं दी गई। वहीं शासन की ओर से बताया गया क असिस्टेंट ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए केवल एक पद रिक्त है, जबकि वरिष्ठता सूची में याचिकाकर्ता का नाम छठवें स्थान पर है। कोर्ट ने सूची का अवलोकन करने पर पाया क पहले क्रमांक पर जिस कर्मचारी का नाम है, वह सेवानिवृत्त हो चुका है, जबकि दूसरे से पांचवें नबंर के कर्मियों को पदोन्नति दी जा चुकी है। कोर्ट ने कहा क अब याचिकाकर्ता वरिष्ठता सूची में सबसे वरिष्ठ स्थान पर है, इसलिए सूची पर विचार कर उसके आधार पर उसे प्रमोशन मिलना चाहिए।

## मामले की अगली सुनवाई 30 जनवरी को

# चुरहट बार एसोसिएशन के चुनाव कराने निर्देश



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अंतिरम आदेश के तहत सीधी जिले के चुरहट बार एसोसिएशन के चुनाव कराने के निर्देश देते हुए कहा क अदालत की अनुमति बिना परिणाम घोषित नहीं कए जाएं। जस्टिस शील नागू व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ मध्यप्रदेश के सचिव, चुनाव अपील समिति के अध्यक्ष व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। चुरहट बार एसोसिएशन के सचिव ब्रह्म ऋषि कुमार पांडे की ओर से अधिवक्ता संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया क रामजी शुक्ला ने चुनाव प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए स्टेट बार काउंसिल के समक्ष अपील दायर की थी। स्टेट बार ने पूरे चुनरव को रद्द कर दिया। अधिवक्ता वर्मा ने दलील दी क कि स्टेट बार काउंसिल ने चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करके अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बार काउंसिल का अधिकार क्षेत्र केवल अधिवक्ताओं के कदाचार के मामलों तक ही सीमित होना चाहिए और उसके पास बार एसोसिएशन के नियमित मामलों में हस्तक्षेप करने की शक्ति नहीं है। कोर्ट ने इसी मामले से जुड़ी एक अन्य याचिका को भी संलग्न कर एकसाथ सुनवाई करने के निर्देश दए। मामले पर अगली सुनवाई 10 जनवरी को होगी।

## आरक्षण नियम के उल्लंघन पर हाईकोर्ट ने मांगा सरकार से जवाब

# ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती में अनियमितता को चुनौती

**जबलपुर।** ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती में की गई कथित अनियमित्ताओं को हाई कोर्ट में एक याचिका के जरिए चुनौती दी गई। याचिका में आरक्षण के नियमों का उल्लंघन किये जाने को चुनौती दी गई। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद आरक्षण नियम के उल्लंघन पर राज्य शासन व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। अगली सुनवाई फरवरी में नियत की गई है। प्रकरण में सचिव व अतिरिक्त संचालक कृषि विभाग व कर्मचारी चयन मंडल को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ता तेंदूखेड़ा जिला दमोह निवासी सुरेंद्र यादव की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह, डा. प्रतीक्षा सिंह, रूप सिंह मरावी व पुष्पेन्द्र शाह ने पक्ष रखते हुये दलील दी कि। इस मामले में कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए हैं- मसलन, अनारक्षित का कट आफ 137.5 तो ओबीसी का कट आफ 140.75 कैसे हुआ। ओबीसी के प्रतिभावान अभ्यर्थियों का चयन अनारक्षित में क्यों नहीं किया गया। इनका जवाब सरकार से मांगा जवाब चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि भर्ती प्रक्रिया में खुले तौर पर आरक्षण नियम का उल्लंघन किया गया है। अनारक्षित पदों को भरने के पूर्व आरक्षित पदों की भर्ती सीधेतौर पर आरक्षण नियम के उल्लंघन की परिधि में आती है। इस तरह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा-2020 पूरी तरह कठघरे में रखे जाने योग्य है। याचिकाकर्ता सहित अन्य आरक्षण नियम के उल्लंघन से भर्ती से वंचित रह गए इसीलिए हाई कोर्ट चले आए।




## मजदूरी मांगने गई नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत रहने वाली एक 9 साल की मासूम बच्ची जब मजदूरी के पैसे लेने जब मोहल्ले के मुहं बोले मामा के घर गई तो कथित मामा ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कृत का प्रयास किया। पीड़िता ने घर आकर अपनी मां को यह बात बताई, पुलिस ने शिकायत दर्ज होने पर आरोपी के खिलाफ मामले की जांच शुरु कर दी है। फिलहाल आरोपी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्वारीघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली 9 साल की मासूम और उसकी मां कपड़ों में स्टोन लगाने का काम करती है। मोहल्ले के भाईजान मामा उन्हें यह काम देते थे, कपड़े देकर मजदूरी मांगने गई मासूम के साथ आरोपी जिसे वह मामू भाईजान बोलती थी, उसे वह दुष्कृत करने की कोशिश की। लड़की के चिल्लाने पर आरोपी ने उसे छोड़ दिया। घटना के वक्त घर में कोई नहीं था, लड़की ने अपने घर लौट कर मां को पूरा घटना क्रम बताया, तब मां के साथ जाकर लड़की ने एफआईआर कराई, पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जांच शुरु कर दी है।

# लाखेरी एवं अटरू स्टेशनों पर ज्यादा रुकेगी दयोदय एक्सप्रेस

### पमरे के विभिन्न स्टेशनों पर 32 ट्रेनों का हॉल्ट बढ़ाया

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पश्चिम मध्य रेल, कोटा मंडल के दरा, बयाना, श्यामपुरा, रामगंजमंडी, बून्दी, लाखेरी, मोड़क, केशोराय पाटन, कापरेन, चौमहला, भावनी मंडी, बारां, अटरू, तलावली एवं विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों पर कुल 32 रेलगाड़ियों के जनवरी/फरवरी 2024 में समाप्त हो रही प्रायोगिक हाल्ट की अवधि को आगामी जुलाई/अगस्त 2024 तक विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है।

### इन ट्रेनों के हॉल्ट बढ़े

गाड़ी संख्या 12465/12466 इंदौर-जोधपुर-इंदौर रणथम्भौर एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 19019/19020 बांद्रा टर्मिनल-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल का दरा, गाड़ी संख्या 12401/12402 देहरादून-कोटा-देहरादून एक्सप्रेस का बयाना, गाड़ी संख्या 19817/19818 रतलाम-आगरा फोर्ट/यमुना ब्रिज आगरा रतलाम का श्यामपुरा, गाड़ी संख्या 19037/19038 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी-बांद्रा टर्मिनल अवध एक्सप्रेस का रामगंज मंडी, गाड़ी संख्या 19607/19608 कोलकाता-मदार-कोलकाता एक्सप्रेस का बून्दी, गाड़ी संख्या 12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस का लाखेरी, गाड़ी संख्या 19019/19020 बांद्रा टर्मिनल-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल का मोड़क, गाड़ी संख्या 19019/19020 बांद्रा टर्मिनल-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल का केशोराय पाटन, गाड़ी संख्या 19019/19020 बांद्रा टर्मिनल-हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल का कापरेन, गाड़ी संख्या 20845/20846 बिलासपुर-बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस का चौमहला, गाड़ी संख्या 15635/15636 ओखा-गुवाहाटी-ओखा एक्सप्रेस का भवानी मंडी, गाड़ी संख्या 13423/13424 भागलपुर-अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस का बारां, गाड़ी संख्या 12181/12182 जबलपुर-अजमेर-जबलपुर दयोदय एक्सप्रेस का अटरू, गाड़ी संख्या 06615/06616 कोटा-नागदा-कोटा का तलावली, एवं गाड़ी संख्या 20813/20814 पुरी-जोधपुर-पुरी एक्सप्रेस का विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर ठहराव अवधि को बढ़ाया गया है।

## तैयारियां में जुटा पमरे प्रशासन

# रेलवे बोर्ड चेयरपर्सन का आगमन कल

**जबलपुर।** भारतीय रेलवे की चेयरपर्सन/सीईओ रेलवे बोर्ड जया वर्मा सिन्हा का कल 9 जनवरी को पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर आगमन हो रहा है, जिसको लेकर रेल प्रशासन ने जबर्दस्त तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक तरफ अधिकारियों की मीटिंग्स का दौर जारी है तो दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन, पमरे मुख्यालय व रेलवे कोचिंग काम्पलेक्स को चमकाने का काम तेजी से चल रहा है। जानकारी के अनुसार श्रीमती जया वर्मा 8 जनवरी को गाड़ी संख्या 22182 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर ट्रेन में बैठेंगी और 9 जनवरी की सुबह जबलपुर पहुंचेंगी, जहां पमरे मुख्यालय में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय सहित सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक करेंगी, जिसके बाद वे कोचिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण करेंगी. यहां के बाद वे पर्यटन स्थल भेड़ाघाट पहुंचेंगी वहां से लौटकर वे गाड़ी संख्या 12189 से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी.हाईप्रोफाईल दौरे के मद्देनजर पमरे में तैयारियां जारी हैं। रेलवे के जिन क्षेत्रों में वे जायेंगी, उसे जबर्दस्त चमकाया जा रहा है. रेलवे कोचिंग काम्पलेक्स का तो कायाकल्प किया जा रहा है. यहां की दीवारों में रंगाई पुताई की जा रही है।

# जबलपुर रेल मंडल में भूख हड़ताल आज

## ओपीएस की मांग को लेकर सेंट्रल रेलवे यूनियन का आव्हान

**जबलपुर।** पुरानी पेंशन बहाली (ओपीएस) की मांग को लेकर भारतीय रेलवे के हर मंडलों में (डब्ल्यूसीआरईयू) सेंट्रल रेलवे एम्पलाईज यूनियन द्वारा आज 8 जनवरी से 10 जनवरी तक हर मंडलों में धरना प्रदर्शन कर भूख हड़ताल का आव्हान किया है। बताया गया है कि आज पूरे भारतीय रेलवे के हर मंडलों में एआईआरएफ के आव्हान पर धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा। जिसके तहत वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबल्यूसीआरईयू) पश्चिम मध्य रेलवे के तत्वावधान में जबलपुर, कोटा व भोपाल मंडलों में भी लगातार दो दिनों तक भूख हड़ताल कर कर्मचारी ओपीएस बहाली की मांग को पुरजोर ढंग से उठायेंगे। इस संबंध में एआईआरएफ के असिस्टेंट जनरल सैक्रेट्री व डब्ल्यूसीआरईयू के महामंत्री काम. मुकेश गालव ने बताया कि ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम (जेएफआरओपीएस) व आल इंडिया रेलवे मैंस फेडरेशन के आव्हान पर रेलवे के साथ-साथ अन्य केंद्रीय व राज्य के सरकारी कार्यालयों में एनपीएस हटाने व ओपीएस बहाली की मांग को लेकर संघर्ष को तेज करने के लिए आज से तीन दिवसीय भूख हड़ताल शुरु हो रही है। जिसके तहत पमरे के कोटा, जबलपुर व भोपाल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों में डब्ल्यूसीआरईयू के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा भूख हड़ताल पर बैठेंगे।



### भविष्य को लेकर कर्मचारी चिंतित

कामरेड मुकेश गालव ने कहा कि एक जनवरी 2004 के बाद जो लोग सरकारी सेवा में शामिल हुए हैं, वो कर्मचारी नई पेंशन योजना (एनपीएस) का कड़ा विरोध कर रहे हैं. वे सेवानिवृत्ति के बाद अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि उन्हें पुरानी पेंशन योजना से वंचित कर दिया गया है और नई पेंशन योजना के लिए मजबूर किया गया है. श्री गालव ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना यानी ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) के तहत सरकार साल 2004 से पहले कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद एक निश्चित पेंशन देती थी. यह पेंशन कर्मचारी के रिटायरमेंट के समय उनके वेतन पर आधारित होती थी. इस स्कीम में रिटायर हुए कर्मचारी की मौत के बाद उनके परिजनों को भी पेंशन दी जाती थी. हालांकि, इस स्कीम को 1 अप्रैल 2004 में बंद करके इसे राष्ट्रीय पेंशन योजना से बदल दिया गया।

### जबलपुर लाइन कर्मचारियों की भूख हड़ताल कल से

डब्ल्यूसीआरईयू के मंडल अध्यक्ष कामरेड बीएन शुक्ला व मंडल सचिव कामरेड रोमेश मिश्रा ने बताया कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर में जबलपुर मेन शाखा के समस्त युवा साथी 8 जनवरी को प्रातः 09 बजे से शाम 06 बजे तक भूख हड़ताल में बैठेंगे अन्य शाखा सहयोगी रहेंगी, उसके बाद 09 जनवरी को जबलपुर लाइन शाखा के साथियों द्वारा भूख हड़ताल पर बैठेंगे, इस दौरान यूनियन की अन्य शाखा सहयोग करेंगी. 10 जनवरी को जबलपुर एम शाखा मोर्चा संभालेगी, अन्य शाखाएं सहयोगी रहेंगी अंतिम दिन मुख्यालय शाखा और जबलपुर महिला विंग भूख हड़ताल पर बैठेंगे, इस आंदोलन का नेतृत्व सिर्फ एनपीएस में आने वाले युवा साथी, महिला विंग करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240